Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09

देश

जब जसप्रीत बुमराह ने फेंकी बार-बार नो-बॉल, लाइव कमेंट्री में भड़क उठे सुनील गावस्कर

विजय थलापति के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे राहुल गांधी! टीवीके के समर्थन में उतरी कांग्रेस

कृष्ण पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • गुरूवार • 07 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 154 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 1,38,700	₹ 2,65,000



आज का इतिहास

1861 : भारत के प्रसिद्ध बांग्ला कवि रबींद्रनाथ टैगोर का कलकत्ता में जन्म हुआ। रबींद्रनाथ टैगोर एशिया के पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

2010 : चिली ओईसीडी का 31 वा सदस्य बना।

न्यूज बाइट्स

बिहार को मिला नया एयरपोर्ट का तोहफा

पटना (नि.सं.) । बिहार के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि रक्सौल हवाई अड्डा परियोजना के निर्माण को लेकर टेंडर जारी कर दिया गया है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि रक्सौल हवाई अड्डा परियोजना के तहत रनवे, एप्रन, टैक्सीवे और अन्य एयरसाइड इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी सेवाओं का टेंडर जारी किया गया है। सरकार का मानना है कि यह परियोजना बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी से जोड़ने की दिशा में अहम साबित होगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि रक्सौल एयरपोर्ट बनने से चंपारण क्षेत्र में हवाई यात्रा अधिक सुगम होगी। साथ ही व्यापार, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के संकल्प के साथ बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है।

बिहार कैबिनेट की बैठक में कुल 20 प्रस्तावों पर लगी मुहर

बियाडा की 1.85 एकड़ जमीन मुफ्त में देगी सरकार, निकाय चुनाव में ई वोटिंग

कई जिलों में बनेगी सेंट्रल यूनिवर्सिटी, सड़कों की एआई तकनीक से होगी निगरानी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में कैबिनेट विस्तार से एक दिन पहले पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 20 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है। बिहार में नगर निकाय चुनावों में अब ई वोटिंग हो सकेगी। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राज्य भर में 400 इलेक्ट्रॉनिक एसी बस चलाई जाएंगी। साथ ही बिहार एआई मिशन को भी सम्राट कैबिनेट से मंजूरी दी गई है। बिहार सरकार ने तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के प्रमुख सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार ने बिहार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए 'बिहार एआई मिशन' का गठन किया है। इसके तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से संचालित होगा। इससे प्रशासनिक कार्य, वित्तीय प्रबंधन, कृषि, समाज कल्याण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में डेटा आधारित निर्णय लेने में मदद मिलेगी और व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी।

वहीं पटना एयरपोर्ट के पास बियाडा की 1.85 एकड़ जमीन एयरपोर्ट अथॉरिटी को मुफ्त में दी जाएगी। उद्योग को बढ़ावा देने वाली योजना (2025 पैकेज) की समय सीमा बढ़ाकर 30 जून 2026 तक कर दी गई है। वहीं, गंगा नदी के किनारे बक्सर समेत कई इलाकों में कटाव रोकने के लिए कार्य किए जाएंगे। इन परियोजनाओं पर अलग-अलग मदों में करीब 50 से 60 करोड़ रुपये तक खर्च होने का अनुमान है। सीतामढ़ी के मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर अब 'माता सीता मेडिकल कॉलेज' किया जाएगा। वहीं सम्राट सरकार की ओर से बिहार के कई जिलों में सेंट्रल यूनिवर्सिटी खोलने का फैसला लिया गया है।

वहीं, बिहार की 19,300 किमी सड़कों के रखरखाव के लिए करीब 15,967 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सड़कों की निगरानी के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल भी किया जाएगा।

पहली बार लागू होगी ई-वोटिंग व्यवस्था

नगरपालिका चुनाव 2026 में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और बाहर रहने वाले मतदाताओं को सुविधा देने के लिए पहली बार इलेक्ट्रॉनिक मतदान (ई-वोटिंग) की व्यवस्था लागू की जाएगी। इस योजना पर लगभग 31.45 लाख रुपये खर्च होंगे और इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी एक केंद्रीय तकनीकी संस्था को दी गई है। इससे मतदान प्रक्रिया अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनेगी।

सरकारी कर्मचारियों को लोन और एआई ट्रेनिंग की सुविधा

राज्य सरकार ने अपने सरकारी सेवकों, पेंशनभोगियों और अधिकारियों के लिए एक बड़ा फैसला लेते हुए अब उन्हें बैंक और वित्तीय संस्थानों से ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्णय को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही, तकनीक के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों और राज्य सरकार के पदाधिकारियों व कर्मचारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में प्रशिक्षित करने की योजना को भी हरी झंडी दी गई है।

स्टेट हाई-वे पर भी देना होगा टोल टैक्स

बिहार में अब राज्य उच्च पथों, महत्वपूर्ण पुलों और अन्य प्रमुख सड़कों पर सड़क उपयोगकर्ता शुल्क (टोल टैक्स) वसूला जाएगा। इसके लिए बिहार सड़क उपयोगकर्ता शुल्क (दर निर्धारण एवं संग्रह) नियम, 2026 का गठन किया जा रहा है, जिसे अगले एक महीने में स्वीकृति मिलने की संभावना है।

सड़क हादसा : ट्रक ने 10 ऑर्केस्ट्रा कलाकारों को रौंदा, चार की मौत, छह गंभीर रूप से घायल

तीन डांसर्स के शव क्षत-विक्षत, सड़क पर बिखरे मांस के टुकड़े

निज संवाददाता | छपरा

सारण जिले में बुधवार की सुबह एक बेहद भयावह सड़क हादसे में ऑर्केस्ट्रा टीम के 4 कलाकारों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि तीन डांसर्स के शव क्षत-विक्षत हो गए और उनके सिर धड़ से अलग हो गए। घटनास्थल पर खून और मांस के टुकड़े बिखरे पड़े थे, जिससे पूरा इलाका दहल उठा।

घटना एनएच-19 हाजीपुर-गाजीपुर रोड पर पीएन सिंह कॉलेज के पास हुई। बताया जा रहा है कि ऑर्केस्ट्रा टीम एक शादी समारोह में प्रस्तुति देने के बाद पिकअप वाहन से लौट रही थी। इसी दौरान स्पीड ब्रेकर पर तेज झटका लगने से पिकअप के पिछले हिस्से में बैठे कलाकार सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। मृतकों की पहचान राहुल, अवधेश, प्रीति और सोनी के रूप में हुई है। इनमें तीन डांसर्स भी शामिल हैं।

सड़क पर बिखरे पड़े थे कपड़े, जूते और खाने का सामान

हादसे के बाद घटनास्थल का दृश्य बेहद भयावह था। सड़क पर खून, मांस के टुकड़े, फटे कपड़े, जूते-चप्पल और खाने-पीने का सामान बिखरा पड़ा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई अधिक होने के कारण पिकअप का पिछला हिस्सा असंतुलित हो गया, जिससे लोग नीचे गिर पड़े। लोगों ने ट्रक चालक की लापरवाही पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि टक्कर के बाद चालक वाहन रोक सकता था, लेकिन वह लोगों को कुचलते हुए भाग निकला।

मामले में राम पुकार सिंह ने बताया कि सभी पीड़ित ऑर्केस्ट्रा कलाकार थे और कार्यक्रम में शामिल होने छपरा आए थे। लौटने के दौरान यह हादसा हुआ, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर करने की प्रक्रिया चल रही है।

शादी समारोह से लौट रही थी टीम

घायलों ने बताया कि वे मुस्कान ऑर्केस्ट्रा नामक टीम के सदस्य हैं, जो उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नरही क्षेत्र में संचालित होती है। सभी कलाकार छपरा के भगवान बाजार इलाके में आयोजित एक शादी समारोह में प्रस्तुति देकर लौट रहे थे। घायलों के अनुसार, पिकअप वाहन में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें 5 डांसर्स थीं। सुबह के समय स्पीड ब्रेकर पार करते वक्त अचानक जोरदार झटका लगा और पीछे बैठे कलाकार सड़क पर गिर गए। इससे पहले कि कोई संभल पाता, पीछे से आ रहे ट्रक ने सभी को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा कुछ ही सेकंड में हो गया। सड़क पर चीख-पुकार मच गई। कई लोग दर्द से तड़प रहे थे, जबकि ट्रक चालक कुचलते हुए मौके से फरार हो गया।

बीपीएससी 72वीं संयुक्त परीक्षा में बड़ा बदलाव, अब 1186 पदों पर होगी भर्ती

निज संवाददाता | पटना

बीपीएससी ने 72वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 2026 के विज्ञापन में बड़ा संशोधन किया है। आयोग ने बुधवार को आधिकारिक शुद्धिपत्र जारी करते हुए कुल रिक्त पदों की संख्या में बदलाव की जानकारी दी। पहले जारी विज्ञापन में 1230 पदों पर भर्ती की घोषणा की गई थी, लेकिन अब संशोधित विज्ञापन के अनुसार यह भर्ती 1186 पदों के लिए आयोजित की जाएगी। आयोग के इस फैसले के बाद अभ्यर्थियों के बीच नई चर्चा शुरू हो गई है। बीपीएससी ने स्पष्ट किया है कि आगे की पूरी भर्ती प्रक्रिया संशोधित विज्ञापन के आधार पर ही संचालित की जाएगी। अभ्यर्थियों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी नई सूचना ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी गई है।

संशोधित विज्ञापन में गन्ना उद्योग विभाग के 44 पदों को हटाया गया है। ये पद ईख पदाधिकारी के रूप में शामिल थे। आयोग ने बताया कि "बिहार ईख विकास नियमावली 2025" लागू होने के कारण इन पदों की शैक्षणिक योग्यता और परीक्षा संरचना सामान्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से अलग है। इसी वजह से इन्हें 72वीं संयुक्त परीक्षा से बाहर कर दिया गया है। बीपीएससी के अनुसार यह निर्णय तकनीकी आधार पर लिया गया है ताकि भर्ती प्रक्रिया को नियमावली के अनुरूप संचालित किया जा सके। आयोग ने कहा कि अलग चयन प्रक्रिया होने के कारण ईख पदाधिकारी के पद संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल नहीं किए जा सकते। आयोग ने अभ्यर्थियों से कहा है कि वे नई संशोधित जानकारी के अनुसार अपनी तैयारी और आवेदन प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। बीपीएससी ने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदन से लेकर परीक्षा तक की सभी आगामी प्रक्रियाएं अब संशोधित पद संख्या के आधार पर ही पूरी की जाएंगी। गौरतलब है कि बीपीएससी 72वीं संयुक्त परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में काफी उत्साह है और बड़ी संख्या में उम्मीदवार आवेदन की तैयारी कर रहे हैं।

निशांत कुमार बन सकते हैं मंत्री, मंत्रीमंडल का विस्तार आज

निज संवाददाता | पटना

बिहार की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार में निशांत कुमार के मंत्री बनने की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, जदयू नेताओं के साथ देर रात चली अहम बैठक के बाद निशांत कुमार मंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हो गए हैं। वे गुरुवार को गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इसी वजह से 7 मई को प्रस्तावित उनकी 'बिहार सद्भावना यात्रा' को फिलहाल रद्द कर दिया गया है। अब यह यात्रा 9 मई से दोबारा शुरू होगी, जिसका नया कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा।

बुधवार को 7 सर्कुलर रोड आवास स्थित नीतीश कुमार के सरकारी आवास पर जदयू नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, संजय झा और विजय चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

बैठक के बाद मंत्रियों की सूची पर अंतिम मुहर लगने की बात सामने आई। इसके बाद संजय झा, ललन सिंह और विजय चौधरी एक ही वाहन से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पहुंचे और संभावित मंत्रियों की सूची सौंपी। सूत्रों के मुताबिक, निशांत कुमार शुरुआत में सरकार में शामिल होने के पक्ष में नहीं थे। वे लंबे समय से सक्रिय राजनीति और सरकारी पदों से दूरी बनाए हुए थे। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और करीबी लोगों ने उन्हें समझाया कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति में उनका सरकार का हिस्सा बनना पार्टी और राज्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। बताया जा रहा है कि इसी बातचीत के बाद उन्होंने मंत्री बनने पर सहमति दी। इससे पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि यदि निशांत कुमार कैबिनेट में शामिल होते हैं तो उन्हें खुशी होगी।

जानकारी के अनुसार,आज गांधी मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में कुल 27 मंत्री शपथ ले सकते हैं। इनमें भाजपा से 12, जदयू से 11, लोजपा (रा.) से 2 तथा हम और रालोमो से 1-1 मंत्री शामिल हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि भविष्य की राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए 6 मंत्री पद फिलहाल खाली रखे जा सकते हैं। बिहार में मुख्यमंत्री समेत कुल 36 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

स्नातक पास छात्राओं को मिलेगा 50-50 हजार रुपये, 15 मई तक डेटा अपलोड करने का निर्देश

निज संवाददाता | पटना

बिहार की स्नातक पास छात्राओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य सरकार जल्द ही डेढ़ लाख से अधिक छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने जा रही है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों को दिसंबर 2025 तक स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं का डेटा पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार सभी विश्वविद्यालयों को 15 मई 2026 तक छात्राओं का विवरण पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। योजना के तहत मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना में स्नातक पास छात्राओं को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों और परीक्षा नियंत्रकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दिसंबर 2025 तक उत्तीर्ण सभी छात्राओं का परीक्षाफल संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जाए। साथ ही पहले छूटे हुए परीक्षाफल और सरकार से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों का डेटा भी पोर्टल पर जोड़ने को कहा गया है। जिन विश्वविद्यालयों को यह निर्देश जारी किया गया है उनमें बीएन मंडल विश्वविद्यालय, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय समेत कुल 17 विश्वविद्यालय शामिल हैं।

आईआरसीटीसी घोटाला मामले में फैसला टला, अब 22 मई को सुनवाई, कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

निज संवाददाता | पटना

आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन अदालत ने अपना फैसला टाल दिया। अब इस मामले में अगली सुनवाई और फैसला 22 मई को सुनाया जाएगा। अदालत पहले ही आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी कर चुकी है और फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई का रास्ता अदालत के फैसले पर निर्भर करेगा।

बताया जा रहा है कि लालू परिवार ने अक्टूबर 2025 में निचली अदालत द्वारा दिए गए उस आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप तय किए गए थे। वहीं, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अदालत में इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि जांच एजेंसी के पास मामले से जुड़े पर्याप्त और ठोस सबूत मौजूद हैं। सीबीआई के अनुसार, जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य मिले हैं, जो आरोपों को मजबूत करते हैं। यह मामला उस समय का है जब लालू प्रसाद यादव केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे।

कोर्ट की सख्त टिप्पणी

राउज एवेन्यू कोर्ट ने 13 अक्टूबर 2025 को दिए अपने आदेश में कहा था कि कथित टेंडर घोटाले की साजिश लालू प्रसाद यादव की जानकारी में रची गई थी। अदालत के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया में उनका हस्तक्षेप था और इससे उनके परिवार को आर्थिक लाभ पहुंचा। इसी आधार पर अदालत ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने का फैसला लिया था।

मौसम विभाग ने इसे देखते हुए कई जिलों के लिए येलो अलर्ट किया जारी

नौ मई तक कई जिलों में बारिश, आंधी और तेज हवा की चेतावनी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पटना केंद्र ने 7 मई से 9 मई तक राज्य के कई जिलों में बारिश, गरज-चमक, आंधी और तेज हवा चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही वज्रपात और हल्की से मध्यम बारिश होने की भी संभावना है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और खुले स्थानों से बचने की अपील की है। 7 मई को उत्तर और पूर्वी बिहार के कई जिलों में मौसम का असर अधिक देखने को मिलेगा। 8 मई को मौसम का असर मुख्य रूप से पूर्वी बिहार में बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम बिहार के कुछ जिलों में राहत मिल सकती है, लेकिन मिथिलांचल और सीमांचल के कई हिस्सों में बारिश और तेज हवा का खतरा बना रहेगा। वहीं दक्षिण और मध्य बिहार में मौसम सामान्य रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि 9 मई को एक बार फिर पूरे बिहार में मौसम खराब हो सकता है। राज्य के लगभग सभी जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। पटना, औरंगाबाद, गया, रोहतास, कैमूर, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, भागलपुर समेत लगभग पूरे राज्य में गरज-चमक, बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि खराब मौसम के दौरान पेड़ के नीचे खड़े होने से बचें, बिजली चमकने के समय खुले मैदान में न रहें और आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) | MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 | Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

संक्षिप्त समाचार

जनगणना कार्य में आई तेजी

नारदीगंज (नवादा)। भारत की जनगणना 2027 बीते दो मई 2026 से शुरु हो गई है। यह जनगणना आगामी 31 मई 2026 तक चलेगी। यह प्रथम चरण का जनगणना कार्य हो रहा है। प्रगणक के माध्यम से एक घर छूटे नहीं, और दोहरी प्रविष्ट नहीं हो, इसका ख्याल रखते हुए मकान का सूचीकरण हो रहा है। पर्यवेक्षक के देखरेख में कार्य सम्पादित हो रहा है। नारदीगंज पंचायत के दो,तीन और 11 वार्ड में प्रगणक संजय भान, राजू कुमार,निगम कुमार के माध्यम से मकान सूचीकरण हो रहा है। बुधवार को नारदीगंज पंचायत के वार्ड 11 में सभी प्रगणक पहुंचे। प्रगणक संजय भान समेत अन्य प्रगणक ने कहा दो मई 2026 से मकान सूचीकरण का गणना कर रहे हैं। एचएलवी 107,101,102 हुआ है। नजरि नक्शा बना लिया गया है। अब मकान का सूचीकरण और नम्बर अंकित किया जा रहा है। सभी गृहस्वामी के घर घर पहुंच कर 33 प्रश्नों को पूछकर डिजिटल किया जा रहा है। गृहस्वामी के माध्यम से सहयोग मिल रहा है। आगामी 31 मई को लक्ष्य पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सहयोग शिविर आयोजन को लेकर बीडीओ ने किया समीक्षा बैठक

नारदीगंज (नवादा)। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने की। इस बैठक में सहयोग शिविर में मामले को निष्पादित करने के लिए सभी अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा सहयोग शिविर आगामी 19 मई को कहुआरा में आयोजित होगी। सभी पंचायत में कार्यपालक सहायक रहेंगे,और लाभुकों से आवेदन पत्र लेना है। पेंशन के अलावा,भूमि विवाद, राशन, कृषि समेत अन्य मामले को विभागीय अधिकारियों को अग्रसारित करेंगे,उसके बाद आगामी 19 मई को आयोजित शिविर में सभी मामलों निष्पादित हो जाना है। मौके पर सीओ रईस आलम,बीएओ विवेक कुमार गौरव,पीओ राजीव कुमार समेत अन्य रहे।

कुर्की के एक आरोपी गिरफ्तार

नरहट (नवादा)। थाना क्षेत्र के दायबिगहा गांव से एक फरार कुर्की आरोपी को नरहट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि दायबिगहा गांव से कांड के फरार कुर्की आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि एक दिन बाद आरोपी के घर कुर्की होना था। आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया जाएगा।

नदी के कटाव से बभनौर पंचायत भवन को खतरा, साइड वॉल निर्माण की मांग

नरहट (नवादा)। नवादा जिले के नरहट प्रखंड अंतर्गत बभनौर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर नदी कटाव का खतरा मंडरा रहा है। इस संबंध में मुखिया रिंकू कुमारी ने बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार को आवेदन देकर तत्काल सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। पत्र के अनुसार, पंचायत सरकार भवन के समीप से बहने वाली धनार्जय नदी में लगातार कटाव हो रहा है, जिससे भवन की नींव कमजोर पड़ने का खतरा बढ़ गया है। जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया गया था। मुखिया ने बताया कि यदि जल्द ही नदी किनारे सुरक्षा दीवार (साइड वॉल) का निर्माण नहीं कराया गया, तो आगामी बरसात के दिनों में नदी के तेज बहाव से पंचायत भवन को भारी नुकसान हो सकता है। मुखिया ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करते हुए साइड वॉल निर्माण कराने की अपील की है।

हजारों लीटर नशीली कफ सिरप पर चला प्रशासन का बुलडोजर

नशीली दवा विनष्टीकरण के मौके पर सीओ व उत्पाद निरीक्षक

रजौली। बिहार में शराबबंदी और मादक पदार्थों के विरुद्ध जारी शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाओं का विनष्टीकरण किया गया। प्रशासनिक चौकसी और कानून की सख्ती का प्रदर्शन करते हुए अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी एवं उत्पाद निरीक्षक अमृत कुमार गुप्ता की प्रत्यक्ष निगरानी में इस पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विभिन्न छापेमारी अभियानों के दौरान जब्त की गई कोडीन युक्त कफ सिरप की खेप को विधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है।इस विनष्टीकरण अभियान के आंकड़ों पर गौर करें तो सहायक अवर निरीक्षक मद्यनिषेध के न्यूटन कुमार द्वारा दर्ज प्राथमिकी संख्या 07/26 के अंतर्गत 1399.200 लीटर और सहायक अवर निरीक्षक पुरुषोत्तम लाल द्वारा दर्ज प्राथमिकी संख्या 08/26 के तहत जब्त 1679.000 लीटर नशीली सिरप को नष्ट किया गया। कुल मिलाकर 3078.20 लीटर कोडीन युक्त कफ सिरप को जमीनदोज कर दिया गया, जो स्वास्थ्य और समाज के लिए एक बड़ा खतरा बनी हुई थी।मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और पूरी पारदर्शिता के साथ इस प्रतिबंधित सामग्री को नष्ट कर प्रशासन ने अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई यह कार्रवाई नशा मुक्त समाज की दिशा में विभाग की सक्रियता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

रजरप्पा से आ रही एक कार हाइवा में जा टकराई सड़क दुर्घटना में दो की मौत, चार की स्थिति गंभीर

♦ सुनसान पड़े अस्पताल में कर्मियों ने नहीं की मदद, चिकित्सक की लापरवाही से दो घायलों की गई जान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

रजौली। रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर बीते मंगलवार की देर रात्रि लगभग 12 बजे करिगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप भयंकर सड़क दुर्घटना हुई। रजरप्पा से आ रही एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर हाइवा से जा टकराई। इस सड़क दुर्घटना में कार में सवार रहे 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एनएचआई के एंबुलेंस एवं सर्विलांस वाहन से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी द्वारा काफी देरी के बाद घायलों का प्राथमिक इलाज किया गया। इस दौरान दो घायलों की मौत इलाज के अभाव में हो गई। अस्पताल परिसर में घायल नालंदा जिले के वेना थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरनामा गांव निवासी मोहित कुमार ने बताया कि वे रजरप्पा से पूजा करके वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान टोल प्लाजा के समीप सड़क दुर्घटना हुई है। अस्पताल पहुंचे घायलों में अन्य लोगों की पहचान वेना थाना क्षेत्र के वीरनामा गांव निवासी नीतीश कुमार,सूरज कुमार,अखिलेश कुमार,लालचंद कुमार व लालटुन यादव के रूप में हुई है।

अस्पताल कर्मियों द्वारा बरती गई लापरवाही से गई जान : एनएचआई कर्मी नीतीश कुमार ने कहा कि जब वे मरीजों को लेकर अस्पताल पहुंचे,तो अस्पताल में सन्नाटा पसरा हुआ था। चिकित्सक व जीएनएम अपने-अपने कमरे में सोए थे,जिन्हें जगाने का काफी प्रयास किया गया। अस्पताल परिसर में मरीज घंटों लावारिस स्थिति में दर्द से कराहते रहे। वहीं नींद से जागने के बाद चिकित्सक ने बिना हाथ लगाए दो घायलों को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नालंदा जिले के दोसुत थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरनावां बाजार निवासी अरविंद यादव के 26 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। वहीं सड़क दुर्घटना में दूसरे मृतक की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। एनएचएआई कर्मी ने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल की इस प्रकार की लापरवाही पहली बार नहीं,बल्कि तीसरी बार देखने को मिल रही है। एनएचएआई कर्मी द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाता है,ताकि उनकी जिंदगी को बचाया जा सके,किंतु चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लापरवाही बरतने से उनकी जान चली जाती है। मिली जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का इलाज पटना के विभिन्न निजी अस्पतालों में किया जा रहा है।

एम्बुलेंस से मरीजों को भेजती पुलिस

व्याप्त कुव्यवस्था को देख भड़के प्रमुख प्रतिनिधि : घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे रजौली प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र कुमार उर्फ बब्लू यादव ने बताया कि अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार के साथ पदस्थापित चिकित्सकगण एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी अपने कर्तव्यों से मुंह फेर लिए हैं। सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल मरीजों को आक्सीजन तक मुहैया नहीं कराया गया। अस्पताल में एंबुलेंस तक की व्यवस्था नहीं थी,जिसके कारण भी रेफरल मरीज को पावापुरी अस्पताल में सही समय पर शिफ्ट नहीं किया जा सका। प्रमुख प्रतिनिधि ने आरोप लगाते हुए कहा कि घायलों की मौत दुर्घटना से नहीं,बल्कि चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने हत्या की है।

जांच में जुटी पुलिस : सड़क दुर्घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार,अपर थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार,एसआई सचिन कुमार व एएसआई सहदेव प्रसाद के अलावे दर्जनों पुलिस बल अस्पताल पहुंचे एवं घायलों को पावापुरी अस्पताल में भेजने के लिए काफी मशक्कत की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार की देर रात्रि को बाहर से एंबुलेंस मंगवाकर पावापुरी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

क्या कहते हैं सिविल सर्जन : इस संबंध में सिविल सर्जन नवादा डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

रजौली पुलिस की कार्यशैली से बिफरे परिजन, आरोपियों की गिरफ्तारी के मांग के लिए थाने पहुंचे परिजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

रजौली। रजौली प्रखंड अंतर्गत डुमरकोल गांव में बीते 3 अप्रैल को हुई विवाहिता खुशबू कुमारी की संदिग्ध मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है, जहां न्याय की आस में भटक रहे परिजनों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया और उन्होंने रजौली थाने पहुंचकर पुलिसिया सुस्ती के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। गया जिले के टनकुपा थाना क्षेत्र से पहुंचीं मृतका की मां सरिता देवी और भाई साहिल कुमार समेत भारी संख्या में परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर आरोपियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने के समक्ष प्रदर्शन किया, जिससे घंटों अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। परिजनों का सबसे संगीन आरोप मृतका के भाई साहिल कुमार ने लगाया, जिनका कहना है कि पुलिस ने इस संवेदनशील मामले में एक नामजद आरोपी को हिरासत में लेने के बाद रहस्यमयी ढंग से छोड़ दिया, जिसने खाकी की निष्पक्षता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपियों का पुलिस की गिरफ्त से बाहर होना परिजनों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा काम कर रहा है, जिससे आहत होकर पीड़ित परिवार ने चेतावनी दी है कि जब तक सभी दोषियों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा जाता, तब तक उनका आंदोलन और न्याय की यह लड़ाई अनवरत जारी रहेगी।

थाने के समीप गिरफ्तारी के लिए मांग करते परिजन

हालांकि इस पूरे घटनाक्रम और पुलिस पर लग रहे गंभीर आरोपों के संबंध में जब थानाध्यक्ष रणजीत कुमार का पक्ष जानने के लिए उनसे दूरभाष पर संपर्क साधने की कोशिश की गई, तो उनके नंबर पर किसी अन्य सहयोगी ने फोन उठा कर कहा सर बाइक चला रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों के बीच भी पुलिस की भूमिका को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं और असंतोष व्याप्त है। फिलहाल पूरे इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और आम जनता भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की पुरजोर मांग कर रही है।

आवारा कुत्तों ने 50 भेड़ों को दिया मौत,13 घायल

पशुपालक को लाखों का नुकसान, प्रशासन से सहायता का किया मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा। नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड में आवारा कुत्तों के हमले से एक पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। थाना क्षेत्र के बीजूबीघा गांव में देर रात कुत्तों के झुंड ने भेड़ों के बाड़े पर हमला कर दिया। जिसमें करीब 50 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि 13 भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल भेड़ों का इलाज कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मनु पाल लगभग 85 भेड़ों का पालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने अपनी भेड़ों को घर के पास बने अहाते में बांध रखा था। मंगलवार की रात अचानक आए तेज आंधी-पानी के कारण बाड़े का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे आवारा कुत्तों का झुंड अंदर घुस गया और भेड़ों पर हमला कर दिया।

हमले में कई भेड़ों के पेट फट गए, कुछ के कान और शरीर के अन्य हिस्से बुरी तरह जख्मी हो गए। कई भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ ने बाद में दम तोड़ दिया। पीड़ित पशुपालक मनु पाल ने बताया कि एक भेड़ की कीमत 9 से 10 हजार रुपये तक होती है और इन्हीं के सहारे उनका परिवार चलता है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की शादी तय थी और भेड़ों को बेचकर ही शादी का खर्च जुटाने की तैयारी थी। इस घटना से उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

मनु पाल की पत्नी ने भावुक होकर बताया कि "हम लोग भेड़ों को बेचकर बेटी की शादी करने वाले थे, लेकिन एक ही रात में सब कुछ खत्म हो गया।" घटना के दौरान भेड़ों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। सुबह जब बड़ी संख्या में मृत भेड़ें मिलीं तो पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया। घटना की सूचना मिलने पर मेसकौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पशु चिकित्सक भी मौके पर पहुंचे और जांच के लिए नमूने लिए गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ग्रामीणों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की अपील की है।

जिलाधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण गृह एवं वृहद आश्रय गृह का औचक निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने पर्यवेक्षण गृह, नवादा एवं वृहद आश्रय गृह, नवादा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने रसोईघर का निरीक्षण करते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण मानकों का विशेष रूप से अवलोकन किया तथा निर्देश दिया कि बच्चों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए।

जिलाधिकारी ने परिसर की साफ-सफाई, शौचालयों की स्थिति एवं जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मियों को नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया।

स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लाभार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी एवं संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह में उपस्थित बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी दिनचर्या, रहन-सहन एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बच्चों द्वारा साझा किए गए अनुभवों को उन्होंने गंभीरता से सुना तथा आवश्यक सुधार के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने यह भी अवलोकन किया कि बच्चों को संगीत की शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।इसी क्रम में वहां रह रहे बच्चों द्वारा जिलाधिकारी को उनके द्वारा निर्मित चित्रकला (पेंटिंग) भी प्रदर्शित की गई, जिसकी उन्होंने सराहना की तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने निगरानी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी कैमरे सतत क्रियाशील अवस्था में रहें तथा सुरक्षा की दृष्टि से नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर दिव्यांगजन कोषांग के पदाधिकारी श्री रितेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

वारिसलीगंज में जदयू जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत नीतीश सरकार के विकास कार्यों पर दिया जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

वारिसलीगंज (नवादा): जनता दल (यू) के नवादा जिलाध्यक्ष राजकिशोर दांगी के वारिसलीगंज प्रखंड जदयू कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनका वारिसलीगंज आगमन एक निजी कार्यक्रम के तहत हुआ था, जहां वे एक कार्यकर्ता के यहां श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। लेकिन कार्यकर्ताओं के आग्रह पर उन्होंने पार्टी कार्यालय पहुंचकर संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि जदयू आज बिहार में मजबूत संगठन के रूप में खड़ा है, जिसका श्रेय प्रदेश के विकास पुरुष Nitish Kumar को जाता है। उनके नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और कानून व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पहले जहां बिहार बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा था, वहीं आज गांव-गांव तक पक्की सड़क, हर घर नल का जल, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई गई योजनाएं जैसे साइकिल योजना, पोशाक योजना और आरक्षण ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उनके बल पर ही जदयू आगे बढ़ रही है।

♦ कहा, इनके नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और कानून व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने Nishant Kumar द्वारा चलाई जा रही 'सद्भाव यात्रा' की भी चर्चा की और इसे समाज में भाईचारा और एकता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने पश्चिम बंगाल में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश की जनता का प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास और सुशासन पर विश्वास का प्रतीक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जदयू के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

परिवहन विभाग से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु 09 मई को परिवहन कार्यालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय ने बताया की कि परिवहन विभाग से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु दिनांक 09.05.2026 को जिला परिवहन कार्यालय, नवादा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जिला परिवहन कार्यालय, नवादा में बैठक आयोजित की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि "एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना, 2026" के तहत 90 दिनों से अधिक अवधि से लंबित चालानों का निष्पादन लोक अदालत में किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत दिनांक 31.03.2026 तक के 90 दिनों से अधिक लंबित यातायात ई-चालानों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत बिना हेलमेट वाहन चलाना, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना, बिना बीमा वाहन चलाना, ओवरस्पीडिंग, गलत पार्किंग सहित अन्य कई यातायात उल्लंघनों से संबंधित लंबित ई-चालानों का 50 प्रतिशत राशि जमा कर निपटान किया जा सकेगा।

कुछ प्रमुख मामलों में देय राशि निम्न प्रकार है :-

बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट
ई-चालान राशि : 1000 रुपये
देय राशि : 500 रुपये
ट्रिपल राइड
ई-चालान राशि : 1000 रुपये
देय राशि : 500 रुपये
बिना ड्राइविंग लाइसेंस
ई-चालान राशि : 5000 रुपये
देय राशि : 2500 रुपये
बिना बीमा वाहन
ई-चालान राशि : 2000 रुपये
देय राशि : 1000 रुपये

जिला परिवहन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोक अदालत में किसी भी चालान का आंशिक निपटान नहीं किया जाएगा। चालान में जिन-जिन धाराओं के तहत शमन राशि अधिरोपित की गई है, उनका पूर्णतः समेकित रूप से निपटान किया जाएगा। साथ ही, यदि कोई परिवादी एक से अधिक चालानों के एकमुश्त निपटान हेतु लोक अदालत में उपस्थित होते हैं, तो प्रत्येक चालान के लिए अलग-अलग "लोक अदालत का अधिनिर्णय" संधारित किया जाएगा तथा प्रत्येक चालान को अलग वाद के रूप में चिन्हित किया जाएगा।

परिवादी लोक अदालत में ई-चालान मामलों के निपटान के उपरांत देय राशि नगद रूप में जमा कर सकेंगे। साथ ही, सभी परिवादी जमा की गई राशि की प्राप्ति रसीद अवश्य प्राप्त करेंगे तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के अधिनिर्णय की प्रति पर अपना हस्ताक्षर करेंगे।

उन्होंने बताया कि यदि कोई परिवादी त्रुटिपूर्ण चालान में संशोधन अथवा निरस्तीकरण के लिए लोक अदालत में आते हैं, तो उन्हें सूचित किया जाएगा कि लोक अदालत में केवल 90 दिनों अथवा उससे अधिक समय से लंबित चालानों का ही निपटान किया जाएगा। त्रुटिपूर्ण चालान में संशोधन अथवा निरस्तीकरण हेतु परिवादी किसी अन्य कार्यदिवस में जिला परिवहन कार्यालय, नवादा में आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

नीट परीक्षा में गड़बड़ी मामले में 4 और गिरफ्तार, सगरना समेत अब तक 7 अरेस्ट

नालंदा। नालंदा पुलिस ने NEET परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के मुख्य सरगना की निशानदेही पर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में छापेमारी की और 4 शातिरों शातिरों को गिरफ्तार किया। इससे पहले सरगना समेत 3 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। ये पूरी कार्रवाई 2 और 3 मई की दरमियानी रात को शुरू हुई। पावापुरी थाना पुलिस जब पावापुरी चौक पर वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी दो लग्जरी गाड़ियों (Scorpio-N और Brezza) को रोका गया। इन गाड़ियों में सवार गिरोह के 3 मुख्य सरगनाओं को दबोचा गया। तलाशी के दौरान इनके पास से महत्वपूर्ण साक्ष्य और मोबाइल फोन बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों में विम्स (VIMS) मेडिकल कॉलेज का MBBS छात्र अवधेश कुमार शामिल है। उसके मोबाइल की जांच करने पर पुलिस को परीक्षा में धांधली से जुड़े कई पुख्ता सबूत मिले। अवधेश और उसके साथियों की निशानदेही पर औरंगाबाद, जमुई और मुजफ्फरपुर में छापेमारी की गई, जहां से चार और आरोपी हर्षराज, मनोज कुमार, गौरव कुमार और सुभाष कुमार को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे असली अभ्यर्थियों की जगह 'स्कॉलर' बैठाने की फिराक में थे। पुलिस ने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी से परीक्षा पास कराने के लिए 50 से 60 लाख रुपये की डील हुई थी। गिरोह ने एडवांस के तौर पर 1.5 से 2 लाख रुपये पहले ही वसूल लिए थे। गिरोह का नेटवर्क बिहार के कई जिलों में फैला हुआ था। पावापुरी और गिरियक थाना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पकड़े गए सभी आरोपियों को 5 मई को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पौआखाली सरकारी अस्पताल की बदहाली पर भड़के विधायक, निरीक्षण में उजागर हुई गंभीर लापरवाही

किशनगंज। ठाकुरगंज प्रखंड के नगर पंचायत पौआखाली स्थित शहरी सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर सामने आई है। बुधवार को ठाकुरगंज विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल के औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई गंभीर खामियां पाई गईं, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि अस्पताल में पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। बाथरूम और शौचालय गंदगी से भरे पड़े हैं तथा साफ-सफाई का अभाव है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इमरजेंसी में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे रुई, बैंडेज आदि बिखरी हुई मिलीं। वार्ड में कई बेड पर चादर तक नहीं बिछी थी, जिससे अस्पताल की लचर व्यवस्था उजागर हुई। विधायक ने इस संबंध में सिविल सर्जन को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी अस्पताल की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा ही उपलब्ध नहीं है, तो इलाज की गुणवत्ता का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अब देखना है कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

ई रिक्शा से 129 लीटर विदेशी शराब बरामद कारोबारी की पहचान में जुटी पुलिस

पूर्वी चंपारण। जिले के संग्रामपुर थाना की पुलिस ने अरेराज हाजीपुर मुख्य पथ 74 के किनारे मंगलापुर से ई रिक्सा चार्जिंग सेंटर व गैरेज से ई-रिक्शा पर लदी 129 लीटर विदेशी शराब बरामद किया। थाना अध्यक्ष अनूप कुमार ने बताया कि शराब की खेप ई रिक्शा पर लादकर कहीं सप्लाई करने की तैयारी थी। गुप्त सूचना पर छापेमारी कर ई रिक्शा पर लदी शराब को बरामद कर लिया गया । ई रिक्शा और शराब को जप्त कर मामले की जांच की जा रही है ।वहीं शराब कारोबारी की पहचान कर प्राथमिक दर्ज कर करवाई की जायेगी।

जेपीयू में 913 करोड़ रुपए का बजट हुआ पास

सारण। जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के सीनेट हॉल में विश्वविद्यालय अधिषद की बैठक कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 9134276742 रुपये का प्रस्तावित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की शुरुआत करते हुए कुलपति प्रो बाजपेई ने सदन को विश्वविद्यालय की विगत एक वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने एकेडमिक सुधारों, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और छात्र हितों के लिए उठाए गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी। कुलपति के संबोधन का सीनेट सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया और विश्वविद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। वित्तीय परामर्शी इंद्र कुमार द्वारा प्रस्तुत इस बजट को कुल ग्यारह खंडों में विभाजित किया गया है। बजट के अनुसार कुल प्रस्तावित व्यय 9,13,42,76,742 रुपए, आंतरिक स्रोतों से अनुमानित आय 70,13,25,746 रुपए, राज्य सरकार से मांग 8,43,29,50,996 रुपए की मांग की गई है, बजट में शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन, पेंशन, आधारभूत संरचना और शोध कार्यों पर विशेष बल दिया गया है। बैठक में साइंस डीन प्रो केपी श्रीवास्तव ने शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एकेडमिक, परीक्षा, स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक कैलेंडर को सख्ती से लागू करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। इसके साथ ही, 5 मई 2026 को संपन्न हुई विद्वत परिषद और सिंडिकेट की बैठकों के प्रस्तावों को भी सदन ने अपनी मंजूरी दी। बैठक में विधान पार्षद प्रो वीरेंद्र नारायण यादव, आफाक आलम और छपरा विधि मंडल के अध्यक्ष रविरंजन प्रसाद सिंह ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए। कुलपति ने सभी बिंदुओं पर उत्तर दिए। कुलसचिव प्रो नारायण दास ने कार्यवृत्त को सदन के समक्ष रखा, जबकि डीएसडब्ल्यू प्रो राणा विक्रम सिंह और दूरस्थ शिक्षा निदेशक प्रो अजित कुमार तिवारी ने विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अंत में, महाविद्यालय निरीक्षक प्रो उदय अरविंद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

विधानसभा अध्यक्ष बोले- पटना में शपथ ग्रहण ऐतिहासिक होगा

500 गाड़ियों से गांधी मैदान जाएंगे कार्यकर्ता, पार्टी की ताकत दिखाने की अपील

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गया। गयाजी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूर्वी के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आज जिला अतिथि गृह में आयोजित की गई। इस बैठक में पटना के गांधी मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने की, जबकि महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी ने मंच संचालन किया। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार करना था। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाला शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई वरिष्ठ सदस्य और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और प्रमुख नेता शामिल होंगे।

प्रेम कुमार बोले- भागीदारी प्रभावशाली होनी चाहिए: डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पार्टी की ताकत और जनसमर्थन का परिचय दें। उन्होंने जोर दिया कि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ही किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम की सफलता का आधार होती है और गया की भागीदारी प्रभावशाली होनी चाहिए। गयाजी जिला पूर्वी संगठन की ओर से इस आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। गयाजी टाउन, बोधगया, अतरी, वजीरगंज और बेला विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को पटना ले जाने की योजना है। इसके लिए लगभग 500 छोटी-बड़ी गाड़ियों की व्यवस्था की गई है, जिनके माध्यम से कार्यकर्ता पटना पहुंचकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे और शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनेंगे। प्रेम कुमार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत लोकतंत्र की बहाली का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2026 का चुनाव परिणाम राज्य के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता की सराहना करते हुए कहा कि पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के कारण ही सत्ता परिवर्तन संभव हो सका। डॉ. कुमार ने आरोप लगाया कि पहले राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित थी, लेकिन इस बार जनता ने खुलकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रिकॉर्ड मतदान इस बात का प्रमाण है कि जनता बदलाव चाहती थी। "इस बार वे लोग भी मतदान करने निकले, जो पहले वंचित रह जाते थे। जनता ने प्रचंड बहुमत देकर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

उन्होंने इसे राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव बताते हुए विश्वास जताया कि अब पश्चिम बंगाल 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के तहत तेजी से आगे बढ़ेगा। इस दौरान संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में की जा रही तैयारियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुझाव भी दिए। बैठक में अनुशासन, समयबद्धता और समन्वय बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

नालंदा में आंगनवाड़ी पर्यवेक्षका सुषमा कुमारी रिश्वत लेते अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नालन्दा। नालन्दा में भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसमें निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने आज कार्रवाई की है। नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय से आंगनवाड़ी पर्यवेक्षका (एलएस) सुषमा कुमारी को 3,200 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक शशि शेखर चौधरी के नेतृत्व में आई सात सदस्यीय टीम की ओर से की गई। टीम ने पर्यवेक्षका को नगरनौसा परिसर स्थित उसी भवन से दबोचा। यहां वे रह रही थीं। इस टीम में पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल थे।

सेविका ने निगरानी विभाग से शिकायत की थी: घटना के संबंध में बताया जाता है कि नगरनौसा के कंचन भवन वन, केंद्र संख्या 28 (वार्ड नंबर 3) की सेविका बेबी कुमारी ने निगरानी विभाग से शिकायत की थी। आवेदिका के

◆ सेविका से पोषाहार पंजी के नाम पर मांगे थे रुपए, हर महीने 3200 की थी मांग

शिकायत के अनुसार, पोषाहार पंजी में हस्ताक्षर करने और सरकारी काम के निपटारा के बदले पर्यवेक्षका से अवैध राशि की मांग की जा रही थी। आरोपित महिला पर्यवेक्षका ने कुल 15,747 रुपयों की राशि का 20 प्रतिशत हिस्सा मांगा था और साथ ही प्रति महीने 3,200 रुपये के हिसाब से नजराने की मांग रखी थी।

रिश्वत की मांग से परेशान होकर सेविका ने निगरानी ब्यूरो का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया और जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथ दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी की टीम कागजी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को अपने साथ पटना ले गई है।

डीजे गाड़ी में दौड़ा करंट, युवती सहित 7 बच्चे झुलसे, शादी के फंक्शन के दौरान हादसा

11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आए सभी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गया। गयाजी में आज शादी समारोह में हादसा हुआ। डीजे गाड़ी में करंट दौड़ने से 7 बच्चे सहित एक युवती झुलस गई। इन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया है। दरअसल, गांव में बरगद के पेड़ की पूजा की रस्म चल रही थी। साथ ही डीजे बज रहा था। बच्चे और युवक गानों की धुन पर झूम रहे थे। महिलाएं मांगलिक गीत गा रही थीं। इसी बीच डीजे गाड़ी का ऊपरी हिस्सा 11 हजार वोल्ट बिजली तार की चपेट में आ गया। देखते ही देखते पूरे गाड़ी में करंट दौड़ गया। डीजे पर सवार बच्चे इसकी चपेट में आ गए। हादसे में सात बच्चे झुलस गए। मामला मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के नीमा गांव का है।

अवधेश कुमार की शादी समारोह के दौरान ये घटना हुई। परिजनों के मुताबिक, पेड़ की पूजा की रस्म पूरी होने के बाद डीजे घर से कुछ ही दूरी आगे बढ़ा था। तभी ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार से गाड़ी टच कर गया। अवधेश ने बताया कि तार को लेकर मैंने बहुत बार शिकायत भी की है। आंधी के कारण तार नीचे आ गया था। लेकिन, उसको नहीं हटाने के कारण हादसा हुआ है। बच्चे डीजे की धुन पर डांस कर रहे थे। तभी हादसा हुआ। मेरी भी बहन जख्मी हुई है।

ग्रामीणों ने बच्चों को बचाया: बच्चों को करंट लगने के बाद गांव वालों ने किसी तरह डीजे गाड़ी को आगे बढ़ाया, तब जाकर बच्चों को करंट की पकड़ से बाहर निकाला जा सका। घायलों में पीहू कुमारी (11), अनुराग कुमार (7), दृश्यम (7), काजल (6) समेत अन्य शामिल हैं। शांति देवी (22) भी गंभीर रूप से झुलस गई हैं। बताया गया कि उनकी पीठ और कमर का हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सात घायलों में से पांच का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। दो बच्चों को परिजन निजी नर्सिंग होम लेकर गए हैं। अस्पताल में भर्ती बच्चों की हालत पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं। हादसे के बाद डीजे का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि आंधी पानी मे बिजली का तार अक्सर झूल जाता है। बिजली विभाग को कई बार इस बात की शिकायत की। लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उस तार से गांव वालों को फायदा नहीं है। फिर भी गांव से तार नहीं हटाया जा रहा है।

शादी सीजन में सड़क हादसे में 28 मौतें, हर दिन 2 से अधिक लोगों ने गंवाई जान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



नालंदा। नालंदा में पिछले 12 दिनों में शादी के लग्न के दौरान सड़क हादसों में 28 लोगों की मौत हुई है। यानी औसतन हर दिन दो से अधिक लोगों की सड़क हादसों में जान गई है। इतने ही दिनों में 70 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। ये आंकड़े 20 अप्रैल से 2 मई के बीच जिले के अलग-अलग इलाकों में हुई सड़क हादसों की है। 12 दिनों में 28 मौतों में सबसे अधिक 15 युवा शामिल है। इसके बाद मृतकों में नाबालिग भी शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक, ज्यादातर हादसों के शिकार बाइक सवार हुए।

जल्दबाजी, तेज रफ्तार, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी हो सकती है कारण: पिछले 12 दिनों में हुए इन हादसों के पीछे की वजह जल्दबाजी, तेज रफ्तार, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी बताई जा रही है। जानकारों के मुताबिक, शादियों के सीजन में बारात जाने की जल्दी में युवा बिना हेलमेट और बिना सुरक्षा मानकों के बाइक को तेज रफ्तार में ले जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में हादसों की आशंका ज्यादा होती है। इसके अलावा, नशा और नींद भी हादसों के पीछे की वजह हो सकती है। हालांकि, बिहार में शराबबंदी है, इसके बावजूद कई बार शादियों में शराब पीने की खबरें आती रही है। वहीं, लग्न के सीजन में भारी मांग के कारण किराए पर चलने वाले कमर्शियल वाहनों के ड्राइवर भी अपनी नींद पूरी नहीं कर पा रहे हैं। रात-रात भर जागकर गाड़ी चलाने के कारण ड्राइवरों को झपकी आ जाती है और पलक झपकते ही गाड़ियां हादसे की शिकार हो जाती है।

29 अप्रैल को नूरसराय में दूल्हे के पिता की हुई थी मौत: 20 अप्रैल को नगरनौसा के मोहिद्दीनपुर में शादी समारोह में नाचते समय गिरे युवक को एक वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसी तरह 26 अप्रैल को नालंदा-नवादा के बॉर्डर पर शादी में जा रही एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसके अलावा, नूरसराय थाना क्षेत्र के चरुईपर गांव में समधी मिलन से पहले हुए हादसे में दूल्हे के पिता की मौत हो गई थी।

गयाजी में ट्रैफिक चालान से मिलेगी मुक्ति, 9 मई को होगा निपटारा, जागरूकता रथ रवाना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गयाजी। गयाजी में ट्रैफिक चालान के लंबित मामलों से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। आने वाले 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसे लेकर गया व्यवहार न्यायालय में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आज बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय गयाजी से ट्रैफिक चालान जागरूकता प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

समाधान के प्रति जागरूक करना मकसद: प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया प्रदीप कुमार मलिक, जिला पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शशांक शुभंकर और अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रचार वाहन को रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए लंबित चालान मामलों के सरल समाधान के प्रति जागरूक करना है। यह पूरी प्रक्रिया पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू की खंडपीठ की ओर से सिविल रिट वाद संख्या 20071/2025 में दिए गए आदेश के आलोक में संचालित की जा रही है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार मलिक ने कहा कि लोक अदालत में चालान मामलों के व्यवस्थित निष्पादन के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है।

जिला दंडाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि 90 दिनों से अधिक पुराने और हालिया चालानों को अलग-अलग वर्गीकृत किया जाएगा। इससे मामलों के निपटारे में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरबिंद कुमार दास ने बताया कि पुराने चालानों के डिजिटल और भौतिक रिकॉर्ड समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

ऑनलाइन सिस्टम में चालान की सही स्थिति और रियायती जुर्माने की गणना भी सुनिश्चित की जाएगी। लोक अदालत परिसर में हेल्प डेस्क, पैरा लीगल वालंटियर्स, अधिवक्ताओं की सहायता, टोकन सिस्टम, अलग काउंटर और डिस्प्ले बोर्ड की व्यवस्था रहेगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर अपने लंबित ट्रैफिक चालान का समाधान कराएं।

नालंदा में सड़क चौड़ीकरण का ग्रामीणों ने किया विरोध

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नालंदा। नालंदा के नूरसराय प्रखंड के जगदीशपुर-नारी तियारी गांव में टूरिस्ट वे के निर्माण को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच भारी तनातनी की स्थिति पैदा हो गई है। सड़क निर्माण काम शुरू करने पहुंचे कर्मियों और मशीनों का स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया, जिसके बाद काम को बीच में ही रोकना पड़ा। स्थिति बिगड़ती देख नूरसराय थाना पुलिस और अंचलाधिकारी दीपक कुमार को मौके पर पहुंचना पड़ा, जहां उन्हें ग्रामीणों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा।

बिना नोटिस के बुलडोजर चलाने का आरोप: ग्रामीणों का मुख्य आरोप है कि बिना किसी पहले के सूचना या नोटिस के अचानक उनके खेतों में बुलडोजर चला दिया गया। विरोध कर रहे ग्रामीणों में इस बात को लेकर गहरा असंतोष है कि उनकी कीमती और एकमात्र जीविका का साधन रही जमीन को जबरन अधिग्रहित किया जा रहा है। एक स्थानीय ग्रामीण ने अपना दुख साझा करते हुए कहा कि उनके पास बहुत कम जमीन है और सड़क निर्माण में घर भी जा रहा है। उनका कहना है कि प्रशासन मुआवजे की बात तो कर रहा है, लेकिन इतनी कम राशि से वे अपने बच्चों को पालेंगे या फिर से रहने के लिए जमीन खरीदेंगे।

ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि वे अपनी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं देना चाहते, क्योंकि कई परिवारों के पास महज कुछ कट्ठा जमीन ही शेष है, जिसमें कई हिस्सेदार हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अंचलाधिकारी दीपक कुमार ने ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश की और उनकी समस्याओं को सुना। सीओ ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए एलाइनमेंट पास हो चुका है, लेकिन ग्रामीणों के बीच जमीन की पैमाइश को लेकर काफी भ्रम की स्थिति है। ग्रामीणों की शिकायत है कि पहले की गई नापी गलत है। इस पर संज्ञान लेते हुए अंचलाधिकारी ने फिर से पारदर्शी तरीके से जमीन की नापी कराने का निर्देश दिया है। साथ ही, मुआवजे (अवार्ड) को लेकर आ रही शिकायतों पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तेजी से कार्रवाई करने और जल्द से जल्द अवार्ड निर्गत करने का भरोसा दिलाया है। फिलहाल प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए हैं, लेकिन निर्माण काम को लेकर संशय बरकरार है।

बिहारशरीफ में आज सोलर मेला लगा, योजना के बारे में पूरी जानकारी मिलेगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नालंदा। नालंदा के लोगों के लिए अपने घर का बिजली बिल शून्य करने का सुनहरा मौका है। बुधवार को बिहारशरीफ स्थित विद्युत प्रमंडल कार्यालय परिसर में एक भव्य सोलर मेले का आयोजन किया गया है, जहां उपभोक्ता न सिर्फ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी ले सकेंगे, बल्कि मौके पर ही आवेदन और लोन की प्रक्रिया भी पूरी कर सकेंगे। बिजली विभाग की ओर से आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना और उन्हें महंगी बिजली के झंझट से स्थायी मुक्ति दिलाना है।

एक छत के नीचे बिजली विभाग के अधिकारी और सोलर एजेंसियां रहेंगी: विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता मनीषकांत ने बताया कि इस मेले में एक ही छत के नीचे बिजली विभाग के अधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि और सोलर एजेंसियां मौजूद रहेंगी। इससे उपभोक्ताओं को अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को अपनी छत पर सोलर पैनल लगवाने के लिए सरकार की ओर से भारी सब्सिडी दी जा रही है। नियमानुसार,

तीन किलोवाट तक का सोलर प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रुपए तक के अनुदान का प्रावधान है। यदि उपभोक्ता के पास शुरुआती निवेश के लिए राशि नहीं है, तो बैंक उन्हें बेहद सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराएंगे।

2 लाख रुपए तक के लोन के लिए कागजी कार्रवाई की जरूरत नहीं: मेले की सबसे बड़ी विशेषता ऋण प्रक्रिया का सरल होना है। अधिकारियों के मुताबिक, 2 लाख रुपए तक के लोन के लिए किसी जटिल कागजी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं होगी। इच्छुक उपभोक्ता मात्र अपना पहचान पत्र, फोटो, घर की रसीद और बिजली बिल का कंज्यूमर नंबर लेकर मेले में पहुंच सकते हैं। महज पांच से छह फीसदी की ब्याज दर पर बैंक लोन की सुविधा प्रदान करेंगे। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस मेले को लेकर विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि एक बार सोलर पैनल लग जाने के बाद उपभोक्ता न केवल अपनी जरूरत की बिजली मुफ्त पा सकेंगे, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में वापस भेजकर लाभ भी कमा सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने अपना प्राइवेट पार्ट काट मंदिर में चढ़ाया, वाराणसी रेफर

करहगर /रोहतास। थाना के कुसडिहरा गांव में बुधवार को एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। गांव के 25 वर्षीय शादीशुदा युवक विकास कुमार ने पत्नी से विवाद और मानसिक तनाव के बाद ऐसा कदम उठा लिया, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद के बाद युवक अचानक गांव के एक शिव मंदिर पहुंच गया। वहां उसने धारदार हथियार से अपने गुप्तांग को काट दिया और उसे मंदिर में चढ़ा दिया। घटना के दौरान युवक अपनी गर्दन पर भी हमला करने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच मंदिर और आसपास मौजूद लोगों की नजर उस पर पड़ी। लोगों ने तुरंत उसे रोकने की कोशिश की और परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में युवक को आनन-फानन में सासाराम सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार युवक के गुप्तांग और गर्दन पर गहरे जख्म पाए गए। स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया है। सासाराम के सिविल सर्जन डॉ. मणिराज रंजन ने बताया कि युवक ने अपने गुप्तांग को पूरी तरह काटकर अलग कर दिया था। डॉक्टरों का कहना है कि इस घटना के पीछे मानसिक तनाव और मनोवैज्ञानिक कारण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इलाज से युवक की जान बच सकती है, लेकिन भविष्य में उसे गंभीर शारीरिक समस्याओं और नपुंसकता का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल युवक का इलाज जारी है।

सबका सम्मान जीवन आसान सहयोग शिविर की सफलता को बैठक

बैठक करते पदाधिकारी

नरहट (नवादा)। प्रखंड कार्यालय में बुधवार को 'सबका सम्मान, जीवन आसान' सहयोग शिविर की सफलता को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विशेष कार्य पदाधिकारी ने की, जिसमें प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी आमजनों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों के प्रभावी समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शिविर के दौरान लोगों को त्वरित एवं संतोषजनक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि योजनाओं का लाभ सही तरीके से जरूरतमंदों तक पहुंच सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। इसके तहत 19 मई को बभनौर, 2 जून को पुन्थर, 16 जून को पाली खुर्द, 7 जुलाई को जमुआरा, 21 जुलाई को पुनौल तथा 4 अगस्त को शेखपुरा पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि शिविर का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में शिविर के प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्थाओं और जनभागीदारी बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

पिपरा थाना पुलिस ने 100 एम्पुल प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ तस्कर को दबोचा

सुपौल। जिले में नशाखोरी और अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिपरा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक शरथ आर एस के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पिपरा थाना पुलिस ने छापेमारी के दौरान 100 एम्पुल प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद कर एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के कारोबार पर करारा प्रहार माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिपरा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से प्रतिबंधित इंजेक्शन की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया और संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से 100 एम्पुल प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए गए। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी लंबे समय से इस अवैध कारोबार में संलिप्त था और आसपास के क्षेत्रों में नशे के इंजेक्शन की आपूर्ति करता था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है, ताकि इसमें शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशाखोरी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर ऐसे अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से निगरानी और छापेमारी कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि क्षेत्र में नशे का कारोबार युवाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रहा था, जिससे सामाजिक वातावरण खराब हो रहा था। ऐसे में पुलिस की यह कार्रवाई न केवल सराहनीय है, बल्कि इससे समाज में सकारात्मक संदेश भी जाएगा।

श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव

भव्य शोभायात्रा निकाली गई

♦ हाथी घोड़ा गाजा बाजा के साथ धर्म की जय हो नारू के साथ निकाली गई शोभा यात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

काराकाट /रोहतास । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोथा के बावन बिगहा पोखरा स्थित भगवान भास्कर मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव को लेकर बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई । यह शोभायात्रा श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में पूरे धार्मिक उल्लास और वैदिक परंपरा के साथ संपन्न हुई । शोभायात्रा के पूर्व विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक रीति- रिवाज के अनुसार मुख्य यजमान से गौ माता एवं गजानन की विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई । इसके पश्चात विधिवत पूजन के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ,जो पूरे नगर में भ्रमण करते हुए भक्ति और आस्था का अद्भुत संदेश फैलाती रही। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर,नारी,बुजुर्ग और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

पूरा वातावरण भगवान भास्कर,श्रीलक्ष्मी नारायण भगवान एवं यज्ञ भगवान के जयघोष से गूंजता रहा । भक्ति के रंग में रंगे श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी । इस दौरान शोभायात्रा में शामिल हाथी,घोड़े,ऊंट एवं सजे- धजे रथ आकर्षण का केंद्र बने रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन की भव्यता को और भी बढ़ा दिया । धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक वैभव से ओतप्रोत यह शोभायात्रा क्षेत्रवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई ।

बिक्रमगंज नगर मंडल भाजपा की कार्यसमिति बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बिक्रमगंज/रोहतास। बिक्रमगंज के आरा रोड स्थित भाजपा नगर मंडल इकाई की कार्यसमिति बैठक बुधवार, 6 मई 2026 को आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ जिले से आए मुख्य अतिथि श्री मदन प्रसाद वैश्य और जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत से हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल संयोजक पंकज कुमार ने की, जबकि संचालन महामंत्री सुदर्शन प्रसाद वैश्य ने किया। अध्यक्षीय एवं स्वागत भाषण के बाद नवीन चंद्र शाह ने पार्टी की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए मंडल स्तरीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी के विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की सराहना की। वहीं मदन प्रसाद वैश्य ने 7 मई 2026 को पटना गांधी मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा पांडे, वरिष्ठ कार्यकर्ता काशीनाथ पासवान, बिंदा कुंअर, राजीव रंजन सिंह, गुड़िया देवी, अनिल कुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

पुलिस ने हत्या के मामला का किया उद्भेदन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

सासाराम /रोहतास। दरिगांव थानान्तर्गत बभनगांवा से करपुरवा जाने वाली सड़क पर स्थित पुल के समीप 24 अप्रैल को रात दीपु साह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई थी । जिस मामले में आधा दर्जन अभियुक्त की पुलिस ने जेल भेज दी है। जिसमें से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और तीन के द्वारा आत्म समर्पण किया गया था। जिनके पास से भारी संख्या में हथियार एवं हत्या में प्रयुक्त हुए मोटरसाइकिल पुलिस ने जप्त किया है।

रोहतास पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रेस अभियान में कहा गया है कि उक्त घटना के आलोक में कांड दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित छापमारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अपराधी 1. राजेकश्वर पासवान को दिनांक 25.04.2026 को 2. प्रिंस कुमार को दिनांक 27.04.2026 को एवं प्रिंस के निशानदेही पर 02 देशी कट्टा, 09 जिन्दा कारतूस एवं 01 मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस के द्वारा की जा रही छापामारी एवं पुलिस दबिश के कारण 1. राकेश कुमार उर्फ राकेश पासवान उर्फ भोमा पिता रामायण पासवान 2. विन्ध्याचल पासवान उर्फ विन्ध्याचल कुमार पिता अर्जुन पासवान उर्फ ढोढ़ा दिनांक 30.04.2026 को दोनों ग्राम बड़की करपुरवा थाना दरिगांव जिला रोहतास एवं 3. पप्पू पासवान उर्फ गोपाल पासवान पिता राजकेश्वर पासवान ग्राम बड़की करपुरवा थाना दरिगांव जिला रोहतास दिनांक 02.05.2026 को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण किये।

अग्रेतर अनुसंधान के क्रम में आत्मसमर्पण किये गये अभियुक्तों 1. राकेश कुमार उर्फ राकेश पासवान उर्फ भोमा पिता रामायण पासवान 2. विन्ध्याचल पासवान उर्फ विन्ध्याचल कुमार पिता अर्जुन पासवान उर्फ ढोढ़ा को दिनांक 04.05.2026 को एवं 3. पप्पू पासवान उर्फ गोपाल पासवान पिता राजकेश्वर पासवान तीनों ग्राम बड

पंचायतवार सहयोग शिविर 19 मई से प्रारंभ, बिजली समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु विशेष पहल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बिक्रमगंज / रोहतास। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से "पंचायतवार सहयोग शिविर" का आयोजन 19 मई से प्रारंभ किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण जनहितकारी पहल के अंतर्गत विद्युत विभाग सक्रिय भागीदारी निभाते हुए उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित विभिन्न समस्याओं के ऑन-द-स्पॉट समाधान के लिए पूरी तरह तैयार है। यह सहयोग शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में आयोजित किया जाएगा ताकि ग्रामीण स्तर पर ही लोगों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराया जा सके।

शिविर में उपभोक्ताओं की समस्याएं जैसे-बिजली बिल में त्रुटि सुधार, नया विद्युत कनेक्शन प्राप्त करना, मीटर से संबंधित शिकायतें, बकाया भुगतान से संबंधित जानकारी एवं अन्य तकनीकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक शिविर में विद्युत विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे, जो उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करेंगे।

जहां तत्काल समाधान संभव होगा, वहां ऑन-द-स्पॉट कार्रवाई की जाएगी, जबकि जटिल मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लाभ, ऊर्जा संरक्षण के उपाय, सुरक्षित विद्युत उपयोग के तरीके तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की जाएगी, ताकि उपभोक्ता जागरूक होकर इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल को सफल बनाने के लिए विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके घर के नजदीक ही सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने-अपने पंचायतों में आयोजित होने वाले "पंचायतवार सहयोग शिविर" में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें, अपनी समस्याओं को सीधे विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखें और इस जनकल्याणकारी पहल का अधिकतम लाभ उठाएं। यह पहल सरकार और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के साथ-साथ विद्युत सेवाओं को और अधिक सुलभ, पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

उन्होंने बताया की प्रथम चरण के अंतर्गत 19 मई को आयोजित होने वाले शिविर पंचायत सरकार भवनों में लगाए जाएंगे, जिसमें प्रखंड सासाराम के करूप, नोखा के चनकी, करगहर, संझौली के चांदी, बिक्रमगंज के मानपुर, दिनारा के लिलवछ, दावथ एवं सूर्यपुरा के गिधा, चेनारी के उगहनी, कोचस के लहेरी तथा शिवसागर के आलमपुर पंचायत सरकार भवन में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

पुलिस द्वारा एक गंभीर अंतरराज्यीय अपराध गिरोह का किया गया खुलासा

नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर अन्य राज्यों में बेचने और जबरन शादी कराने का कार्य किया जाता था

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

डिहरी ऑन सोन (रोहतास)। रोहतास जिले के डालमियानगर थाना पुलिस द्वारा एक गंभीर अंतरराज्यीय अपराध गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया गया है।, जो नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर अन्य राज्यों में बेचने और जबरन शादी कराने का कार्य करता था। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब आवेदिका अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण और शोषण के संबंध में लिखित शिकायत दिनांक 03.05.02026 को लिखित आवेदन देकर दर्ज कराई।

डिहरी सीडीपीओ 1 अंतुलेश झा द्वारा डालमियानगर थाना पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि इस गिरोह ने आवेदिका की पुत्री को पिछले लगभग एक वर्ष पहले डेहरी स्टेशन से बहला-फुसलाकर राजस्थान के बीकानेर ले जाकर एक व्यक्ति से जबरन शादी करा दिया था और एक वर्ष तक बंधक बनाकर रखा। पीड़िता किसी तरह वहां से भागकर अपने घर पहुंची और पूरी आपबीती सुनाई।

इस संबंध में डालमियानगर थाना कांड संख्या- 90/26, दिनांक- 03/05/2026, धारा- 87/64/303(2)/3(5) BNS एवं 4/6 POCSO Act के तहत मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की गई एवं एवं गिरोह के तीन लोग महिलाओं को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार महिलाओं में . चैना देवी पति-मनोज ठाकुर सा०-मथुरी टोला थाना डालमियानगर जिला-रोहतास। सुर्यमुखी कुंवर पति-स्व० विजय ठाकुर सा०-पतलुका, थाना-तिलौथु, जिला-रोहतास तथा बबिता देवी पति-अशोक सिंह, सा०-पतलुका, थाना-तिलौथु, जिला-रोहतास को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक रोहतास के निर्देशन में उक्त सफल कार्रवाई सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डेहरी 01 के नेतृत्व एवं। म गठित टीम द्वारा की गईः राजीव रंजन राय (पु०नि०): थानाध्यक्ष, डालमियानगर थानाप्रिंस कुमार मिश्रा (पु० अ०नि०): अपर थानाध्यक्ष, डालमियानगर थाना स्वाति कुमारी (पु ०अ०नि०): अनुसंधानकर्ता शामिल थी । गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है

नोखा नगर परिषद में जनगणना कार्य की समीक्षा बैठकः कार्यपालक पदाधिकारी प्रोग्रेस रिपोर्ट देखी, समय पर काम पूरा करने के निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नोखा नगर परिषद में बुधवार को जनगणना कार्य को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सुजित कुमार ने की। इस दौरान जनगणना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से मकानों के सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) एवं स्व-गणना की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया।अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में जनगणना कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चल रहा है, लेकिन समय सीमा को देखते हुए इसमें और तेजी लाने की आवश्यकता है।कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी प्रगणकों एवं प्रेक्षकों को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में जनगणना कार्य को पूर्ण करें।

कार्यपालक पदाधिकारी सुजित कुमार ने स्पष्ट किया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर विभिन्न योजनाओं और नीतियों का निर्माण होता है।

उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करने और कार्य की प्रगति की निगरानी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा अब तक किए गए जनगणना कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही, फील्ड में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवसर पर नगर परिषद के प्रबंधक प्रवीण कुमार ओझा, सिटी प्लानर विनय कुमार चौधरी, संजय कुमार, सरोज कुमार, ददन सिंह, दीपक मोहन, ऋषिकेश बहादुर सिंह सहित सभी प्रगणक एवं प्रेक्षक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी कर्मियों

नोखा प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नोखा प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) विजय शंकर दुबे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।यह बैठक बिहार सरकार के निर्देशानुसार पंचायतवार "सहयोग शिविरों" के सफल आयोजन और जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण की तैयारियों को लेकर थी।

बैठक में बताया गया कि सहयोग शिविरों की शुरुआत 19 मई को चनकी पंचायत से होगी। इसके बाद, प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को अलग-अलग पंचायतों में ये शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान उपलब्ध कराना है।डीडीसी विजय शंकर दुबे ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को निर्देश दिए कि वे पंचायतों का स्थल निरीक्षण करें। साथ ही, जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर शिविर स्थलों पर बैठने, पेयजल, छाया जैसी सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। डीडीसी ने यह भी निर्देशित किया कि शिविर से कम से कम 30 दिन पहले आवेदन प्राप्त किए जाएं और उनका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लंबित और निष्पादित मामलों की सूची शिविर स्थल पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। राजस्व से संबंधित सभी लंबित मामलों का निस्तारण शिविर से पूर्व सुनिश्चित करने और उसकी अद्यतन स्थिति प्रदर्शित करने को भी कहा गया।

सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का निष्पादन शिविर से पहले करें। साथ ही, योजनाओं की जानकारी भी शिविर स्थल पर प्रदर्शित की जाए। डीडीसी ने कहा कि इस पहल से आम लोगों को प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और उन्हें पंचायत स्तर पर ही अपनी समस्याओं का समाधान मिल सकेगा। बैठक में बीडीओ शेफाली, सीओ मधुसूदन चौरसिया, पंचायती राज पदाधिकारी सुनील कुमार, बिजली जे.ई अरविंद कुमार, जीविका के रविकांत शर्मा, सीडीपीओ आभा कुमारी, प्रखंड प्रमुख अरविंद कुमार, पंचायत समिति सदस्य अजय पाल, अवध बिहारी पांडेय, कैलाश पासवान, मुखिया प्रतिनिधि पप्पू कुमार, रूपेश कुमार, सीएचसी के डाक्टर अजय प्रताप, आशा प्रबंधक रिजवान आलम तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नीरजा रानी सहित कई अन्य पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। नारदीगंज अंदर बाजार में शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बुधवार को शोभायात्रा निकाली गई। सुबह होते ही श्रद्धालु तैयारी में जुट गए । नवनिर्मित देवी मन्दिर के निकट यज्ञस्थल से शोभायात्रा निकाली गई। इस कलशयात्रा में 1001 से अधिक महिलाएं माथे पर कलश लेकर जल भराई की। नारदीगंज बाजार के अलावा आसपास इलाकों के काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। उसके बाद नारदीगंज कालेज नारदीगंज के समीप संगम नदी में वाराणसी के यज्ञाचार्य समाधि बाबा व उनके 11 सहयोगी ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना कराये, तब श्रद्धालुओं ने जल भराई की। मुख्य यजमान की भूमिका श्रद्धालु संदीप कुमार व उनकी धर्मपत्नी रानी देवी ,प्रवेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी रेशम देवी,प्रिंस कुमार व उनकी धर्मपत्नी खुशी कुमारी,गणेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी बबली देवी,मृत्युंजय कुमार व उनकी धर्मपत्नी शोभा कुमारी ने निभाया । महिलाएं के साथ काफी संख्या में लोग इस जल यात्रा में गाजे बाजे के साथ शरीक हुए। यह शोभायात्रा में कई रथ पर झांकी सजाई गई थी। जिसमे सीताराम, हनुमान, राधा कृष्ण, समेत अन्य देवी देवताओं की बेहतरीन झांकी निकाली गई । जय माता दी,सीताराम,संकट मोचन वीर हनुमान की जयकारे लगाते हुए नारदीगंज बाजार का भ्रमण कर संगम में जल भराई की। ततपश्चात यज्ञशाला में कलश रखकर विधिवत पूजन किया। इस दौरान जगह जगह पुलिस प्रशासन व स्वयंसेवक मुस्तैद रहे। आयोजक मंडल के सदस्यों ने कहा अग्निमंथन साथ यज्ञ शुरु हो जायेगा। 13 मई 2026 को नवनिर्मित बड़ी देवी मंदिर में देवी मां समेत अन्य देवी देवताओं की प्रत्तिमा विधिवत स्थापना होगी। 14 मई 2026 को पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ यज्ञ सम्पन्न हो जाएगा। वैसे प्रतिदिन भंडारे होगी। वही कथावाचिका किशोरी कृष्ण नंदनी जी के माध्यम से संगीतमयी भागवत कथा शुरु हुआ। जो संध्या सात बजे से दस बजे रात तक हुआ। उसके बाद वृंदावन के कलाकारों के माध्यम से रासलीला का मंचन हुआ। इस शोभायात्रा में विनय कुमार साव,विनोद कुमार, राजीव रंजन,कृष्ण देव चक्रवर्ती,संजय कुमार गुप्ता, महेन्द्र शाह, अखिलेश यादव,दीपू पांडेय,अमित कुमार,अजय यादव, सिधो सिंह, मुखिया रणविजय पासवान, सरपंच प्रवेश रविदास,पूर्व उप प्रमुख बच्चू साव,जितेंद्र सिंह, संजय साव,त्रिपुरारी पांडेय,रंजीत कुमार विश्वकर्मा,राहुल सिंह,धर्मेन्द्र कुमार,जुगनू, गुड्डू समेत काफी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

2 परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए

बांका। बांका के रजौन प्रखंड स्थित डीएन सिंह भुसिया कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर-3 की हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान बुधवार को नकल करते हुए दो परीक्षार्थियों को पकड़ा गया। कड़ी निगरानी के बीच पकड़े गए एक छात्र और एक छात्रा को तत्काल प्रभाव से परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया। इस घटना के बाद परीक्षा हॉल में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। केंद्र पर लगातार जांच और निगरानी की व्यवस्था की गई थी, जिसके तहत तैनात पदाधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान दोनों परीक्षार्थियों को रंगे हाथ पकड़ा। निष्कासित किए गए परीक्षार्थियों की पहचान सीएम कॉलेज बौसी के छात्र सुजीत यादव और छात्रा नेहा कुमारी के रूप में हुई है। कॉलेज प्रशासन ने दोनों के खिलाफ परीक्षा नियमों के तहत आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 852 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संचालित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में दो परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया है।

स्कॉर्पियो से 35 कार्टन विदेशी शराब जब्त

मुंगेर। मुंगेर में रामनगर थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस को देखते ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई गढ़ी रामपुर स्थित एसबीएन कॉलेज के समीप की गई। चेकिंग अभियान के दौरान कॉलेज से लगभग दस मीटर दूर एक संदिग्ध स्कॉर्पियो खड़ी मिली। पुलिस टीम को देखकर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। संदेह होने पर वाहन की तलाशी ली गई। स्कॉर्पियो के शीशे काले थे। जांच करने पर कंबल की आड़ में शराब के कार्टन छिपाकर रखे गए थे। कुल 35 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसमें विभिन्न ब्रांड की 315 बोतलें शामिल हैं। थानाध्यक्ष वर्मा के अनुसार, वाहन के पंजीकरण के आधार पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह शराब झारखंड से लाई जा रही थी और फोरलेन मार्ग के जरिए मुंगेर पहुंचाई जा रही थी। पुलिस फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है और इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है।

वर्ल्ड मिडवाइफ डे पर नर्सिंग कॉलेज में कार्यक्रम

भागलपुर। वर्ल्ड मिडवाइफ डे के अवसर पर भागलपुर नर्सिंग कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अशोक प्रसाद, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप लाल और नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य रिंपी दुग्गड़ शामिल हुईं। इस दौरान नर्सिंग छात्राओं ने नाटक के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व और मिडवाइफ की भूमिका पर जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मिडवाइफरी सेवाएं मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करने में अहम भूमिका निभाती हैं। बताया गया कि नर्सिंग कॉलेज में बीते जनवरी से मिडवाइफरी कोर्स का संचालन शुरू किया गया है, जिससे प्रशिक्षित मिडवाइफ तैयार की जा रही हैं।

निवर्तमान डीटीओ को दी गई भावभीनी विदाई

भागलपुर। समीक्षा भवन में निवर्तमान जिला परिवहन पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद सिंह के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शाल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीडीसी और अपर समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों ने उनके सफल कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने एनडीए की जीत पर मनाया जश्न

भागलपुर। पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी विधानसभा चुनावों में वीजेपी व एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ, भागलपुर द्वारा विजयोत्सव मनाया गया। जिला संयोजक ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने मिठाई खिलाकर और झालमुढ़ी का आनंद लेकर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल नेतृत्व का आभार जताया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहसंयोजक प्रफुल्ल चंद राही, सहसंयोजक मुक्ति प्रसाद सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व जिला संयोजक श्याम सुंदर प्रसाद, प्रदेश सहसंयोजक भोला कुमार मंडल, क्षेत्रीय प्रभारी जयप्रकाश यादव व्यास व अन्य थे।

सेतु टूटने से भागलपुर सहित पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका

भागलपुर। विक्रमशिला सेतु के टूटने से से न सिर्फ आवागमन बाधित हुआ है, बल्कि इसका सीधा असर व्यापार, उद्योग और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा है। माल ढुलाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई बाधित हो रही है। शहर में खपत होने वाली सब्जी और दूध ही नहीं, कई बड़े उत्पादों के गोदाम गंगा पार हैं। सप्लाई वहीं से आती है, जो बाधित हो गई है। भागलपुर के प्रमुख व्यवसायी विशाल वर्मा ने कहा कि इस घटना से व्यापार जगत को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। अनाज, बिल्डिंग मटेरियल, टाइल्स, पेंट्स, ज्वेलरी और दवाइयों जैसे कई सेक्टर इस पुल पर निर्भर थे।

कॉलेज कर्मचारियों ने मांगों को लेकर धरना शुरू किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर में बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर 2 दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू किया है। धरने के दौरान महासंघ के प्रक्षेत्रीय पदाधिकारी शंकराचार्य उपाध्याय ने कर्मचारियों की समस्याओं को रखते हुए प्रशासन पर आरोप लगाए। शंकराचार्य उपाध्याय ने कहा, "महासंघ के आह्वान पर हमलोग अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर धरना पर बैठे हैं। सबसे बड़ी समस्या कोषांग से मिलने वाले वेतन में कटौती की है। बिना किसी स्पष्ट कारण के कर्मचारियों के वेतन में कटौती कर दी गई है, जिसे हम किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे। हमारी मांग है कि इस कटौती को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।

कर्मचारियों की पदोन्नति वर्षों से लंबित हैः कहा, "कर्मचारियों की पदोन्नति वर्षों से लंबित है। चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को तृतीय वर्ग में और तृतीय वर्गीय कर्मचारियों को उच्च पदों पर पदोन्नति नहीं दी जा रही है, जिससे कर्मचारियों में निराशा है। हम चाहते हैं कि समयबद्ध पदोन्नति की व्यवस्था लागू की जाए।" स्थानांतरण के मुद्दे पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, "विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से कर्मचारियों का दूसरे विश्वविद्यालयों में स्थानांतरण किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों के पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर असर पड़ रहा है। स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाया जाना चाहिए।"

मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन तेज होगाः बताया कि वेतनमान को लेकर उन्होंने सरकार के पत्र संख्या 3972 का हवाला देते हुए कहा, इस पत्र के अनुसार चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को उचित वेतनमान मिलना चाहिए, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक इसे लागू नहीं किया है। यह कर्मचारियों के साथ अन्याय है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, "यदि सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन हमारी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं करता है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। धरना के कारण विश्वविद्यालय परिसर में कामकाज आंशिक रूप से प्रभावित रहा।।

दोस्त की हत्या करने वाले 2 दोषियों को सजा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर में हत्याकांड मामले में 2 को सजा मिली है। करीब तीन साल पहले 5 दोस्तों ने मिलाकर अपने ही साथी की हत्या की थी। अपर लोक अभियोजक मो. रियाज हुसैन ने बताया कि घटना दिसंबर 2023 की है। जिले के इशाकचक थाना क्षेत्र निवासी सोनू को उसके ही 5 दोस्तों ने घूमने के बहाने बुलाया था। इसी दौरान पहले से रची गई साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाकर पूरे मामले को छिपाने की कोशिश की गई, ताकि किसी तरह का साक्ष्य पुलिस के हाथ न लग सके। घटना के बाद मृतक की मां रेखा देवी के बयान पर इशाकचक थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की।

9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

अररिया। अररिया व्यवहार न्यायालय परिसर में 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार अभियान शुरू कर दिया गया है। जिला जज गुंजन पांडे ने न्यायालय परिसर से लगभग एक दर्जन प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घूम-घूमकर लोगों को लोक अदालत के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अपने मामलों का निपटारा आपसी सहमति से करने के लिए प्रेरित करना है।

सभी वादी-प्रतिवादियों से अपील इस अवसर का लाभ उठाएंः इस अवसर पर जिला जज गुंजन पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय की एक अनूठी व्यवस्था है। इसमें विवादित पक्षकार आपसी सहमति से अपने मामले सुलझा सकते हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। साथ ही, अदालती मुकदमेबाजी का बोझ भी कम होता है। उन्होंने जिले के सभी वादी-प्रतिवादियों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों को सुलझाने के लिए आगे आएं। इस दौरान दर्जनों न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्तागण और न्यायालय कर्मचारी भी मौजूद रहे।

पोस्टर, बैनर और लाउडस्पीकर लगाए गएः प्रचार वाहनों पर पोस्टर, बैनर और लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। ये वाहन जिले के सभी प्रखंडों, बाजारों, पंचायतों और आबादी वाले इलाकों में जाकर लोक अदालत की तारीख, समय और प्रक्रिया की जानकारी देंगे।

पूर्व मध्य रेल

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंड के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– AA/1) **1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधीः** रफीगंज रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित मिक्स (दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया) वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **2. ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** COM-PARK-MX-REF **3. ई नीलामी लॉट संख्याः** PARKING-DDU-RFJ-MX-45-23-1 **4. ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 13.05.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **5. वेबसाइट का पता जहाँ ई– नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः** www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0177/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएएन/26–27/28

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

निविदा सं.–09 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबन्धक /इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.–04–डीडीयू व.म. इंजी.–III–26–27 1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल अभियंता /एक/डी.डी.यू. और सहायक मंडल अभियंता/जपला के अंतर्गत 52/60 Kg क्रॉसिंग और स्विच के री–सरफेसिंग/री–कंडीशनिंग का कार्य। **2. कार्य का अनुमानित लागतः** रू. 17101006.33 **3. धरोहर राशिः** रू. 342000.00 **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 22.05.2026 को 12:00 बजे तक **5. बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः** www.ireps.gov.in **नोटः**–विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठमान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0176/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/32

जमीन मापी विवाद में महिला पर हमला

बांका। बांका के रजौन थाना क्षेत्र के बसुवारा गांव में जमीन की मापी को लेकर हुए विवाद में एक महिला पर हमला किया गया। महिला को गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की पहचान बसुवारा निवासी निशा रानी के रूप में हुई है। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि नयाडीह मौजा स्थित खाता संख्या 123 और खसरा संख्या 216 की जमीन की मापी उनके देवर राजेश प्रसाद सिंह द्वारा रजौन अंचल के सरकारी अमीन सुरेंद्र कुमार राउत के साथ मिलकर कराई जा रही थी।

मापी की कोई पूर्व सूचना नहीं दीः निशा रानी का आरोप है कि उन्हें इस मापी की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। जब उन्होंने इसका विरोध करते हुए कारण पूछा, तो उनके देवर राजेश प्रसाद सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध बढ़ने पर राजेश प्रसाद सिंह ने कथित तौर पर लाठी-डंडे से निशा रानी के दाहिने पैर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ीं। इसके बाद चार अन्य लोगों ने मिलकर लोहे की खंती और ईंट-पत्थर से उन पर हमला किया। इस हमले में निशा रानी की एक आंख क्षतिग्रस्त हो गई तथा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उनके वस्त्र खींचने का प्रयास किया गया। शोर मचाने पर निशा रानी का बेटा मौके पर पहुंचा और उन्हें बचाया, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ भी धक्का-मुक्की की। आसपास के लोगों के पहुंचने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर अवस्था में निशा रानी को भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रजौन थाना अध्यक्ष राज रतन ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2026/03 दिनांक- 06.05.2026

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]–2026 (त्रिवर्षीय अभियंत्रण डिप्लोमा, द्विवर्षीय पारा मेडिकल एवं द्विवर्षीय फार्मेसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्रों के स्नातक अभियंत्रण, स्नातक पारा मेडिकल एवं स्नातक फार्मेसी डिग्री पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु)

Bihar Combined Entrance Competitive Examination [Lateral Entry]–2026 (for lateral entry in second year of graduate level Engineering courses and Para-Medical, Pharmacy Courses) BCECE [LE]–2026

नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

सर्व साधारण एवं बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] [BCECE(LE)]-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी..ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2026/01 एवं 2026/02 दिनांक-07.04.2026 के अनुसार BCECE(LE)-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 07.05.2026 निर्धारित है। **छात्रहित में BCECE(LE)-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i) Online Registration Closing Date : **11.05.2026** (10.00 P.M.)
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **11.05.2026** (11.59 P.M.)
(iii) Online Editing of Application Form : **12.05.2026 to 13.05.2026**
(iv) Uploading of Online Admit Card : **23.05.2026**
(v) Proposed Date of Examination : **31.05.2026**

(2) दिनांक 11.05.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में **यदि किसी अभ्यर्थी के Registered** आवेदन के **डाटा में कोई त्रुटि हो गयी हो तो वे अपने भरे हुए Data को** (Email पता, Mobile No. एवं Identity type को छोड़ कर) **दिनांक 12.05.2026 से 13.05.2026 तक** "Online Application Portal of BCECE[LE]-2026" Link पर Click कर अपने **Registration No. एवं Password से login करते हुए त्रुटि सुधार कर सकते हैं।** इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्त्तें यथावत रहेंगी।
(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

आसनसोल मंडल के तहत नॉन–इंटलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

आसनसोल मंडल के तहत सीतारामपुर–झाझा खंड के मथुरापुर में नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए, निम्नानुसार ब्लॉक आवश्यक होगा: • **दिनांक 10.05.2026 (रविवार) कोः प्री प्री नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य** 06.30 बजे से 13.30 बजे तक और इस ब्लॉक के प्रभाव में, निम्नलिखित के लिए भी ब्लॉक की आवश्यकता होगी: (1) जोड़ामो–मधुपुर खंड में दोनों लाइनों पर लिमिटेड हाइट सबवे–17 (06.15 बजे से 13.15 बजे तक) (2) बोदमा–जामताड़ा खंड में दोनों लाइनों पर लिमिटेड हाइट सबवे–08 (07.00 बजे से 14.00 बजे तक) (3) सीतारामपुर यार्ड में डायमंड क्रॉसिंग पॉइंट नं. 55बी और 59 का रूपांतरण। • **दिनांक 14.05.2026 (बृहस्पतिवार) कोः प्री प्री नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य** अप लाइन पर 12.30 बजे से 16.30 बजे तक और डाउन लाइन पर 14.30 बजे से 16.30 बजे तक • **दिनांक 15.05.2026 (शुक्रवार) कोः प्री नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य** अप और डाउन दोनों लाइनों पर 12.15 बजे से 16.15 बजे तक • **दिनांक 16.05.2026 (शनिवार) कोः प्री नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य** अप और डाउन दोनों लाइनों पर 13.15 बजे से 17.15 बजे तक। • **दिनांक 17.05.2026 (रविवार) कोः नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए,** अप और डाउन दोनों लाइनों पर 08.00 बजे से 13.00 बजे तक 05 घंटे का पूर्ण ब्लॉक और इस ब्लॉक के प्रभाव में, निम्नलिखित के लिए भी ब्लॉक की आवश्यकता होगी: (1) बोदमा–जामताड़ा खंड में लिमिटेड हाइट सबवे–8 (07.00 बजे से 14.00 बजे तक) (2) विद्यासागर में फुट ओवरब्रिज की स्थापना (06.30 बजे से 12.30 बजे तक) (3) सिमुलतला में फुट ओवरब्रिज को तोड़कर गिराना (07.45 बजे से 13.45 बजे तक) (4) जामताड़ा में फुट ओवरब्रिज को तोड़कर गिराना (06.45 बजे से 12.45 बजे तक) (5) मधुपुर में फुट ओवरब्रिज को तोड़कर गिराना (06.30 बजे से 13.30 बजे तक) (6) आसनसोल आरआरआई में डायमंड क्रॉसिंग पॉइंट नं. 213ए और 217बी का रूपांतरण। परिणामस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं: • **ट्रेनों का निरस्तीकरणः (1) 63545/63546 अण्डाल–जसीडीह–अण्डाल मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 10, 14, 15 और 17.05.2026) **(2) 63547/63548 जसीडीह–बांका–जसीडीह मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 10, 14, 15 एवं 17.05.2026) **(3) 63561 आसनसोल–जसीडीह मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 10 एवं 17.05.2026) **(4) 63565/63566 जसीडीह–झाझा–जसीडीह मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 10 और 17.05.2026) **(5) 63570 बैद्यनाथधाम – आसनसोल मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 10 और 17.05.2026) **(6) 63298 झाझा – देवघर मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) **(7) 63518 आसनसोल– बर्द्धमान मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) **(8) 63513 बर्द्धमान – आसनसोल मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) **(9) 63515 – आसनसोल–बर्द्धमान मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) **(10) 63522 बर्द्धमान – आसनसोल मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) • **ट्रेनों की संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरूः (1) 63509 बर्द्धमान–झाझा मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 10, 14, 15, 16 और 17.05.2026) आसनसोल स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **63510 झाझा–बर्द्धमान मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 10, 14, 15, 16 और 17.05.2026) आसनसोल स्टेशन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं दोनों ट्रेनें आसनसोल और झाझा स्टेशनों के बीच निरस्त रहेंगी। **(2) 63209 देवघर–पटना मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) झाझा स्टेशन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और ट्रेन देवघर और झाझा स्टेशनों के बीच निरस्त रहेगी। **(3) 63572 मोकामा–जसीडीह मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) झाझा स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **63573 जसीडीह–किऊल मेमू पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) झाझा स्टेशन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और दोनों ट्रेनें झाझा और जसीडीह स्टेशनों के बीच निरस्त रहेंगी • **ट्रेनों का पुनर्निर्धारणः (1) 13037 हावड़ा–देहरादून कुंभ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 14.05.2026) को हावड़ा स्टेशन से 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **13037 हावड़ा–देहरादून कुंभ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.2026) को हावड़ा स्टेशन से 1 घंटा 10 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(2) 15233 कोलकाता – दरभंगा मैथिली एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 14.05.2026) को कोलकाता स्टेशन से 1 घंटा 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(3) 15235 हावड़ा – दरभंगा साप्ताहिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.2026) को हावड़ा स्टेशन से 2 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(4) 12317 कोलकाता – अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10 और 17.05.2026) को कोलकाता स्टेशन से 3 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(5) 22197 कोलकाता – वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10 और 17.05.2026) को कोलकाता स्टेशन से 2 घंटे 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(6) 22198 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–कोलकाता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.05.2026) को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(7) 22643 एरणाकुलम – पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस (आसनसोल होकर)** (यात्रा शुरू दिनांक 12.05.2026) को एरणाकुलम स्टेशन से 2 घंटे 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(8) 13044 रक्सौल – हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 09.05.2026) को रक्सौल स्टेशन से 7 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **13044 रक्सौल–हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.2026) को रक्सौल स्टेशन से 8 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(9) 17008 दरभंगा – चर्लापल्ली एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.05.2026) को दरभंगा स्टेशन से 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(10) 17006 रक्सौल – हैदराबाद एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10.05.2026) को रक्सौल स्टेशन से 1 घंटा 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **17006 रक्सौल – हैदराबाद एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को रक्सौल स्टेशन से 3 घंटे 10 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(11) 13331 धनबाद – पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10 और 17.05.2026) को धनबाद स्टेशन से 4 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(12) 13332 पटना – धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10.05.2026) को पटना जंक्शन स्टेशन से 1 घंटा 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, **13332 पटना – धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.05.2026) को पटना जंक्शन स्टेशन से 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, **13332 पटना – धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.2026) को पटना जंक्शन स्टेशन से 3 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **13332 पटना – धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को पटना जंक्शन स्टेशन से 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(13) 18183 टाटानगर–बक्सर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10.05.2026) को टाटानगर स्टेशन से 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, **18183 टाटानगर–बक्सर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 14.05.2026) को टाटानगर स्टेशन से 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, **18183 टाटानगर–बक्सर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.05.2026) को टाटानगर स्टेशन से 2 घंटे 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, **18183 टाटानगर–बक्सर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.2026) को टाटानगर स्टेशन से 3 घंटे 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **18183 टाटानगर–बक्सर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को टाटानगर स्टेशन से 2 घंटे 05 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(14) 18184 बक्सर–टाटानगर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10.05.2026) को बक्सर स्टेशन से 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **18184 बक्सर–टाटानगर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को बक्सर स्टेशन से 4 घंटे 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(15) 12304 नई दिल्ली–हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (पटना होकर)** (यात्रा शुरू दिनांक 09.05.2026) को नई दिल्ली स्टेशन से 2 घंटे 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **12304 नई दिल्ली–हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (पटना होकर)** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.2026) को नई दिल्ली स्टेशन से 4 घंटे 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(16) 13508 गोरखपुर–आसनसोल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 09.05.2026) को गोरखपुर स्टेशन से 4 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। और **13508 गोरखपुर – आसनसोल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.2026) को गोरखपुर स्टेशन से 6 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(17) 12326 नंगल डैम–कोलकाता गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 09.05.2026) को नंगल डैम स्टेशन से 4 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **12326 नंगल डैम–कोलकाता गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.2026) को नंगल डैम से 6 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(18) 22347 हावड़ा–पटना वंदे भारत एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10.05.2026) को हावड़ा स्टेशन से 2 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **22347 हावड़ा–पटना वंदे भारत एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को हावड़ा स्टेशन से 3 घंटे 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(19) 22348 पटना–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10.05.2026) को पटना जं. स्टेशन से 2 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **22348 पटना–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को पटना जं. स्टेशन से 3 घंटे 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(20) 22499 देवघर – वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को देवघर स्टेशन से 1 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(21) 22500 वाराणसी–देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को वाराणसी स्टेशन से 1 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(22) 02023 हावड़ा – पटना सुपरफास्ट स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 10.05.2026) को हावड़ा स्टेशन से 4 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **02023 हावड़ा – पटना सुपरफास्ट स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को हावड़ा स्टेशन से 6 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(23) 02024 पटना–हावड़ा सुपरफास्ट स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 10.05.2026) को पटना स्टेशन से 4 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **02024 पटना–हावड़ा सुपरफास्ट स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.2026) को पटना स्टेशन से 6 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। • **ट्रेनों का नियंत्रणः 03230 पटना – खोरधा रोड स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 14.05.2026), **04185 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–आसनसोल स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 13.05.2026) और **07052 रक्सौल–चर्लापल्ली स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 14.05.2026), यदि देर से चल रही हैं, तो उन्हें पूर्व मध्य रेलवे के तहत सुविधानुसार नियंत्रित किया जाएगा। **यदि कोई अन्य मेल/एक्सप्रेस या टीओडी ट्रेनें, ब्लॉक अवधि के दौरान देर से चल रही हैं, तो उन्हें पूर्व मध्य रेलवे/दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत सुविधानुसार नियंत्रित किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

पूर्व सैनिक संघ की बैठक संपन्न

आरा। बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ की बैठक मंगलवार को कर्नल राणा प्रताप सिंह की अध्यक्षता में, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में हुई। बैठक की शुरुआत वीर शहीदों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि देकर की गई। संचालन सूबेदार मेजर बलराम राय ने किया। पूर्व सैनिकों ने सीएसडी कैंटीन व आर्मी अस्पताल से जुड़े मुद्दे उठाए, जिन पर अध्यक्ष ने समाधान का आश्वासन दिया। 14 मई को स्वर्ण जयंती विवाह वर्षगांठ, 26 मई को ब्रह्मपुर महोत्सव में सम्मान तथा 31 मई को बखोरापुर मंदिर में आयोजन की जानकारी दी गई।

सीएचसी में एक सप्ताह से एक्स-रे मशीन बंद

गड़हनी। प्रखंड मुख्यालय गड़हनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में करीब एक सप्ताह से एक्स-रे मशीन फिल्म सीट नहीं रहने के कारण बंद पड़ा है। मशीन बंद होने से सीएचसी में इलाज के लिए आए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर हड्डी एवं चोट से जुड़े मामलों में मरीजों को डॉक्टर एक्स-रे कराने को लिख रहे है लेकिन सीएचसी के बंद होने के कारण निजी क्लीनिक या दूसरे अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य कर्मियों के लापरवाही के कारण और मनमानी के कारण आज तक एक्सरे फिल्म नहीं मंगाया गया। जबकि अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज जांच के लिए पहुंचते हैं। एक्स-रे सुविधा बंद रहने से इलाज की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। वहीं एक्स-रे ऑपरेटर ने बताया कि एक्सरे फिल्म के लिये बोल दिया गया है एक से दो दिनों में आ जाएगा।

एमएलसी चुनाव को लेकर अफसरों, कार्मिकों व पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

आरा। एमएलसी चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी काफी तेज है। भोजपुर समाहरणालय, आरा के सभागार में मंगलवार को बिहार विधान परिषद के भोजपुर सह बक्सर स्थानीय प्राधिकारी उप निर्वाचन 2026 के निमित्त अशोक प्रियदर्शी (उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना) ने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी व मतदान, मतगणना कार्मिकों (पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी प्रथम व द्वितीय, मतगणना सहायक व मतगणना पर्यवेक्षक) को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के क्रम में सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी और मतदान व मतगणना कार्मिकों को आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी व मतदान कार्मिकों को मतदान के दिन भरे जाने वाले प्रपत्रों, मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया और मतगणना से संबंधित समस्त पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी व मतगणना कार्मिकों को मतगणना की पूरी प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। निर्वाचन संबंधी हैंडबुक व सभी प्रपत्रों का गहन अध्ययन करने का निर्देश निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी व मतदान, मतगणना कार्मिकों को आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्मियों को बैठक में गंभीरता से भाग लेने और मतदान व मतगणना प्रक्रिया को भली-भांति समझने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी को निर्वाचन संबंधी हैंडबुक व सभी प्रपत्रों का गहन अध्ययन करने के लिए कहा, ताकि उन्हें आवंटित कार्यों का निर्वहन बिना किसी कठिनाई के सुचारू तौर से किया जा सके। इस मौके पर अपर समाहर्ता, सभी अतिरिक्त सहायक निर्वाची पदाधिकारी (मतगणना) सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर, पीरो, जगदीशपुर, बक्सर व डुमरांव, नोडल पदाधिकारी (कार्मिक कोषांग व प्रशिक्षण कोषांग) आदि थे।

सरकारी आवास का मकान सूचीकरण कार्य सम्पन्न

आरा। भारत की जनगणना 2027 अन्तर्गत जिलाधिकारी, भोजपुर के वार्ड सं. 18 में सरकारी आवास का मकान सूचीकरण का कार्य सम्पन्न किया गया। मकान सूचीकरण के समय उपस्थित जिलाधिकारी ने 17 अप्रैल को की गयी स्वगणना की आई०डी को प्रगणक कामिनी वत्स ने जिलाधिकारी से प्राप्त कर स्वगणना के प्रत्येक प्रश्नावलियों से अवतगत कराते हुए मकान सूचीकरण संबंधी सूचना की पुष्टि की गयी। साथ ही जनगणना भवन संख्या व जनगणना मकान संख्या को भी अंकित किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी आवास में रहने वाले सुरक्षा कर्मियों के आवास का सुरक्षा कर्मी के हवलदार को परिवार का मुखिया मानते हुए मकान सूचीकरण का कार्य सम्पन्न किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जनगणना निदेशालय, पटना के नोडल पदाधिकारी निलेश शुक्ला व अभिषेक कुमार वर्मा और ईबी नं.189 के सर्किल पर्यवेक्षक के साथ जिला सांख्यिकी कार्यालय, भोजपुर और आरा नगर निगम के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

शराब के दो तस्करों को 5-5 साल की सजा, 1-1 लाख रुपए जुर्माना

बक्सर। उत्पाद न्यायालय (संख्या- 02) ने शराब तस्करी के एक बड़े मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए दो दोषियों को 5-5 वर्ष की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर दोषियों को 6 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। न्यायाधीश सोनेलाल रजक की अदालत ने 25 अप्रैल को दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया था और सजा के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रखा था। मामला वर्ष 2025 का है, जब वीर कुंवर सिंह चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम द्वारा उत्पाद निरीक्षक कुंदन कुमार के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 6147 लीटर अवैध शराब बरामद की गई थी। कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने ट्रक को जब्त कर मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।गिरफ्तार तस्करों की पहचान हरियाणा के पानीपत जिले के बोधियाल निवासी गौरव हुड्डा 23 वर्ष और रोहतक जिले के नवावास निवासी मोहित 25 वर्ष के रूप में हुई थी। इस मामले के सूचक उत्पाद निरीक्षक कुंदन कुमार थे।

एनडीपीएस मामले में एक वर्ष की सजा

बक्सर। जिले में मादक पदार्थ मामले में चल रहे स्पीडी ट्रायल में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रस्तुत साक्ष्य, गवाहों की गवाही और चार्जशीट के आधार पर यह फैसला सुनाया गया। वर्ष 2020 से जुड़े मामले की सुनवाई जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-08 के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने संजय कुमार उर्फ वेदु, निवासी शांति नगर वार्ड-34 को धारा 21(b) के तहत एक वर्ष कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास का प्रावधान रखा गया।

चापाकल पर गया किसान करंट की चपेट में आया, मौत

आरा। गजराजगंज थाना क्षेत्र के आमा मोहम्दपुर गांव में मंगलवार सुबह करंट लगने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान त्रिवेणी साह के पुत्र नंद किशोर के रूप में हुई है, जो गांव में रहकर खेती-बाड़ी करता था। जानकारी के अनुसार, नंद किशोर सुबह शौच के लिए गांव के बाहर गया था। लौटते वक्त वह काली जी के मंदिर के पास स्थित चापाकल पर हाथ-पैर धोने पहुंचा। इसी दौरान वहां पहले से गिरा हुआ बिजली का तार उसकी नजर में नहीं आया और वह उसके संपर्क में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई बलिराम साह ने बताया कि वह सुबह मवेशी चराने जा रहा था, तभी मंदिर के पास नंद किशोर को गिरा हुआ देखा। उसके हाथ में बिजली का तार सटा था। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे और किसी तरह तार हटाकर उसे सदर अस्पताल ले जाया गया लापरवाही पर सवाल गांव के लोगों का कहना है कि अगर टूटे बिजली तार को समय पर हटाया गया होता, तो यह हादसा टल सकता था।

22 लाख की विदेशी शराब जब्त, पटना पहुंचाना था शराब

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बक्सर। बक्सर में उत्पाद विभाग ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शहर के वीर कुंवर सिंह सेतु पर चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान एक ट्रक से करीब 22 लाख रुपये की विदेशी शराब जब्त की गई। इस मामले में ट्रक चालक और सहचालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, जालंधर से गुवाहाटी जा रहे एक ट्रक के माध्यम से अवैध शराब की तस्करी की जा रही थी।

नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया: इस सूचना के आधार पर चेक पोस्ट प्रभारी इंस्पेक्टर कुंदन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने वीर कुंवर सिंह सेतु पर सघन जांच अभियान शुरू किया और संदिग्ध ट्रक (एचपी 24 एफ 0242) को रोककर तलाशी ली। शुरुआती जांच में ट्रक में टायर, ट्यूब और बेडशीट लदे हुए पाए गए। हालांकि, टीम को संदेह होने पर जब गहराई से जांच की गई, तो इन सामानों के बीच छुपाकर रखी गई शराब की बड़ी खेप बरामद हुई।

कुल 1800 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई: जब्त की गई शराब में 750 मिलीलीटर की 150 पेटी रॉयल स्टैग व्हिस्की (कुल 1350 लीटर) और 50 पेटी मैकडॉवेल व्हिस्की (कुल 450 लीटर) शामिल है। इस प्रकार, कुल 1800 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई, जिसे बिहार में अवैध रूप से खपाने का उद्देश्य था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नगरांव गांव निवासी 38 वर्षीय महेंद्र सिंह और सम्लाह गांव निवासी 41 वर्षीय राजेश कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि ट्रक में लदे वैध सामान की डिलीवरी गुवाहाटी में होनी थी, जबकि छुपाकर रखी गई शराब को पटना पहुंचाया जाना था।

ट्रक और बरामद शराब को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू: उत्पाद विभाग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही ट्रक और बरामद शराब को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई को लेकर विभाग का कहना है कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्कूटी सवार पर 'सीट बेल्ट' का जुर्माना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



बक्सर। जिले में इन दिनों ट्रैफिक पुलिस की सख्ती लगातार चर्चा में है, जहां धड़ाधड़ चालान काटे जा रहे हैं और लाखों रूपये की वसूली के मामले सामने आ रहे हैं। इसी बीच एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे शहर को हैरान कर दिया है। एक स्कूटी सवार पर कुल छह हजार रूपये का चालान किया गया, जिसमें चार हजार रूपये सीट बेल्ट नहीं पहनने के नाम पर जुर्माना लगाया गया, जबकि स्कूटी में सीट बेल्ट होती ही नहीं है। मामला बक्सर गोलंबर के समीप स्थित डॉ. राजेश मिश्रा के क्लीनिक से जुड़ा हुआ है। डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि उन्होंने अपने एक स्टाफ को स्कूटी से पेट्रोल भरवाने के लिए भेजा था। इसी दौरान रास्ते में ट्रैफिक पुलिस ने उसे रोका और बिना कोई स्पष्ट जानकारी दिए वाहन की तस्वीर खींच ली। कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर छह हजार रूपये के चालान का मैसेज आ गया। उन्होंने बताया कि चालान में दो हजार रूपये बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने के लिए और चार हजार रूपये सीट बेल्ट नहीं पहनने के लिए जोड़ा गया था। सीट बेल्ट को लेकर लगाए गए जुर्माने ने उन्हें चौंका दिया, क्योंकि दोपहिया वाहन में इस तरह का नियम लागू ही नहीं होता। डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए सख्ती जरूरी है और पुलिस का प्रयास सराहनीय है, लेकिन इस तरह की त्रुटिपूर्ण कार्रवाई आम लोगों को परेशान कर सकती है। उन्होंने एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर इस मुद्दे को सामने लाने की बात कही। उन्होंने आशंका जताई कि ऐसे कई लोग होंगे, जो बिना जानकारी के इस तरह के गलत चालान का शिकार हो रहे होंगे, लेकिन आवाज नहीं उठा पाते। इस घटना के बाद लोगों के बीच ट्रैफिक चालान की प्रक्रिया और उसकी पारदर्शिता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

बांग्लादेश बनने से बचा बंगाल, एनडीए प्रत्याशी की जीत निश्चितः शिवेश राम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

आरा। राज्यसभा के नवनिर्वाचित सांसद शिवेश राम के पहली बार आरा आगमन पर, भाजपा एवं एनडीए कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। शहर के रीगल होटल में आरा-बक्सर विधानपरिषद उपचुनाव को लेकर एनडीए की बैठक में वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रेस वार्ता भी किया। बैठक व प्रेस वार्ता में शिवेश राम ने कहा कि 2005 के बाद पंचायतों में हुए विकास कार्यों से जनता का झुकाव एनडीए की ओर है और प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद की जीत निश्चित है। यह चुनाव विकास बनाम पिछड़ेपन का है और एनडीए पहले से अधिक मतों से जीत दर्ज करेगा। पश्चिम बंगाल चुनाव में जनता ने भाजपा को जीताकर पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनने से बचाया है। उन्होंने बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में नई सरकार के गठन और 7 मई को प्रस्तावित मंत्रिपरिषद शपथ ग्रहण की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं से जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क बनाए रखने को कहा। विधायक संजय सिंह टाइगर ने कहा कि यह चुनाव विकास बनाम पिछड़ेपन का है और एनडीए पहले से अधिक मतों से जीत दर्ज करेगा। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज एवं संचालन इंजीनियर धीरेन्द्र सिंह ने किया। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह, आरा विधायक संजय सिंह टाइगर, सीडी शर्मा, इंजीनियर धीरेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद, हरेन्द्र पांडेय सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

18 वर्षीय युवक के पेट में मारी गोली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बक्सर। बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र के एकौना गांव में दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना हुई है। मामूली कहासुनी के बाद 18 वर्षीय मनीष कुमार (पिता हरेंद्र यादव) को गोली मार दी गई। गंभीर रूप से घायल मनीष को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, मनीष कुमार गांव के स्कूल के पास बैठे थे। इसी दौरान दुबौली गांव निवासी रौनक तिवारी वहां पहुंचे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि रौनक तिवारी ने अपनी कमर से पिस्टल निकालकर मनीष के पेट में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए।

पिस्टल के साथ 'रील' बना रहा था युवक: स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के समय युवक कथित तौर पर नशे में थे। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपी सोशल मीडिया के लिए पिस्टल के साथ 'रील' बना रहा था। इसी दौरान विवाद बढ़ने पर उसने आवेश में आकर गोली चला दी। पुलिस इन सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। घायल मनीष के भाई ब्रजेश कुमार ने आरोप लगाया कि रौनक तिवारी नशे का आदी है और पहले भी कई बार विवाद कर चुका है। उन्होंने कहा कि नशे के प्रभाव में ही इस घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद परिवार में तनाव का माहौल है।

डॉक्टर बोले- पेट में लगी गोली: इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ. राजीव झा के अनुसार, युवक के पेट में गोली लगी है और गोली शरीर में फंसी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

पुलिस की कार्रवाई: घटना की सूचना मिलते ही सिमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और छापेमारी जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले का खुलासा किया जाएगा।

किसान के बेटे को पीएचडी की उपाधि

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बक्सर। जिले के गंगौली गांव निवासी शत्रुघ्न कुमार ठाकुर उर्फ संदीप ठाकुर को गणित विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से प्रोफेसर डॉ. आलोक कुमार के निर्देशन में परिवहन समस्याओं के लिए उत्तम मॉडल का अध्ययन विषय पर शोध पूरा किया। कुलपति प्रो. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने उन्हें डिग्री प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. ठाकुर का शोध प्रचालन अनुसंधान के क्षेत्र में अहम माना जा रहा है, जो संसाधनों के बेहतर आवंटन, लागत में कमी और आपूर्ति शृंखला की दक्षता से जुड़ा है। यह मॉडल सड़क, रेल और वायु परिवहन के साथ-साथ सरकारी योजनाओं में भी उपयोगी साबित हो सकता है। किसान परिवार से आने वाले डॉ. ठाकुर के पिता महेश ठाकुर मेहनती कृषक हैं, जबकि माता सुशीला देवी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों और राजनीतिक सक्रियता के बावजूद उन्होंने शोध कार्य पूरा किया। वर्तमान में वे जदयू युवा प्रदेश महासचिव के पद पर कार्यरत हैं। उनकी यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणादायक है, जो यह संदेश देती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

खेती में बेहतर उत्पादन के लिए मिट्टी जांच जरूरी, किसान उर्वरकों का करें सही उपयोग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

आरा। किसानों को खेती में बेहतर उत्पादन और मिट्टी की सेहत बनाए रखने के लिए उर्वरकों के संतुलित उपयोग करना जरूरी है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिना मिट्टी जांच के रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग न केवल फसल को नुकसान पहुंचा सकता है, बल्कि भूमि की उर्वरता को भी धीरे-धीरे कम कर देता है। ऐसे में हर किसान के लिए मिट्टी की जांच कराकर ही उर्वरकों का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर मंगलवार को कोइलवर प्रखंड के लोधीपुर गाँव में कृषि विज्ञान केंद्र एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा किसानों के लिए प्रशिक्षण हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और वैज्ञानिकों से खेती से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ. सचिदानंद सिंह ने किसानों को बताया कि मिट्टी जांच से यह पता चलता है कि खेत में किस पोषक तत्व की कमी या अधिकता है। इसके आधार पर उर्वरकों का सही मात्रा में उपयोग करने से लागत कम होती है और उत्पादन बेहतर होता है। उन्होंने जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनाने को कहा, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता लंबे समय तक बनी रहती है। आईसीएआर के वरीय वैज्ञानिक डॉ. विश्वजीत देवनाथ ने हरी खाद के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह मिट्टी को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करती है। डॉ. पवनजीत ने उर्वरकों में पोषक तत्वों की सही गणना और आधुनिक सिंचाई तकनीकों की जानकारी दी, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ फसल उत्पादन में वृद्धि होगी। तकनीकी पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार ने जैविक खेती की उन्नत विधियों को बताया। फार्मर मास्टर ट्रेनर रविश रंजन ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी साझा की। अंत में किसानों ने इस प्रशिक्षण को बेहद उपयोगी बताया और कहा कि इससे उन्हें खेती के नए तरीके सीखने को मिले हैं। विशेषज्ञों ने किसानों से कहा कि वे मिट्टी जांच को प्राथमिकता देते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग अपनाएं।

8 मई 2026 को लगेगा जॉब कैम्प

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बक्सर। बक्सर के बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है। जिला नियोजनालय बक्सर 8 मई 2026 को एक रोजगार शिविर का आयोजन कर रही है। इस शिविर में निजी कंपनी पावरपैक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कुल 200 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। यह रोजगार शिविर संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई फील्ड स्थित जिला नियोजनालय परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। भर्ती मशीन ऑपरेटर और सहायक (हेल्पर) के पदों के लिए होगी।

40 साल तक के महिला-पुरुष ले सकते है भागः इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता अनपढ़ से लेकर स्नातक तक निर्धारित की गई है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को मौका मिल सके। 18 से 40 वर्ष तक के महिला और पुरुष दोनों अभ्यर्थी इस भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को हरियाणा राज्य के रेवाड़ी जिले के बावल सेक्टर-3 में स्थित कंपनी के कार्यस्थल पर नियुक्त किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को मासिक वेतन 22,080 रुपये दिया जाएगा।

रहने और खाने की सुविधा कराई जाएगी उपलब्धः कंपनी की ओर से रहने और खाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। आवास के लिए प्रति बेड 1000 रुपए तथा भोजन के लिए प्रतिदिन 18 रुपए का प्रावधान है, जिसमें समय पर भोजन और दो बार चाय शामिल होगी। चयन पूरी तरह मौके पर ही किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिविर में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी अब तक पंजीकरण नहीं करा पाए हैं, वे राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

बायोडाटा और आधार कार्ड लेकर टाइम पर आने की अपीलः रोजगार शिविर में प्रवेश निशुल्क है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा और आधार कार्ड लेकर निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होना होगा। नियोजनालय की भूमिका केवल सुविधा प्रदाता की होगी, जबकि नियुक्ति से संबंधित सभी शर्तों के लिए नियोजक कंपनी स्वयं जिम्मेदार होगी। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने जिले के सभी बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

प. बंगाल और असम में मिला जनादेश ऐतिहासिक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बक्सर। विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने कहा कि पश्चिम बंगाल व असम के चुनावी परिणाम ने एक बार पुनः राष्ट्र के समक्ष स्पष्ट रूप से प्रकट हुआ है। सनातन की रक्षा और उसके मूल्यों की स्थापना की यह लड़ाई अब केवल शब्दों तक सीमित नहीं रही, बल्कि एक सजीव जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। प्रत्येक दिशा में सनातन चेतना का जागरण हो रहा है। समाज संगठित होकर अपने अस्तित्व, परंपरा और धर्म के संरक्षण हेतु दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के हालिया चुनाव परिणाम इस जागरण का सशक्त प्रमाण है। वर्षों से जहां सनातनियों पर दबाव, मंदिरों पर प्रतिबंध और भय का वातावरण व्याप्त था, वहीं आज हिंदू समाज की एकजुटता ने इस स्थिति को बदलकर रख दिया है। यह केवल एक राज्य का परिवर्तन नहीं, बल्कि एक व्यापक चेतना का उदय है। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होता है, तो किसी भी प्रकार की विरोधी शक्तियां अधिक समय तक टिक नहीं सकतीं। असम में पुनः प्रचंड बहुमत के साथ प्राप्त विजय इस बात का संकेत है कि सनातन मूल्यों पर आधारित सुशासन और विकास की दिशा को जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त है। यह विजय केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और वैचारिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। राजकुमार चौबे ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जो परिवर्तन की लहर उठी है, वह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सनातन चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह जनादेश स्पष्ट करता है कि सनातन को दबाने का हर प्रयास अंततः विफल होगा। आज समाज एकजुट होकर अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए संकल्पित है, और यही एक सशक्त, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण का आधार बनेगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

वैशाली के जुड़ावनपुर में विवाहिता की मौत, मां बोली- पति,सास और ननद ने मारा, घटनास्थल सील

हाजीपुर। वैशाली के जुड़ावनपुर में एक 20 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतका के मायके वालों ने पति और ससुराल के अन्य सदस्यों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर बिदुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान पूजा कुमारी (20) के रूप में हुई है। वह बिदुपुर के कंचनपुर निवासी शंकर साह की बेटी थीं। पूजा का विवाह लगभग 11 महीने पहले जुड़ावनपुर निवासी स्वर्गीय हरिचंद्र साह के बेटे अजीत कुमार से हुआ था। मायके वालों ने आरोप लगाया है कि पूजा की सास और ननद ने उसकी हत्या की है। मृतका के पति अजीत कुमार केरल में मजदूरी करते हैं और घटना के समय वहीं थे। घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और आगे की जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की टीम को बुलाया गया है। FSL की टीम ने घटनास्थल से आवश्यक नमूने एकत्र कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि ससुराल के लोग, खासकर पति की मौसी, पूजा को प्रताड़ित करती थीं। उनका कहना है कि पूजा अपनी सास की सेवा नहीं करती थी, जिसके कारण सास और बहू के बीच विवाद होता रहता था। मां के अनुसार, हत्या के बाद शव को घर से ले जाकर गंगा नदी में ठिकाने लगाने की कोशिश की जा रही थी। इसी दौरान मायके वाले घटनास्थल पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी शव को घर के बाहर छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर छोड़कर भाग गए हैं। बिदुपुर थाना अध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि परिजनों से लिखित आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया है।

नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता प्रेग्नेंट, वीडियो वायरल की धमकी देकर ब्लैकमेल, एफआईआर के बाद भी पुलिस सुस्त

हाजीपुर। वैशाली के लालगंज में एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती हो गई है। घटना के महीनों बाद भी पीड़िता न्याय के लिए भटक रही है, जबकि पुलिस प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। पीड़िता ने बताया कि यह घटना तब हुई जब पड़ोस की एक सहेली पूजा कुमारी जो रिश्ते में बुआ लगती थी, उसे अपने घर ले गई। सहेली ने बहाना बनाया कि वह घर में अकेली है और उसे डर लगता है, इसलिए पीड़िता रात में उसके साथ सोए। पीड़िता के मना करने पर सहेली ने उसके परिजनों को भी अपनी परेशानी बताकर भरोसे में लिया। पड़ोसी लड़की के घर पहुंचने के बाद, उसने बगल के दो लड़कों साहिल और वरुण कुमार को भी वहां बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर नाबालिग को दूध और पानी में कुछ नशीला पदार्थ पिलाकर सुला दिया। पीड़िता के अनुसार, अगली सुबह उठने पर उसे अपने कपड़े बिखरे मिले, जिससे उसे एहसास हुआ कि उसके साथ गलत हुआ है। इस घटना के बाद, पड़ोसी लड़की और दोनों लड़कों ने मिलकर नाबालिग को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वे उसे बार-बार संबंध बनाने के लिए दबाव डालते थे और ऐसा न करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते थे। डर के मारे पीड़िता ने किसी को कुछ नहीं बताया। हाल ही में, करीब एक-दो महीने पहले, पीड़िता के शरीर में कुछ बदलाव आने पर वह अपनी मां के साथ सदर अस्पताल पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि वह गर्भवती है। परिजनों द्वारा पूछताछ करने पर उसने पूरी घटना बताई। सामाजिक स्तर पर न्याय न मिलने के बाद, पीड़ित परिवार ने लालगंज थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। हालांकि, प्राथमिकी के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे पीड़ित पक्ष न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। अभी तक दोनों आरोपी फरार चल रहा है।

60 लाख में तय होती थी नीट की एक सीट, मुजफ्फरपुर के 3 बदमाश समेत 4 अरेस्ट

मुजफ्फरपुर। NEET परीक्षा में सॉल्वर बैठाकर पास कराने वाले संगठित गिरोह के बदमाश अरेस्ट हुए है। इस मामले में पहले गिरफ्तार सरगनाओं की निशानदेही पर पुलिस ने मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों में छापेमारी कर चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब तक इस कांड में कुल 7 बदमाशों को पकड़कर जेल भेजा जा चुका है। 3 मई की रात पावापुरी थाना पुलिस ने गाड़ी चेकिंग के दौरान दो लग्जरी गाड़ियों (स्कॉर्पियो-N और ब्रेजा) से तीन सरगनाओं को गिरफ्तार किया था। इनमें मुख्य आरोपी विम्स मेडिकल कॉलेज का MBBS छात्र अवधेश कुमार है। उसके मोबाइल की जांच में कई अहम सुराग मिले, जिसके बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि गिरोह NEET परीक्षा पास कराने के लिए एक अभ्यर्थी से 50 से 60 लाख रुपए तक वसूलता था। इसमें से 1.5 से 2 लाख रुपए एडवांस के तौर पर पहले ही ले लिए जाते थे। इसके बाद परीक्षा केंद्र पर असली कैंडिडेट की जगह सॉल्वर बैठाने की तैयारी की जाती थी। सरगनाओं की निशानदेही पर पुलिस ने औरंगाबाद, जमुई और मुजफ्फरपुर समेत अलग-अलग जिलों में छापेमारी कर चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये सभी परीक्षा में सॉल्वर बैठाने वाले थे, लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के कारण योजना पूरी नहीं हो सकी। पुलिस ने जिन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें सीतामढ़ी के साउथ गेट, सदर अस्पताल क्षेत्र निवासी डॉ. नरेश कुमार दास के बेटे हर्षराज के साथ मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र के शेखपुर निवासी मनोज कुमार (पिता- सुरेंद्र प्रसाद यादव) शामिल है। इसके अलावा बोचहां निवासी गौरव कुमार (पिता- अभिषेक रंजन) और हथौरी थाना क्षेत्र के बलुआ निवासी सुभाष कुमार (पिता- कुशेश्वर साह) अरेस्ट हुआ है। चारों को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि परीक्षा से पहले ही 1.5 से 2 लाख रुपए एडवांस सरगना को दिए जाते थे और पास कराने के लिए 50-60 लाख रुपए तक की डील फाइनल होती थी। इस गिरोह में उज्ज्वल राज उर्फ राजा बाबू, अवधेश कुमार और अमन कुमार सिंह मुख्य भूमिका में थे। गिरफ्तार आरोपियों को 5 मई को कोर्ट में पेश कर जेल में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े और भी लोगों का खुलासा हो सकता है।

एक करोड़ की शराब बरामद:राजस्थान से लाई जा रही थी खेप, आलू की बोरी के नीचे थी 10 हजार लीटर शराब

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करजा थाना पुलिस ने विदेशी शराब की खेप बरामद की है। ट्रक में आलू की बोरी के नीचे छिपाकर लाई जा रही करीब 10 हजार 250 लीटर अवैध शराब को जब्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक आंकी जा रही है। सरैया एसडीपीओ गरिमा कुमारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजस्थान से बिहार शराब की एक बड़ी खेप करजा थाना क्षेत्र से गुजरने वाली है। सूचना मिलते ही एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर इलाके में घेराबंदी की गई। जांच के दौरान एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया। पहली नजर में ट्रक सामान्य मालवाहक गाड़ी लग रहा था, लेकिन सघन तलाशी के दौरान पुलिस की आंखें खुली रह गईं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 9 हजार रुपए नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसके मोबाइल के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) को खंगाला जा रहा है, ताकि इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े मुख्य सरगनाओं तक पहुंचा जा सके। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि शराब की यह खेप किस स्थान तक पहुंचाई जानी थी।

पटना में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

हिंदी के उपयोग बढ़ाने पर जोर

पटना। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2) की छमाही बैठक बुधवार को पटना के जल भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र ने की। बैठक के साथ ही राजभाषा कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें पटना स्थित केंद्र सरकार के 31 कार्यालयों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रयोग और उसकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सदस्य सचिव सत्येन्द्र कुमार ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से साझा किया। रिपोर्ट को समग्र रूप से संतोषजनक बताया गया, हालांकि कुछ कार्यालयों में सुधार की आवश्यकता भी चिन्हित की गई।

इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय कोलकाता से आए उपनिदेशक विवित्र सेन गुप्त ने हिंदी के उपयोग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और उपस्थित अधिकारियों के सवालों के जवाब दिए। अध्यक्ष राजीव रंजन शुक्ला ने अपने संबोधन में सभी विभागों से राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल करने का आह्वान किया और सुझाव दिया कि जो कार्यालय कार्यशालाएं आयोजित कर रहे हैं, वे अन्य कार्यालयों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

बैठक के दौरान राजीव रंजन शुक्ला द्वारा उपनिदेशक विवित्र सेन गुप्त को समिति की छमाही पत्रिका "भूजल दर्पण" भेंट की गई। साथ ही उनकी काव्य रचना "प्रकृति की गूंज" का विमोचन भी किया गया, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम का संचालन और स्वागत संबोधन सीपर्णा नायक ने किया, जबकि अंत में दिव्या कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस बैठक के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन और सरकारी कार्यों में उसके व्यापक उपयोग को लेकर नई दिशा तय करने का प्रयास किया गया।

पटना में तेज बारिश के साथ गिरे ओले, दोपहर में छाया अंधेरा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ पूर्णिया में बिजली गिरने से 2 की मौत, 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

पटना। बिहार में पिछले 5 दिन से मौसम बदला हुआ है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 15 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली भी गिरने की आशंका है। इस बीच पटना में तेज बारिश शुरू हो गई है। कई इलाकों में ओले भी गिरे हैं। बारिश के दौरान यहां दोपहर में ही अंधेरा छा गया। किशनगंज, सुपौल, अररिया और खगड़िया में तेज बारिश हुई है। कई जिलों में काले बादल छाए हैं। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 89.7 MM बारिश रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य से 182% अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आंधी-बारिश की ये स्थिति 7 मई तक रहेगी। हालांकि, 8 मई के बाद मौसम साफ होने की संभावना है। इधर, पूर्णिया में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पंच सदस्य सर्ववैली गांव निवासी मो. इकराम (50) और डहरिया निवासी सिमरन कुमारी (20) शामिल हैं। सुपौल में ठनका गिरने से एक महिला घायल हुई है।

बिहार में 89.7MM बारिश रिकॉर्ड: बिहार में वास्तविक बारिश 89.7 MM दर्ज की गई है, जबकि सामान्य बारिश 31.8 MM होती है। राज्य में सामान्य से 182% अधिक बारिश दर्ज की गई है। वैशाली के हाजीपुर में 59.0 मिमी, बक्सर के सिमरी में 58.6 मिमी, डुमरांव में 58.2 मिमी, जहानाबाद के काको में 56.0 मिमी, बक्सर के इटाढ़ी में 55.2 मिमी, खगड़िया के बलतारा में 55.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, नवादा के हिसुआ में 52.4 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा अन्य जिलों में भी 40 से 50 मिमी के बीच बारिश हुई है।

अनंत सिंह पर एफआईआर, हथियारों संग समर्थकों ने किया था डांस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ जनेऊमें मुजरा देख रहे थे जेडीयू विधायक, बोले- मैंने कोई गलत काम नहीं किया

पटना। गोपालगंज पुलिस ने मोकामा से JDU विधायक और बाहुबली अनंत सिंह पर FIR दर्ज की है। 3 दिन पहले अनंत सिंह गोपालगंज के मीरगंज में एक जनेऊ कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां उनके समर्थकों ने खुलेआम हथियार लहराए थे। इसी कार्यक्रम में अश्लील डांस भी हुआ था। अनंत सिंह डांस पर तालियां बजाते दिखाई दिए थे। हथियार लहराने और डांस का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला गया था। इस पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने 9 नामजद समेत कई लोगों पर केस दर्ज किया है। गोपालगंज में मामले को लेकर अनंत सिंह ने कहा, "हमने कोई कानून का उल्लंघन नहीं किया और न ही कोई गलत काम किया। जब वह वहां पहुंचे, उस समय कोई व्यक्ति राइफल लेकर नाच-गा रहा था, उससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। उनका कहना है कि उन्होंने किसी भी तरह का कानून नहीं तोड़ा।" उन्होंने कहा, "अगर कहीं जाने को लेकर कोई नियम है, तो यह स्थानीय SP की जिम्मेदारी होती है कि वह स्पष्ट आदेश जारी करे। यदि SP यह निर्देश दें कि उन्हें वहां नहीं जाना है, तो वह बिल्कुल नहीं जाएंगे।

दानापुर रेलवे स्कूल में 'मासिक धर्म स्वच्छता' पर जागरूकता कार्यक्रम, छात्राओं को दी गई अहम जानकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

हाजीपुर: पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की पहल पर दानापुर स्थित ईस्ट सेंट्रल रेलवे उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को "मासिक धर्म स्वच्छता" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम "पुलकित पंख" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। इस पहल का नेतृत्व संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने किया। कार्यक्रम को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए छात्राओं के बीच वृत्तचित्र, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई, ताकि वे विषय को सहज तरीके से समझ सकें।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सक डॉ. श्रेया झा ने मासिक धर्म से जुड़ी शारीरिक और मानसिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और छात्राओं को सही स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जागरूक किया। उन्होंने इस विषय से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। अध्यक्षा सुनीता सिंह ने छात्राओं से खुलकर संवाद किया और उनके मन में मौजूद झिझक व डर को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और जागरूकता से ही आत्मविश्वास बढ़ता है और जीवन में आगे बढ़ने की राह आसान होती है।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का उद्घाटन भी किया गया, जिससे छात्राओं को आवश्यक सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम में निशी देव सहित संगठन की कई पदाधिकारी मौजूद रहीं। समापन के दौरान 150 से अधिक छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन और खाद्य पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मनीषा सिन्हा, पूनम श्रीवास्तव, प्रियंका सिंह समेत अन्य सदस्याओं की सक्रिय भागीदारी रही। यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा, बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास और खुलकर अपनी बात रखने की भावना को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ।

पटना में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, उधार के रुपए मांगने गई थी पड़ोसी के घर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

❑ कहा- महिला सीढ़ी से गिर गई है, एफएसएल जांच करने पहुंची

पटना। पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के केपी सरकार रोड में बुजुर्ग की हत्या का आरोप लगा है। मृतका की पहचान सुधा देवी (72) के तौर पर हुई है। बेटी सरिता सिंह ने बताया कि मंगलवार को मेरी मां पड़ोस के रहने वाले विभा देवी और श्रवण को लगभग 12000 उधार के तौर पर दी थी। जब भी मेरी मां अकेले रुपए मांगने के लिए जाती थी तो वह बदसलूकी करता था। मैं साथ जाती थी तो डांट देता था। इस बार उसने 4 तारीख को रुपए वापस करने की डेट दी थी, लेकिन रुपए नहीं दिया। मेरी मां कल दोपहर लगभग 2:30 बजे मेरे घर से 100 मीटर दूर रुपए लेने उनके घर पुरंदरपुर देवी स्थान गई थी। वहां जाने के 2 ढाई घंटे के बाद मेरे घर पर आकर विभा देवी ने मेरे बेटे को बताया कि मां सीढ़ी से गिर गई है।

तब तक वह ढाई घंटे इधर-उधर मेरी मां को घूमाती रही। घटना के बाद सबसे पहले एक निजी नर्सिंग होम में लेकर गए वहां से गर्दनीबाग लेकर गए। जब वहां से डॉक्टर ने पीएमसीएच रेफर कर दिया तब जानकारी दी। मुझे आशंका है कि उन लोगों ने वहां पर मारपीट की, जिसमें मेरी मां की मौत हो गई है।

PMCH में बेटी ने दिया

पुलिस के सामने स्टेटमेंट: बेटी ने पीएमसीएच में TOP पदाधिकारी के सामने अपना स्टेटमेंट रिकॉर्ड कराया। इसके बाद घटना की जानकारी लेने मच जक्कनपुर थाने के एडिशनल एसएचओ मनीष कुमार पहुंचे थे। उन्होंने परिजनों से बातचीत की और घटना की जानकारी ली।

फॉरेंसिक टीम बुलाई गई: परिजनों के स्टेटमेंट के बाद आज पुरंदरपुर स्थित श्रवण और विभा देवी के घर पर फॉरेंसिक की टीम जांच के लिए पहुंची थी। वहां से सैंपल लिए गए हैं। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

फतुहा में श्रुति श्री निर्विरोध प्रखंड प्रमुख बनीं, अनुमंडल कार्यालय में हुआ चुनाव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। पटना के फतुहा प्रखंड की राजनीति में आखिरकार बड़ा उलटफेर पूरा हुआ। बुधवार को पटना सिटी अनुमंडल कार्यालय में कड़ी सुरक्षा और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बीच हुए चुनाव में श्रुति श्री को निर्विरोध प्रखंड प्रमुख चुन लिया गया। अविश्वास प्रस्ताव के बाद खाली हुई इस कुर्सी पर अब श्रुति श्री का कब्जा हो गया है। बता दें कि इस सियासी बदलाव की पटकथा 23 मार्च को ही लिख दी गई थी, जब तत्कालीन प्रमुख रजनीश कुमार के खिलाफ सदस्यों ने मोर्चा खोलते हुए अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। 1 अप्रैल को हुई वोटिंग में 18 में से 12 सदस्यों ने उनके खिलाफ मत देकर उन्हें पदमुक्त कर दिया था। इसी क्रम में आज एसडीओ सत्यम सहाय की मौजूदगी में नए प्रमुख का चयन किया गया।

आज के चुनाव में प्रखंड के कुल 18 पंचायत समिति सदस्यों में से 11 सदस्य श्रुति श्री के समर्थन में अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। कोरम और बहुमत के आधार पर निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें विजेता घोषित कर प्रमाण पत्र सौंपा।

7 सदस्य इस चुनावी प्रक्रिया से पूरी तरह नदारद रहे: दिलचस्प बात यह रही कि विपक्षी खेमे के 7 सदस्य इस चुनावी प्रक्रिया से पूरी तरह नदारद रहे, जिससे श्रुति श्री की राह आसान हो गई। प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद नवनिर्वाचित प्रमुख ने अपनी जीत का श्रेय अपने कार्यों और सदस्यों के भरोसे को दिया। उन्होंने पूर्व नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता पूर्व की कार्यशैली से असंतुष्ट थी और बदलाव चाहती थी।

उन्होंने आगे कहा कि सरकारी योजनाओं को बिना देरी के धरातल पर उतारा जाएगा। आम लोगों की बुनियादी दिक्कतों को दूर करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। प्रखंड के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सदस्यों को साथ लेकर काम करेंगी। वहीं फतुहा प्रखंड कार्यालय में जीत का जश्न मनाया गया। फतुहा पहुंचते ही लोगों ने प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री को माल्यार्पण व गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया।

आईआरसीटीसी घोटाला मामले में फैसला टला, 22 मई को फैसला सुनाएगी कोर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। IRCTC घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में फैसला टल गया है। कोर्ट ये फैसला अब 22 मई को फैसला सुनाएगी। अदालत ने पहले ही आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी कर ली थी और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। ED ने लालू यादव परिवार के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव समेत राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई का रास्ता साफ हो सकता है। बताया जा रहा कि लालू परिवार ने निचली अदालत के अक्टूबर 2025 के उस आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप तय किए गए थे। वहीं, केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने इस याचिका का विरोध करते हुए अदालत में कहा कि उनके पास मामले से जुड़े पर्याप्त और पुख्ता सबूत मौजूद हैं। CBI का दावा है कि जांच के दौरान कई अहम दस्तावेज और साक्ष्य सामने आए हैं, जो आरोपों को मजबूत करते हैं। यह मामला उस समय का है जब लालू प्रसाद यादव केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि उनके कार्यकाल के दौरान IRCTC के तहत आने वाले रांची और पुरी स्थित दो होटलों के टेंडर में अनियमितताएं की गईं। जांच एजेंसियों के अनुसार, इन होटलों और उनसे जुड़ी जमीनों को निजी कंपनियों को नियमों की अनदेखी करते हुए पट्टे पर दिया गया। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव था और इससे कुछ निजी कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

सुपौल अवर निबंधक अमरेन्द्र कुमार पर ईओयू का एक्शन, पटना समेत 4 ठिकानों पर छापेमारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने बुधवार सुबह सुपौल के जिला अवर निबंधक अमरेन्द्र कुमार के पटना सहित 4 ठिकानों पर छापेमारी की है। अमरेन्द्र कुमार पर आय से लगभग 65.08 प्रतिशत अधिक संपत्ति जमा करने का आरोप है। ईओयू सूत्रों के मुताबिक, अमरेन्द्र कुमार के खिलाफ सत्यापन के बाद आर्थिक अपराध इकाई थाना कांड संख्या-06/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि अमरेन्द्र कुमार ने अपनी वैध आय से लगभग 1 करोड़ 10 लाख 64 हजार रुपए अधिक संपत्ति अर्जित की है।

पटना सहित 4 ठिकानों पर छापेमारी जारी: माननीय विशेष न्यायालय निगरानी, पटना से तलाशी वारंट मिलने के बाद, ईओयू ने बुधवार सुबह एक साथ चार अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। जिन स्थानों पर छापेमारी की जा रही है, उनमें पटना के दीघा आशियाना रोड स्थित राज अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या- 305, सारण (छपरा) स्थित पैतृक आवास, सुपौल स्थित उनका कार्यालय और किराये का घर भी शामिल है।

EOU के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, जांच में यह जानकारी मिली है कि अमरेंद्र कुमार ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के पास बागडोगरा इलाके में एक बड़ा जमीन खरीद रखा है। यह जमीन दार्जिलिंग व्यू सोसाइटी में स्थित है, जहां उन्होंने करीब 30 से 35 कट्ठा भूमि अपने नाम पर ली है। इस संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। EOU को मिले दस्तावेजों और प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि इस जमीन की घेराबंदी पर ही लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। खास बात यह है कि जमीन को साधारण तरीके से नहीं, बल्कि किलानुमा संरचना बनाकर सुरक्षित किया गया है, जिससे इसकी भव्यता और निवेश की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। जांच एजेंसी अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि इतनी बड़ी राशि का निवेश किन स्रोतों से किया गया और क्या इसमें अवैध आय का उपयोग हुआ है। साथ ही जमीन खरीद से जुड़े दस्तावेजों और लेन-देन के विवरण को भी खंगाला जा रहा है। EOU के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मिले इस साक्ष्य से जांच को नई दिशा मिली है। अधिकारियों का दावा हैं कि छापेमारी के बाद और भी चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

झारखंड सरकार ट्रेजरी घोटाले को सुनियोजित तरीके से दबाने की कोशिश कर रही है: प्रतुल शाहदेव

एजेंसी। रांची

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर करीब 10 हजार करोड़ रुपये के कथित ट्रेजरी घोटाले को दबाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में निष्पक्ष जांच कराने के बजाय इसे सुनियोजित तरीके से दबाने में लगी है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार ने वित्त विभाग के पत्रांक (2)-12/26, 252 के तहत केवल तीन साल से अधिक समय से एक ही पद पर कार्यरत क्लर्कों के तबादले का आदेश जारी किया है, जबकि पुलिस अधीक्षक (एसपी), पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और ट्रेजरी अधिकारी अब भी अपने पदों पर बने हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य आरोप इन्हीं अधिकारियों पर हैं, जिन्हें अब तक नहीं हटाया गया है। उन्होंने बताया कि उत्पाद सचिव के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने शुरुआत में वर्ष 2020 से रिकॉर्ड मांगा था और 8 मई को टीम बोकारो जाने वाली है। हालांकि महालेखा परीक्षक (एजी) की आपत्ति के बाद अब वर्ष 2011 से रिकॉर्ड मांगा जा रहा है। प्रतुल के अनुसार, यह कदम जांच को कमजोर करने की मंशा से उठाया गया है। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि जांच समिति में सीआईडी के वर्तमान आईजी को शामिल नहीं कर पुलिस के मानवाधिकार आईजी को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही एसआईटी के कुछ सदस्य ऐसे हैं, जिनका कार्यकाल उन जिलों में रहा है, जहां कथित तौर पर ट्रेजरी घोटाले की घटनाएं हुई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि बोकारो ट्रेजरी के स्ट्रांग रूम में 12 से 14 किलो सोना जमा है, जिसकी वर्तमान स्थिति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने मांग की कि एसआईटी टीम स्ट्रांग रूम की जांच कर सोने का भौतिक सत्यापन करे। प्रतुल शाहदेव ने झारखंड वित्तीय नियमावली और ट्रेजरी कोड के नियम 305 का हवाला देते हुए कहा कि डीडीओ और ट्रेजरी अधिकारियों को अपने दायित्वों के प्रति गंभीर होना चाहिए, लेकिन एक माह बीत जाने के बावजूद संबंधित अधिकारी अपने पदों पर बने हुए हैं, जिससे जांच प्रभावित हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रिंसिपल एजी की 2 अप्रैल 2026 की रिपोर्ट में ट्रेजरी में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के प्रमाण सामने आए थे। रिपोर्ट के अनुसार 58 प्रतिशत डीए में असामान्य वृद्धि, मास्टर डाटा नियंत्रण में गंभीर खामियां, 2175 मामलों में जन्मतिथि में बदलाव, 2890 पैन नंबर में गड़बड़ी और 5037 कर्मचारियों की जॉइनिंग तिथि में छेड़छाड़ पाई गई थी। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सरकार का रवैया यह संकेत देता है कि इस "मदर ऑफ स्कैम" को दबाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया, तो भाजपा भविष्य में आंदोलनात्मक कदम उठाएगी। प्रेस वार्ता में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी मौजूद थे।

राज्यपाल से मिला हिन्दू जनजागृति समिति का शिष्टमंडल, डिजिटल व्यसन व उपभोक्ता हितों के मुद्दे उठाए

एजेंसी। रांची

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को हिन्दू जनजागृति समिति के राज्य समन्वयक शंभू गवारे के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने रांची स्थित लोकभवन में मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल ने विभिन्न समसामयिक और जनहित से जुड़े मुद्दों पर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निजी बस संचालन में ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म्स द्वारा कथित रूप से अधिक किराया वसूली का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया गया। साथ ही डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग से उत्पन्न उपभोक्ता हितों से जुड़ी चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए इस दिशा में एक समग्र राष्ट्रीय नीति बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने विद्यार्थियों में बढ़ते 'डिजिटल व्यसन' को गंभीर समस्या बताते हुए बच्चों और युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास पर इसके दुष्प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने 'स्क्रीन टाइम' के विनियमन और डिजिटल उपयोग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करने की जरूरत बताई। शिष्टमंडल ने महाराष्ट्र के नासिक स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में सामने आए एक प्रकरण का हवाला देते हुए कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने ऐसे मामलों में प्रभावी और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पहल की मांग की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, पुरातात्विक विशेषज्ञ एवं समाजसेवी एसडी सिंह, पूजा चौहान समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

गैस सिलेंडर कीमतों में वृद्धि के खिलाफ 7 मई को रांची में झामुमो का धरना-प्रदर्शन

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में 7 मई (गुरुवार) को रांची में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी झामुमो रांची जिला समिति के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। मुस्ताक आलम ने बताया कि यह धरना केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों और लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में गैस सिलेंडर के दामों में हुई भारी बढ़ोतरी ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। झामुमो के अनुसार, छोटे गैस सिलेंडरों में 261 रुपये और कमर्शियल सिलेंडरों में 993 रुपये तक की वृद्धि की गई है। झामुमो का कहना है कि यह बढ़ोतरी सीधे तौर पर आम जनता, मजदूर वर्ग और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ डाल रही है। मुस्ताक आलम ने कहा कि गैस की कीमत बढ़ने से महंगाई और तेज हो रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। खासकर ठेला-खोमचा चलाने वाले, ढाबा संचालक और छोटे रेस्टोरेंट व्यवसायी इस वृद्धि से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि धरना-प्रदर्शन 7 मई को सुबह 11:30 बजे कचहरी स्थित सुभाष चंद्र बोस पार्क के सामने आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला और महानगर समिति के सदस्य, प्रखंड और वार्ड स्तर के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। झामुमो ने कहा है कि यह आंदोलन जनता की आवाज को बुलंद करने और महंगाई के खिलाफ संघर्ष का हिस्सा है। पार्टी ने अधिक से अधिक लोगों से इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, 10 हजार का आर्थिक दंड

पश्चिमी सिंहभूम। चाईबासा स्थित विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उस पर 10 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। यह मामला किरीबुरू थाना क्षेत्र का है जो 09 अप्रैल 2024 को दर्ज किया गया था। इसमें पोक्सो से विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। करमपदा निवासी दिलीप गुडिया (पिता–पियुस गुडिया) पर आरोप था कि उसने नाबालिग बच्ची को डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में किरीबुरू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जांच के दौरान पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन किया, जिसमें पीड़िता की मेडिकल जांच रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों और अन्य गवाहों के बयान और तकनीकी साक्ष्य शामिल थे। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश, प्रथम विनोद कुमार सिंह की अदालत ने सभी साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपित को दोषी करार दिया।

टाटानगर स्टेशन पर हाई वोल्टेज तार की चपेट में आया युवक, हालत नाजुक

पूर्वी सिंहभूम। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह एक हादसा सामने आया, जिसने स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मचा दी। प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर खड़ी मालगाड़ी पर चढ़ने की कोशिश कर रहे एक युवक की ऊपर से गुजर रहे करीब 25 हजार वोल्ट के हाई टेंशन ओवरहेड इलेक्ट्रिक तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी स्थिति बेहद नाजुक बताई जा रही है। घटना सुबह लगभग 11 बजकर 7 मिनट की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अचानक प्लेटफॉर्म पर खड़ी मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। इससे पहले कि कोई उसे रोक पाता, वह सीधे ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज ओवरहेड वायर के संपर्क में आ गया। तार छूते ही जोरदार धमाका हुआ और चिंगारियों के साथ युवक आग की लपटों में घिर गया। कुछ ही सेकंड में वह गंभीर रूप से झुलसकर नीचे गिर पड़ा। इस भयावह दृश्य को देखकर प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सरकारी रेल पुलिस (जीआरपी) और रेलवे के अन्य अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार युवक का शरीर काफी हद तक झुलस चुका है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन भी सतर्क हो गया है। रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक स्टेशन परिसर में कैसे पहुंचा और मालगाड़ी पर चढ़ने के पीछे उसकी क्या मंशा थी। आरपीएफ थाना प्रभारी राकेश मोहन ने बताया कि घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

जैक इंटर का रिजल्ट जारी, 96.68 प्रतिशत उत्तीर्णता के साथ बेटों से आगे रहीं बेटियां

एजेंसी। रांची

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने बुधवार को इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। रिजल्ट को जैक के अध्यक्ष डॉ. नटवा हांसदा ने औपचारिक रूप से घोषित किया। इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा और कुल पास प्रतिशत 96 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया। जैक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 85,104 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 81,144 छात्र सफल रहे। लड़कों का पास प्रतिशत 95.34 प्रतिशत रहा। वहीं, छात्राओं ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन करते हुए 96.68 प्रतिशत सफलता दर हासिल की। परीक्षा में कुल 1,25,991 छात्राएं शामिल हुई थीं, जिनमें से 1,21,814 सफल रहीं। जैक अध्यक्ष ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही जिन छात्रों का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, उन्हें निराश न होने और आगे बेहतर प्रदर्शन करने की सलाह दी गई है। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार परिणाम को डिजिटल प्लेटफॉर्म DigiLocker पर जारी किया गया है। छात्र आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपना स्कोरकार्ड तुरंत देख सकते हैं।

ऐसे चेक करें अपना स्कोरकार्ड- छात्र-छात्राएं सबसे पहले डिजीलॉकर की वेबसाइट या ऐप पर जाएं और झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) सेक्शन को चुनें। इसके बाद अपना रोल कोड और रोल नंबर दर्ज करें। स्क्रीन पर मार्कशीट दिखाई देगी, जिसे डाउनलोड कर भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में 166 आरोपितों की जमानत पर फैसला सुरक्षित

एजेंसी। रांची

उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 166 आरोपितों की जमानत याचिका पर बुधवार को अपर न्यायायुक्त योगेश की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। दरअसल, 11 अप्रैल को आयोजित उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के आरोप में पुलिस ने 166 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें अधिकांश परीक्षार्थी शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद सभी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। मामले में पुलिस को 11 अप्रैल की रात सूचना मिली थी कि तमाड़ के रड़गांव स्थित एक अर्धनिर्मित भवन में संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं और बड़ी संख्या में लोग जमा हैं। सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी दल ने देर रात वहां छापा मारा। पुलिस टीम को देखते ही मौके पर मौजूद लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर 166 लोगों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों में अंतरराज्यीय पेपर लीक और सॉल्वर गिरोह के पांच मुख्य सरगना अतुल वत्स, विकास कुमार, शेर सिंह, आशीष कुमार और योगेश प्रसाद भी शामिल हैं। इसके अलावा सात महिला आरोपितों को भी हिरासत में लिया गया है। जांच में सामने आया है कि गिरोह के एजेंटों ने अभ्यर्थियों को रड़गांव में ठहराया था और उन्हें संभावित प्रश्नों के उत्तर रटवाए जा रहे थे। इस दौरान अभ्यर्थियों के मोबाइल फोन और एडमिट कार्ड अपने कब्जे में रख लिए गए थे। बताया जा रहा है कि प्रत्येक अभ्यर्थी से लगभग 10 लाख रुपये में सौदा तय किया गया था। कुछ अभ्यर्थियों ने भुगतान के लिए बैंक चेक भी दिए थे। इस मामले में तमाड़ थाना में कांड संख्या 21/2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। कुल आरोपितों में 152 पुरुष अभ्यर्थी, 7 महिला अभ्यर्थी, 5 मुख्य सरगना और अन्य शामिल हैं। सभी आरोपितों को 13 अप्रैल को अदालत में पेश किया गया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। अब सभी की नजर अदालत के फैसले पर टिकी है।

गर्मी में चाईबासा प्रमंडल के 18 चापाकल हुए दुरुस्त, ग्रामीणों को मिली राहत

एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम

भीषण गर्मी और बढ़ते पेयजल संकट के बीच पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने राहत पहुंचाने के लिए पहल तेज कर दी है। उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चाईबासा द्वारा विभिन्न प्रखंडों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुल 18 चापाकलों को ठीक कर पुनः चालू किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को काफी राहत मिली है। अभियान के दौरान सदर चाईबासा प्रखंड के टोंटो पंचायत अंतर्गत बड़बिल गांव के मछुआसाई टोला में एक तथा घाघरी गांव के टीरगलसाई टोला में दो चापाकलों की मरम्मत की गई। वहीं नोवामुंडी प्रखंड के बड़ा पासेया पंचायत स्थित डुमरजोवा गांव के तिरियासाई और दिउरीसाई टोला में दो चापाकलों को दुरुस्त किया गया। इसी क्रम में जगन्नाथपुर प्रखंड के बड़ानंदा पंचायत के बड़ानंदा गांव में गरीब बस्ती, खास और मुंडा चौक (खास) टोला में तीन चापाकलों को चालू किया गया। खुंटपानी प्रखंड के लोहरदा पंचायत अंतर्गत अरगुंडी गांव के मुंडासाई और कोजसेबेड़ा टोला में तीन चापाकलों की मरम्मत की गई। टोंटो प्रखंड के बड़ा झींकपानी पंचायत स्थित सन झींकपानी गांव के उपर टोला और टुंगरी टोला में चार चापाकलों को ठीक किया गया। तांतनगर प्रखंड के कोचको पंचायत के रुईबाना गांव के सिरूसाई टोला में एक चापाकल को दुरुस्त किया गया, जबकि झींकपानी प्रखंड के केलेंडे पंचायत अंतर्गत विस्वेमपुर गांव के बंदासाई टोला में दो चापाकलों की मरम्मत की गई।

झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०
कार्यालय
विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1
Email- eee.garhwa1@jbvnl.co.in Mobile No.:- 9431707405

आम सूचना

झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, राँची के शीर्ष निगम से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में इस कार्यालय के कार्यालय आदेश संख्या 19 दिनांक 14.03.2024 द्वारा गठित I.R.G.C कोषांग एवं महा प्रबंधक सह मुख्य अभियन्ता, विद्युत आपूर्ति क्षेत्र, मेदिनीनगर का पत्रांक 150 दिनांक 22.04.2026 एवं कार्यालय आदेश संख्या 20 दिनांक 28.04.2026 द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में I.R.G.C कोषांग के सफल संचलान हेतु इस प्रमण्डल अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत समस्याओं से संबंधित शिकायत के निष्पादन हेतु दूरभाष संख्या 9942822373 जारी किया जाता है। विद्युत उपभोक्ता उक्त दूरभाष संख्या पर अपनी शिकायत कॉल/मैसेज (वाट्सअप)/ई–मेल (eee.garhwa1@jbvnl.co.in) के माध्यम से 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक किसी भी कार्य दिवस में दर्ज करा सकते हैं।

ह०/–
(महेश्वर कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1

PR 379123 (Energy) 26-27 (D)

निविदा सूचना

प्रा. कृषि साख सहयोग समिति, खरांट

निविदा संख्या : 18/नवादा 2008 पत्रांक : 33

सूचित किया जाता है कि खरांट पैक्स अंतर्गत **प्रबंधक पद** पर बहाली हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **आवेदन जमा करने की तिथि 06-05-2026 से 15-05-2026, शाम 5:00 बजे तक निर्धारित है।** अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक (आर्ट्स/साइंस) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही कंप्यूटर संबंधी डिग्री/प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

अध्यक्ष
सत्येन्द्र प्रसाद सिंह

आवास
पकरिया, खरांट पैक्स
7667016248

कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
Emaiil:- zilaparishad.palamu@gmail.com
अन्तिम नोटिस

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू का आदेश ज्ञापांक 1248/दिनांक 25.11.2022 के द्वारा प्रखंड पाटन के लोहिया चौक पर विधायक मद से निर्मित दुकान (भू–तल) जिला परिषद पलामू को हस्तांतरित किया गया। दिनांक 13.09.2025 को सम्पन्न जिला परिषद बोर्ड के बैठक की कार्यवाही कंडिका 12 (iii) मे लिए गये निर्णय के आलोक मे इस कार्यालय का आदेश ज्ञापांक 2280/जि0प0, दिनांक 11.11.2025 के द्वारा किराया निर्धारण किया गया है। इस कार्यालय का आम सूचना ज्ञापांक 605/जि0,प0, दिनांक 09.03.2026 एवं द्वितीय नोटिस ज्ञापांक 687/जि0प0, दिनांक 01.04.2026 के द्वारा दुकान आवंटियो को अवगत कराते हुए प्रचारित–प्रसारित किया जा चुका है। परन्तू निम्न दुकानदारो का बकाया किराया अबतक अप्राप्त हैं–

क0 सं0	नाम	पिता का नाम	दुकान संख्या	निर्धारित किराया	बकाया कुल माह (दिसम्बर 2022 से फरवरी 2026 तक)	कुल बकाया राशि	10% व्याज सहित राशि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	अखिलेश कु0पाण्डेय	योगेन्द्र पाण्डेय	A/2	720-00	39	28080-00	30888.00
2	गया ठाकुर	ईन्द्रदेव ठाकुर	A/13	720-00	39	28080-00	30888.00
3	किशोर मांझी	ईन्द्रदेव मांझी	A/15	720-00	39	28080-00	30888.00
4	अरविन्द प्रसाद	जमुना साव	A/19	720-00	39	28080-00	30888.00
5	मुकेश कुमार	स्व0श्रवण राम	A/24	720-00	39	28080-00	30888.00
6	अंगद कुमार	शिव शंकर प्रसाद	A/26	720-00	39	28080-00	30888.00

पाटन चौक पर स्थित जिला परिषदीय प्रथमतल दुकान का बकाया राशि का विवरण–

क0 सं0	नाम	पिता का नाम	दुकान संख्या	निर्धारित किराया	बकाया कुल माह(जनवरी 2018 से फरवरी 2026 तक)	कुल बकाया राशि	10% व्याज सहित राशि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	अशोक प्रसाद	पिता विगावन साव	A/31	600-00	98	58800-00	64680.80
2	रामजन्म सिंह	पिता ब्रह्मदेव सिंह	A/32	600-00	98	58800-00	64680.80
3	जनेश्वर पाण्डेय	पिता जुगेश्वर पाण्डेय	A/33	600-00	98	58800-00	64680.80
4	आलमगीर आलम	पिता अब्दुल रहीम	A/34	600-00	98	58800-00	64680.80
5	विशुनदेव राम	पिता त्रिवेणी राम	A/35	600-00	98	58800-00	64680.80
6	सुनील प्रसाद	पिता विशुनदेव साव	A/36	600-00	98	58800-00	64680.80
7	राजन कुमार	पिता रामनंदन साव	A/37	600-00	98	58800-00	64680.80
8	अरविन्द कुमार सिंह	पिता जगत सिंह	A/38	600-00	98	58800-00	64680.80
9	राजा कुमार सिंह	पिता ब्रजकिशोर सिंह	A/39	600-00	98	58800-00	64680.80
10	कृष्णा राज	पिता संजय प्रसाद	A/40	600-00	98	58800-00	64680.80
11	अजय कुमार सिंह	पिता रामलखन सिंह	A/41	600-00	98	58800-00	64680.80
12	रमेश प्रसाद	पिता बिन्देश्वरी साव	A/42	600-00	98	58800-00	64680.80
13	मनोज पाण्डेय	पिता इन्द्रदेव पाण्डेय	A/43	600-00	98	58800-00	64680.80
14	चंदा देवी	पिता बलदेव कुमार मिश्र	A/44	600-00	98	58800-00	64680.80
15	सुदर्शन सिंह	पिता लाल गोविन्द सिंह	A/45	600-00	98	58800-00	64680.80
16	रामपुकार प्रसाद	पिता आनन्दी साव	A/46	600-00	98	58800-00	64680.80

अतः उपरोक्त सभी आवंटियो को पुनः निदेश दिया जाता है कि इस बजारिये अन्तिम नोटिस के आलोक मे कॉलम संख्या 7 मे अंकित सम्पूर्ण बकाया राशि दिनांक 18.05.2026 तक तथा 10% व्याज सहित दिनांक 30.05.2026 तक कार्यालय जिला परिषद पलामू मे जमा कर लीज एकरारनामा कराना सुनिश्ति करेंगे। अन्यथा आंवटित दुकान सील कर सम्पूर्ण बकाया राशि बसुली करने हेतू निलाम पत्रवाद/सर्टिफिकेट केस दायर कर दिया जायेगा।

इसे अंतिम एवं सख्त ताकिद समझे।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 379165 District(26-27)D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

मौसम : दो दिनों बाद धीरे-धीरे बढ़ेगा पारा

नोएडा , एजेंसी। एनसीआर में मौसम का मिजाज इन दिनों बदला हुआ नजर आ रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक क्षेत्र में इस बदले हुए मौसम का असर बना रहेगा, जिससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हाल के पूर्वानुमान के मुताबिक 6 मई से 7 मई तक मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहेगा, हालांकि कुछ स्थानों पर गरज–चमक और तेज हवाओं की संभावना भी जताई गई है। 6 मई को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ बिजली चमकने की संभावना जताई गई है। 7 मई को तापमान में हल्का इजाफा देखने को मिलेगा, जहां अधिकतम 36 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री रहने की संभावना है। इस दिन खास तौर पर दिन के समय तेज सतही हवाएं चलने का पूर्वानुमान है, जबकि आर्द्रता 65 से 45 प्रतिशत के बीच रह सकती है। 8 मई को भी मौसम सामान्य बना रहेगा, आसमान मुख्यत : साफ रहने की उम्मीद है। इस दिन अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री रहने का अनुमान है। हालांकि इसके बाद मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 9 मई से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी शुरू होने की संभावना है। इस दिन अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री रहने का अनुमान है। मौसम साफ रहेगा और आर्द्रता 60 से 35 प्रतिशत के बीच रह सकती है। 10 मई को गर्मी और बढ़ेगी, अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस दिन भी आसमान साफ रहने की संभावना है। 11 मई को भी गर्मी का असर जारी रहेगा, जहां अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री रहने की संभावना है। इस दिन आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 10 मई के बाद एनसीआर में तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है, जिससे लोगों को फिर से गर्मी का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल, अगले दो दिनों तक मौसम राहत भरा रहेगा, लेकिन उसके बाद तेज गर्मी की वापसी तय मानी जा रही है। ऐसे में लोगों को सलाह दी गई है कि बदलते मौसम के बीच स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और गर्मी बढ़ने पर आवश्यक सावधानियां अपनाएं।

सड़ी सुपारी से बन रहा था जानलेवा खर्रा, क्राइम ब्रांच ने की छापामार कार्रवाई

नागपुर , एजेंसी। महाराष्ट्र के उपराजधानी नागपुर में पुलिस को नशे के सौदागरों के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। नागपुर क्राइम ब्रांच के एक टीम ने गोपनीय जानकारी के आधार कामठी–कलमना रोड पर स्थित एक कारखाने पर छापा मारा। अन्न सुरक्षा अधिकारी की टीम के साथ मिलकर की गई इस कार्रवाई में लोगों की जान से खिलवाड़ करने के बात सामने आई है। यहां सड़ी सुपारी के चूरे से खर्रा बनाया जा रहा था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए नागपुर क्राइम ब्रांच ने न्यू कामठी थाने में मामला दर्ज कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में इस्माइलपुरा, येरखेड़ा निवासी अमित अशोक मते (32), जयभीम चौक, कामठी निवासी प्रवेश प्रकाश फकिर्डे (33) और नया गोदाम, इस्माइलपुरा निवासी नियाज अहमद वसीउज्जमा अहमद (45) शामिल है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मारा छापा नागपुर पुलिस को खबर मिली थी कि येरखेड़ा के इस्माइलपुरा में स्थित एक घर में खर्रा बनाने का कारखाना चल रहा है।

तमिलनाडु में सरकार परिवर्तन के चलते प्लस-टू के नतीजों में देरी होने की संभावना

उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 6 अप्रैल से 20 अप्रैल के बीच पूरा हो गया था

चेन्नई , एजेंसी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद राज्य सरकार में चल रहे परिवर्तन के कारण कक्षा 12 (प्लस-टू) की सार्वजनिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी होने की संभावना है। तमिलनाडु में उच्च माध्यमिक स्तर की सार्वजनिक परीक्षाएं 2 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित की गई थीं, जिनमें राज्य भर के लगभग आठ लाख छात्र शामिल हुए थे। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 6 अप्रैल से 20 अप्रैल के बीच पूरा हो गया था और अधिकारियों ने पहले से घोषित तिथि के अनुसार 8 मई को परिणाम जारी करने की योजना बनाई थी। राज्यभर के छात्र और अभिभावक परिणामों की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं, खासकर मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी होने और आधिकारिक परीक्षा पोर्टल पर अंक अपलोड होने के बाद। हालांकि, अधिकारियों ने संकेत दिया है कि राज्य में हाल ही में हुए राजनीतिक घटनाक्रमों के मद्देनजर सरकार से आवश्यक औपचारिक मंजूरी न मिलने के कारण घोषणा में देरी हो सकती है।

स्कूल शिक्षा विभाग और सरकारी परीक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि परिणाम प्रकाशित करने के लिए सभी तकनीकी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं। एक अधिकारी ने बताया, 'मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और छात्रों के अंक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। चूंकि वर्तमान में सरकार में बदलाव हुआ है, इसलिए परिणाम आधिकारिक रूप से जारी करने से पहले नए प्रशासन से अनुमति प्राप्त करनी होगी। '

सूत्रों ने बताया कि शिक्षा विभाग परिणामों की घोषणा के लिए अंतिम मंजूरी मांगने से पहले नई सरकार के गठन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के पूरा होने का इंतजार कर रहा है। हालांकि यह देरी अस्थायी होने की उम्मीद है, लेकिन इसने उन छात्रों में चिंता पैदा कर दी है जो उच्च शिक्षा में प्रवेश और प्रवेश प्रक्रियाओं की तैयारी कर रहे हैं जो उनके प्लस-टू के अंकों पर निर्भर करती हैं।

हालांकि, अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त होते ही परिणाम शीघ्र ही प्रकाशित कर दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि शेष औपचारिकताओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं ताकि छात्रों को आगे कोई परेशानी न हो। तमिलनाडु में प्लस टू परीक्षा को राज्य के सबसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक मील के पत्थरों में से एक माना जाता है, जो स्नातक पाठ्यक्रमों, व्यावसायिक कार्यक्रमों और विभिन्न उच्च शिक्षा धाराओं में प्रवेश निर्धारित करती है।

गाजियाबाद की 15 पंचायतों में खुलेंगे लीगल एड क्लीनिक

गाजियाबाद, एजेंसी। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था मजबूत करने और लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन ने लीगल एड क्लीनिक खोलने की योजना को गति दे दी है। ग्राम न्याय सहायता अभियान के अंतर्गत पंचायत स्तर पर लीगल एड क्लीनिकों की स्थापना एवं संचालन को चार सदस्यों को नामित भी कर दिया गया है। यह क्लीनिक पंचायत भवन में करीब एक माह में खोल दिए जाएंगे। कानूनी सहायता के संग प्राथमिक उपचार का भी इंतजाम होगा। जिले की तीन तहसीलों की दूरस्थ 15 ग्राम पंचायतों में इन क्लीनिकों की स्थापना की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने चयनित ग्राम पंचायतों की सूची मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को भेज दी है। इतना ही नहीं क्लीनिक संचालन में अहम भूमिका निभाने वाले चार सदस्यों के नाम एवं उनके मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक कर दिए गए हैं। इन क्लीनिकों की खास बात यह है कि इसमें स्वास्थ्य विभाग की भी अहम भूमिका तय की गई है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि सामाजिक और पारिवारिक विवादों के समाधान में समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा सके। इसके अलावा ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य और एएनएम को क्लीनिक संचालन के लिए खास हिस्सा बनाया गया है, जिससे गांव के हर वर्ग तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके।

लीगल एड क्लीनिकों के माध्यम से ग्रामीणों को मुफ्त कानूनी सलाह, आवेदन लेखन, सरकारी योजनाओं की जानकारी और छोटे-मोटे विवादों के समाधान की सुविधा गांव स्तर पर ही मिलेगी। जमीन, पारिवारिक विवाद, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और सामाजिक तनाव जैसे मामलों को शुरुआती स्तर पर ही सुलझाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे मामले अदालत तक पहुंचने से पहले ही निपट सकें। इस पहल से न केवल गरीब और कमजोर वर्ग को न्याय तक आसान पहुंच मिलेगी, बल्कि पुलिस और प्रशासन पर भी दबाव कम होगा। समय रहते विवादों के समाधान से गांवों में आपसी सौहार्द बढ़ेगा और कानून व्यवस्था बेहतर होगी। यह योजना ग्रामीण न्याय प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

बिहार के छपरा में पिकअप वैन पलटने से चार आर्केस्ट्रा कर्मियों की मौत

छपरा , एजेंसी। बिहार के सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में बुधवार को एक तेज रफ्तार पिकअप वैन के अनियंत्रित होकर पलटने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना छपरा-रिविलगंज मार्ग पर भगवान बाजार थाना के पीएन सिंह कॉलेज के पास हुई है। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पिकअप में ऑर्केस्ट्रा कर्मी सवार थे। बताया गया कि एक मांगलिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देकर आर्केस्ट्रा टीम के लोग एक पिकअप वैन में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान न्याय बस्ती लोहा टोला के समीप पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। वाहन में कुल 10 लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पिकअप वैन तेज रफ्तार से जा रही थी और सामने से उस समय एक ट्रक भी गुजर रहा था। इस दुर्घटना में घटनास्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत तथा बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

कहीं सुसाइड तो कहीं आपसी टकराव; जेलों में एक साल में 438 मौतें और 19 सुसाइड

लखनउ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की जेलों से चौंकाने वाली खबर सामने आयी है। पिछले एक साल के दौरान यूपी की जेलों से 438 कैदियों-बंदियों की मौत हुई और 19 बंदियों ने आत्महत्या की है। कैदियों की जेल में होने वाली मौत पर आरटीआई में मांगी गई जानकारी में यह खुलासा हुआ है। प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार, प्रदेश की जेलों में निर्धारित मानक से ज्यादा पुरुष और महिला बंदी रखे गए हैं। साथ ही यूपी की जेलों में 432 विदेशी कैदियों की भी जानकारी मिली है। इसमें से कुछ पर आतंकी गतिविधियों शामिल का आरोप है।

क्षमता से ज्यादा कैदी बंद

आरटीआई में यह भी बताया गया है कि उत्तर प्रदेश की जेलों में 70,556 पुरुष, 4039 महिलाओं और 3,413 अल्प व्यस्क को रखने की व्यवस्था है। मतलब कुल मिलाकर प्रदेश की जेलों में 78008 कैदियों और अल्प-व्यस्क को ही रखने की व्यवस्था है। इसके विपरीत ऋञ्जढ्ढ से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रदेशभर की जेलों में 80326 दोष-सिद्ध और विचाराधीन बंदी-कैदी हैं।

उत्तर प्रदेश के कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के अधिकारियों से हुए पत्राचार और आरटीआई के माध्यम से मेरठ के छात्र नेता विनीत चपराना को ये जानकारी प्राप्त हुई। आरटीआई में 1 जनवरी, 2025 से लेकर 31 दिसंबर, 2025 के बीच प्रदेश की जेलों में कैदियों की हुई मौत और आत्महत्या को लेकर जानकारी मांगी गई थी। इसके अलावा प्रदेशभर की जेलों में वर्तमान में कैदियों-बंदियों का रिकार्ड भी मांगा गया था।

इसमें पूछा गया था कि प्रदेश की जेलों में कितने पुरुष-महिला बंदी हैं और कितने बच्चों उनकी मां के जेल जाने के कारण जेल में रहना पड़ा। वर्तमान में 944 दोष-सिद्ध महिला कैदी प्रदेशभर में हैं। 2,124 महिला बंदियों का ट्रायल चल रहा है। जेल में इन महिलाओं के साथ इनके बच्चे भी हैं। कुल 261 बच्चे मौजूदा समय में इन महिला कैदियों के साथ जेलों में बंद हैं।

छात्र द्वारा की गई ऋञ्जढ्ढ में मांगी गई जानकारी में कई चौंकाने वाली बात सामने आई। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, साल 2025 में पूरे साल में प्रदेशभर की जेलों में 419 बंदियों-कैदियों की अलग-अलग कारणों से मौत हुई। इसमें से कुछ की मौत बीमारी के कारण हुई, जबकि कुछ मौतें आपसी टकराव की वजह से भी हुईं।

राहुल गांधी का 'पीए' बनकर कांग्रेस नेताओं को ठगने वाला गिरफ्तार, देश भर में फैला था जाल

देहरादून , एजेंसी। उत्तराखंड के देहरादून में पुलिस ने खुद को राहुल गांधी का करीबी बताकर ठगी करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। शख्स पर कांग्रेस नेताओं को राहुल गांधी के निजी सचिव बनकर ठगने का आरोप है। आरोपी की पहचान अमृतसर निवासी गौरव कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, वह देशभर के कई नेताओं के साथ चुनाव टिकट या पार्टी में पद दिलाने का झांसा देकर ठगी कर चुका है।

सारा मामला तब सामने आया जब रविवार को उत्तराखंड कांग्रेस नेता भावना पांडे ने आरोप लगाया कि 42 साल के आरोपी ने उनसे पार्टी में पद दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने बताया कि आरोपी गूगल के जरिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और उनके सहयोगियों की जानकारी जुटाता था।

भावना पांडे के अनुसार आरोपी ने खुद को कनिष्क सिंह बताते हुए उनसे 25 लाख रुपये की मांग की। उसने खुद को राहुल गांधी का पर्सनल सेक्रेटरी बताया। साथ ही पीड़िता को भरोसा दिलाने के लिए उसने स्पीकरफोन पर कुछ लोगों से बात कराई जिन्हें उसने हरीश रावत, हरक सिंह, यशपाल आर्य और गणेश गोदियाल जैसे वरिष्ठ नेताओं के रूप में पेश किया।

पैसे लेने के बाद फोन उठाना बंद किया

आरोपी ने यह भी दावा किया कि करीब 12 विधायक देहरादून के एक पांच सितारा होटल में ठहरे हुए हैं, जिन पर 22.5 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। इसी बहाने 25 लाख रुपये मांगे गए। 13 अप्रैल को आरोपी ने अपने एक सहयोगी को जाखन स्थित पीड़िता के घर भेजा, जहां से नकद रकम ली गई। पैसे मिलने के बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। साथ ही रकम भी वापस नहीं की।

पांडे ने शिकायत में कहा कि पार्टी के अन्य नेताओं को भी इसी तरह के फोन आए थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि आरोपी ने गोवा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार समेत कई राज्यों में इसी तरह की ठगी की है। शिकायत के आधार पर राजपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया।

मोबाइल सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से पुलिस ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई। पता चला कि वह उत्तराखंड में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में था और जाखन स्थित पैसिफिक मॉल के पास एक अन्य कार्यकर्ता से भी टिकट दिलाने के नाम पर पैसे लेने वाला था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे कनिष्क सिंह के बारे में जानकारी मिली थी जो 2003 से 2015 तक राहुल गांधी के निजी सचिव रह चुके हैं। अब भी उनके करीबी माने जाते हैं। ऐसे में उसने ट्रूकॉलर पर कनिष्क सिंह के नाम से आईडी बनाई और देशभर के नेताओं की जानकारी जुटाकर ठगी को अंजाम दिया।पुलिस के अनुसार, 2017 में जयपुर में उसने दो नेताओं से विधायक टिकट दिलाने के नाम पर क्रमशः 1.90 करोड़ और 12 लाख रुपये लिए थे।

ममता बनर्जी भ्रम में न रहें, मुख्यमंत्री की कुर्सी आपकी पैतृक संपत्ति नहीं: दिलीप घोष

कोलकाता , एजेंसी। पश्चिम बंगाल की खड़गपुर सदर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विजयी उम्मीदवार दिलीप घोष ने ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री पद न छोड़ने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पद केवल सीमित समय के लिए होता है। इसलिए ममता बनर्जी किसी भ्रम में न रहें। भाजपा विधायक दिलीप घोष ने बुधवार सुबह न्यूटाउन में ममता बनर्जी से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए कहा, 'एक दिन हर किसी को यह दुनिया छोड़कर जाना ही है। राजनीतिक पद केवल सीमित समय के लिए होता है। यह गद्दी तो दो दिन की है, इसलिए किसी भ्रम में न रहें। यह किसी की पुश्तैनी संपत्ति नहीं है।' दिलीप घोष ने कहा कि ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल की जनता ने 15 साल का समय दिया। उन्होंने सिवाय हिंसा और भ्रष्टाचार के, बंगाल में कोई काम नहीं किया। टीएमसी के कार्यकाल में लोगों का जीना भी मुश्किल हो चुका था। इस डॉक्टर बेटी का रेप-मर्डर हुआ। उसे न्याय नहीं दिया गया, बल्कि पीड़िता की मां का टीएमसी के नेताओं ने अपमान किया। इन सभी बातों को जनता भूली नहीं है।

भाजपा नेता ने यह भी कहा कि ममता बनर्जी क्या कह रही हैं, आज दुनिया को इससे मतलब नहीं है। दिलीप घोष क्या कह रहे हैं, इस बात को सुनना चाहिए। भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक सुवेंदु अधिकारी के पिता शिशिर अधिकारी ने आईएएनए से बात करते हुए कहा, 'लोगों का साथ जरूरी है। अगर आप लोगों के साथ रहते हैं, तो जीत पक्की है। हम इसलिए जीते क्योंकि हम उनके साथ खड़े रहे। हमने शुरू से ही कहा था कि टीएमसी जीरो हो जाएगी। '

विजय थलापति के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे राहुल गांधी ! टीवीके के समर्थन में उतरी कांग्रेस

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद अब राज्य में सरकार बनाने की कवायद तेज हो चुकी है। विजय थलापति की विजय की टीवीके पार्टी जल्द ही सरकार बना सकती है। माना जा रहा है कि टीवीके कांग्रेस के समर्थन के साथ तमिलनाडु में सरकार बना सकती है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने टीवीके को समर्थन देने का फैसला कर लिया है।

बता दें, कि इससे पहले कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दावा किया था कि टीवीके यानी विजय ने कांग्रेस से सरकार बनाने के लिए समर्थन की मांग की है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने विजय की सरकार को समर्थन देने का फैसला कर लिया। इतना ही नहीं विजय की सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी के शामिल होने के भी संकेत मिल रहे है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कांग्रेस पार्टी इस समर्थन के बदले विजय की सरकार में दो मंत्री पद की मांग रखना चाहती है। इस मांग को लेकर प्रभारी चोदनकर और प्रवीण चक्रवर्ती फिलहाल, टीवीके से संपर्क में है।

सूत्रों ने अनुसार, राहुल गांधी टीवीके को समर्थन देना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चाहते थे कि इस बात का फैसला दिल्ली में न होते हुए तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी तय करे। यही कारण था कि दिल्ली में बैठक के बाद तमिलनाडु कांग्रेस के नेताओं की एक ऑनलाइन बैठक बुलाई गई थी, जिसमें औपचारिक रूप से टीवीके को समर्थन देने का फैसला लिया गया था। ऐसी संभावनाएं जताई जा रही है कि 7 मई (गुरुवार) को टीवीके प्रमुख विजय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि विजय गुरुवार को शुभ दिन मानते है इसलिए वे इसी दिन शपथ लेना चाहते है। टीवीके पार्टी का शपथ ग्रहण समारोह चेन्नई के नेहरू स्टेडियम में होने के संकेत मिल रहे है, ऐसे में सभी टीवीके विधायकों को चेन्नई छोड़ने से मना किया गया है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में इस बार टीवीके बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

भुवनेश्वर में रिहायशी इमारत में भीषण आग: 10 साल की बच्ची समेत तीन लोगों की मौत

भुवनेश्वर , एजेंसी। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बुधवार तड़के एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और करीब 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, आग सुबह करीब 4 बजे लक्ष्मीसागर इलाके स्थित बसंती विला अपार्टमेंट की ग्राउंड फ्लोर पर लगी। देखते ही देखते आग और धुआं पूरे भवन में फैल गया, जिससे कई लोग अंदर फंस गए। हादसे में 70 वर्षीय बिश्वजीत बेहरा और 65 वर्षीय सुलता बेहरा की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों आग और धुएं के कारण इमारत में फंस गए थे। वहीं, 10 वर्षीय तेजस्विनी बेहरा गंभीर रूप से झुलस गई थी, जिसे इलाज के लिए कैपिटल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। आग लगने के सही कारणों की जांच जारी है पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिश्वजीत बेहरा अपार्टमेंट में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते थे। हादसे के समय अधिकांश लोग सो रहे थे, जिसके कारण शुरुआत में स्थिति और भयावह हो गई। दमकल विभाग के अधिकारी रमेश चंद्र सेठी ने बताया कि आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है।

लोकमंगल के लिए था देवर्षि नारद का संवाद: प्रो. संजय द्विवेदी

कानपुर, एजेंसी। भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी का कहना है कि नारद जी की लोक छवि जैसी बनी और बनाई गई है, वे उससे सर्वथा अलग हैं। उनकी लोक छवि झगड़ा लगाने या कलह पैदा करने वाले व्यक्ति की है, जबकि उनके प्रत्येक संवाद में लोकमंगल की भावना ही है। ईश्वर के दूत के रूप में उनकी आवाजाही और कार्य हमें बताते हैं कि वे निरर्थक संवाद और प्रवास नहीं करते। उन्होंने कहा कि विश्वसनीयता, सतत प्रवास और उद्देश्य की पवित्रता तीन ऐसे गुण हैं जो किसी भी पत्रकार के लिए अनिवार्य हैं। प्रो. द्विवेदी यहां छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा देवर्षि नारद जी की जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष व्याख्यान को आनलाइन संबोधित कर रहे थे। व्याख्यान का विषय था- 'राष्ट्रवादी पत्रकारिता में स्व का बोध', जिसमें पत्रकारिता के मूल्यों, जिम्मेदारियों और राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने की। इस मौके पर प्रो. द्विवेदी ने कहा नारद जी देवताओं, राक्षसों और समाज के सब वर्गों से संवाद रखते हैं। सब उन पर भरोसा करते हैं। वे सबके सलाहकार, मित्र, आचार्य और मार्गदर्शक हैं। वे कालातीत हैं। सभी युगों और सभी लोकों में समान भाव से भ्रमण करने वाले। ईश्वर के विषय में जब वे हमें बताते हैं, तो उनका दार्शनिक व्यक्तित्व भी सामने आता है।

प्रो.द्विवेदी ने कहा कि नारद जी महान ऋषि परंपरा से आते हैं, किंतु कोई आश्रम नहीं बनाते, कोई मठ नहीं बनाते। वे सतत प्रवास पर रहते हैं ,उनकी हर यात्रा उदेश्यपरक है। उनका उद्देश्य तो निरंतर संपर्क और संवाद ही है, किंतु वे जो कुछ कहते और करते हैं, उससे लोकमंगल संभव होता है। उनसे सतत संवाद,सतत प्रवास, सतत संपर्क, समाज हित के लिए संचार करने की सीख ग्रहण की जा सकती है। उनका कहना था कि सुंदर दुनिया बनाने के लिए सार्वजनिक संवाद में शुचिता और मूल्यबोध की चेतना आवश्यक है। इससे ही हमारा संवाद लोकहित केंद्रित बनेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि देवर्षि नारद को भारतीय परंपरा में प्रथम पत्रकार माना जाता है, जिन्होंने सदैव सत्य और लोकहित को प्राथमिकता दी। ऐसे में उनके आदर्श आज भी पत्रकारिता के छात्रों और पेशेवरों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

गैस-डीजल पर चुनाव के बाद झटका या वैश्विक असर?

कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि शुक्रवार को खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानबे रुपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई।वहीं चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रुपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है।कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रुपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, ढाबे या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीधे-सीधे इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े।फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। इसी तरह, अब यह कहना मुश्किल है कि विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में वृद्धि केवल यहीं तक रुक जाएगी। अभी से आम उपयोग वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जाने लगी है।जाहिर है, एक ऐसा दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। खासतौर पर डीजल की कीमतों में इजाफे के बाद ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और इसके बाद चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वैश्विक स्तर पर पसरी अस्थिरता की वजह से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हाल के दिनों में जो सुस्ती देखी जा रही है, बाजार भी तेज उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है, उसमें एक बड़ी आबादी रोजी-रोजगार के सवालों से जूझ रही है।लगातार घटती क्रयशक्ति के दौर में महंगाई की मार का असर कितना गहरा हो सकता है, इसका बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है। सवाल है कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से उपजे संकट के बावजूद सरकार ने करीब दो महीने तक तेल और गैस की कीमतों को कमोबेश थाम कर रखा था और इनकी उपलब्धता के वैकल्पिक रास्ते निकाल रही थी, तो अचानक ही उसे महंगाई को इस तरह खुला छोड़ देने की जरूरत क्यों पड़ी! क्या कुछ दिनों की राहत का कारण पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव थे?

विदित हो कि निवेश वहीं जाता है, जहां नीतियां स्पष्ट और व्यवस्था विश्वसनीय हो और विश्वसनीयता का बीज सुरक्षा और स्थिरता की मिट्टी में ही पनपता है। लेकिन बंगाल केवल अर्थशास्त्र नहीं है। वह एक संस्कृति-समृद्ध सभ्यता भी है। दुर्गा पूजा के ढाक की ध्वनि, काली मंदिरों की आरती और स्वामी विवेकानंद की वाणी इस भूमि की आत्मा रचते हैं।

ममता का मिथक टूटा, मुखर्जी का मंत्र लौटा, केसरिया हुआ बंगाल

(प्रणय विक्रम सिंह)

पश्चिम बंगाल का सियासी आसमान केसरिया हो गया। 'ममता' का अभेद्य महल ढह गया। दिल में 'काबा', नयन में 'मदीना' रखने वाली टीएमसी आज बंगाल के सियासी समर में नेस्तनाबूद हो गई। जो बात वर्षों तक बंगाल के मन में थी, वह आज साहस के स्वर में ढलकर गूंज रही है कि हम हिंदू हैंज और अपने होने पर हमें गर्व है।यह जनादेश टीएमसी सरकार के संरक्षण में पल रहे तुष्टिकरण माफिया, सैंड माफिया, कोल माफिया, लैंड माफिया, घुसपैठ माफिया और कैटल माफिया के चंगुल में जकड़े बंगाल की मुक्ति का दस्तावेज है। इस विजय के साथ ही बंगाल की राजनीति का चक्र वहीं लौट आया है, जहां से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपनी वैचारिक यात्रा प्रारंभ की थी। यह जनादेश उनके बलिदान, उनकी दृष्टि और बंगाल के प्रति उनकी अटूट निष्ठा पर इतिहास की सबसे भव्य और भावपूर्ण मुहर है। भारतीय जनता पार्टी की विजय केवल मतों का गणित नहीं, बल्कि मनों का मंथन और मान्यताओं का परिवर्तन है। बंगाल में रिकॉर्ड मतदान उद्घोष था कि इस बार लोग 'डरे' नहीं। लगभग 1 लाख से अधिक केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की ऐसी छाया दी, जिसमें मतदाता ने पहली बार 'मन की मुहर' खुलकर लगाई। बंगाल की राजनीति का एक पक्ष लंबे समय तक रक्तरंजित रीतियों, रंजिशों और रसूख की राजनीति से जुड़ा रहा है। पोस्ट-पोल वायलेंस के घाव यहां गांव-गांव में दिखाई देते थे। क्लब कल्चर के नाम पर स्थानीय स्तर पर पनपे दबाव-तंत्र, संगठित समूहों का प्रभाव और प्रशासनिक संरचनाओं पर उनकी छाया लोकतंत्र को सीमित कर दिया था। किंतु इस जनादेश ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब भय के उस फलक को तोड़कर विश्वास के विस्तार की ओर बढ़ चुकी है। चुनाव परिणामों में भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की सीटों का विशाल अंतर भले संख्यात्मक लगे, पर इसके भीतर मनोवैज्ञानिक बदलाव का विशाल आयाम छिपा है, नाराजगी से निर्णय तक की यात्रा। यह नाराजगी केवल शासन से नहीं, बल्कि उस व्यवस्था से थी जिसे तुष्टीकरण कहते हैं। बहुसंख्यक समाज के भीतर पनपी पीड़ा, अवसरों की असमानता की अनुभूति और प्रशासनिक असंतुलन का आभास ये सभी भाव लंबे समय से भीतर-ही-भीतर सुलगते रहे। इस चुनाव ने उस सुलगन को स्वर दिया। इस परिवर्तन की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय नेतृत्व की छाया भी स्पष्ट दिखती है। नरेंद्र मोदी का विकास-विश्वास-विस्तार का मंत्र, अमित शाह की संगठन-संरचना-संकल्प की सघनता और योगी आदित्यनाथ का सुरक्षा-सख्ती-सुशासन का मॉडल ने मिलकर एक ऐसा राजनीतिक प्रतिरूप रचा, जिसने बंगाल के मतदाता के मन में विकल्प की स्पष्टता दी। परिवर्तन की इस पगडंडी पर बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल की सूक्ष्म रणनीति, संगठन की सुदृढ़ संरचना ने एक मजबूत आधार तैयार किया, जिसने विजय को दिशा दी। अब नजर उस भविष्य पर है, जिसे यह जनादेश आकार देगा। विकास के मोर्चे पर यह जनादेश नई अपेक्षाएं लेकर आया है। बंद पड़े कारखानों की चिमनियां फिर से धुआं उगलें, बंदरगाहों की रफ्तार तेज हो और युवाओं के हाथों को काम मिले, यह उम्मीद अब हवा में तैरती है। राज्य का जीडीपी लगभग ?17 लाख करोड़ के आसपास है, पर इसकी औद्योगिक वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से पीछे रही है। यदि नई सरकार गति, कनेक्टिविटी और रोजगार के त्रिकोण को प्राथमिकता देती है और कोलकाता पोर्ट, हल्दिया डॉक, दीनदयाल औद्योगिक कॉरिडोर और पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जैसी परियोजनाएं तेज़ी पकड़ती हैं तो बंगाल पूर्वी भारत का आर्थिक इंजन बन सकता है। विदित हो कि निवेश वहीं जाता है, जहां नीतियां स्पष्ट और व्यवस्था विश्वसनीय हो और विश्वसनीयता का बीज सुरक्षा और स्थिरता की मिट्टी में ही पनपता है। लेकिन बंगाल केवल अर्थशास्त्र नहीं है। वह एक संस्कृति-समृद्ध सभ्यता भी है। दुर्गा पूजा के ढाक की ध्वनि, काली मंदिरों की आरती और स्वामी विवेकानंद की वाणी इस भूमि की आत्मा रचते हैं। पूरी संभावना है कि नई सरकार के सहयोग से यह सभी मिलकर एक ऐसे सांस्कृतिक स्वाभिमान को जन्म देंगे, जहां पहचान पर संकट नहीं, बल्कि आत्मगौरव का आलोक होगा। जहां परंपरा प्रगति की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि प्रेरक शक्ति बनेगी। यह पुनर्जागरण ऐसा हो सकता है, जैसे राख से उठता हुआ फीनिक्स अपनी ही ज्वाला से नया जीवन पाता हुआ। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक सीमाएं हिंदी पट्टी तक सिमटी हुई हैं। परंतु बंगाल विजय ने इस मिथक को निर्णायक रूप से तोड़ दिया है। यह स्पष्ट संदेश है कि भाजपा अब एक ऐसी शक्ति है जो पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सक्षम है। गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा है। इस परिणाम का सबसे तीखा प्रभाव विपक्षी राजनीति पर पड़ेगा। तृणमूल कांग्रेस जैसे गढ़ का ढहना केवल एक राज्य की हार नहीं, बल्कि उस पूरी वैचारिक संरचना का संकट है, जो भाजपा के विरोध को ही अपनी राजनीति का आधार मानती रही। अब विपक्ष के सामने केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न खड़ा है नेतृत्व कौन करेगा, दिशा क्या होगी और जनता को क्या विकल्प देगा? इससे विपक्षी दलों के बीच नेतृत्व और दिशा को लेकर असमंजस और गहरा सकता है। इस जनादेश ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भी नई राजनीतिक वैधता प्रदान की है। यह विजय केवल संगठनात्मक क्षमता का परिणाम नहीं, बल्कि उस विश्वास का प्रमाण है, जो जनता ने उनकी नीतियों, निर्णयों और दृष्टि पर जताया है। जब कोई राजनेता अपने पारंपरिक प्रभाव क्षेत्र से बाहर जाकर भी जनसमर्थन अर्जित करता है, तो वह केवल राजनेता नहीं रहता, वह एक राष्ट्रीय प्रवाह बन जाता है। वर्तमान समय में मोदी इस श्रेणी के एक मात्र राजनेता हैं। बंगाल की इस जीत ने 'डबल इंजन' मॉडल को एक नए आयाम में परिवर्तित कर दिया है। अब उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के साथ उभरता ट्रिपल इंजन कारीडोर केवल विचार नहीं, बल्कि ठोस नीति की दिशा बन चुका है। यह परिवर्तन पूर्वी भारत को नई आर्थिक ऊर्जा, औद्योगिक विस्तार और अवसंरचनात्मक सशक्तता प्रदान करते हुए आने वाले दशकों की विकास-दिशा तय करेगा। इसके साथ ही यह परिणाम राष्ट्रीय विमर्श को भी प्रभावित करेगा। 2029 के आम चुनावों की दृष्टि से भी यह विजय अत्यंत महत्वपूर्ण है। बंगाल जैसे बड़े राज्य में भाजपा की सफलता का अर्थ है लोकसभा में संभावित सीटों की बढ़ोतरी, जो भविष्य की सत्ता-समीकरणों को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकती हैं। यह जीत भाजपा को न केवल राजनीतिक बढ़त देती है, बल्कि मनोवैज्ञानिक बढ़त भी प्रदान करती है, जो किसी भी चुनावी युद्ध में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अंततः यह परिणाम केवल सत्ता परिवर्तन की कथा नहीं है। यह भय से विश्वास, असंतोष से विकल्प और क्षेत्रीय राजनीति से व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि की ओर बढ़ते भारत की कहानी है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

आंसू, आलिंगन और राजनीति में एंट्री, विजय ने कैसे अपने पूर्व ड्राइवर के बेटे को दिया था टिकट

(विवेक अवस्थी)

मार्च को विजय ने जब पार्टी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की तो एक वक्त ऐसा भी जब सबरीनाथन और उनके पिता भावुक हो गए। इस दौरान सबरीनाथन ने विजय के पैर छुए तो विजय ने सबरीनाथन को अपने गले लगा लिया, हालांकि यह ऐसा पल था जब सबरीनाथन की आंखों में आंसू थे। तमिलनडु विधानसभा चुनाव को लेकर अब तक आए परिणामों ने लगभग यह बता दिया है कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री जोसेफ विजय होंगे न कि वर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन। क्योंकि विजय की पार्टी टीवीके बहुमत के करीब राज्य की जिन सीटों पर टीवीके आगे चल रही है। उन सीटों में से एक सीट ऐसी भी जिस अभिनेता से नेता बने विजय के पूर्व कार चालक राजेंद्रन के बेटे सबरीनाथन आर, विरुगम्पक्कम विधानसभा सीट आगे चल रहे हैं। जबकि डीएमके के प्रभाकर राजा एएमवी पीछे हैं। चुनाव आयोग को सौंपे गए चुनावी हलफनामे के अनुसार, सबरीनाथन आर की आयु 30 साल है। बता दें, 29 मार्च को विजय ने जब पार्टी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की तो एक वक्त ऐसा भी जब सबरीनाथन और उनके पिता भावुक हो गए। इस दौरान सबरीनाथन ने विजय के पैर छुए तो विजय ने सबरीनाथन को अपने गले लगा लिया, हालांकि यह ऐसा पल था जब सबरीनाथन की आंखों में आंसू थे। सबरीनाथन के पिता राजेंद्रन पहले विजय के ड्राइवर थे, लेकिन अब वह टीवीके चीफ विजय के निजी सहायक हैं। विजय और सबरीनाथन के इमोशनल वीडियो ने सबरीनाथन को रातोंरात हिट कर दिया। तब मीडिया से बात करते हुए सबरीनाथन ने कहा था कि उनका राजनीतिक पदार्पण लगभग नहीं हो पाया था। उनके पिता अधिकांश भारतीय पिताओं की तरह चाहते थे कि उनका बेटा इंजीनियर बने। सबरीनाथन ने कहा कि इसलिए, उन्होंने जहां से संभव हो सका, कर्ज लिया और यह सुनिश्चित किया कि मैं इंजीनियर बनूं। सबरीनाथन ने आगे बताया कि 2021 में उन्हें कतर में नौकरी मिल गई और उनके पिता उनसे ज्यादा खुश थे। सबरीनाथन ने बताया कि नौकरी ठीक थी, लेकिन मुझे बेचैनी महसूस हो रही थी, और जब मैंने सुना कि थलाइवर (विजय) एक राजनीतिक दल शुरू करने जा रहे हैं, तो मैं चेन्नई लौटकर उनकी यात्रा का हिस्सा बनना चाहता था। लेकिन मेरे पिता सहमत नहीं हुए। सबरीनाथन ने बताया कि उसने अपने पिता की बात सुनने की कोशिश की, लेकिन वह सुन नहीं पाया। इसलिए, वह अपने पिता की पीठ पीछे गया और सीधे विजय से बात करके उन्हें मना लिया। सबरीनाथन ने कहा कि विजय ने ही मेरे पिता से मुझे वापस आकर पार्टी में शामिल होने देने के लिए कहा, इसके बाद मेरे पिता ने कुछ नहीं कहा। मैं 2024 में चेन्नई वापस आ गया। सबरीनाथन ने कहा कि टीवीके परिवार का हिस्सा होना शायद उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 6084

	4			1			6	
9		6	5		2			4
						9	5	
3	2						8	
1			7	5	9			2
	9						1	5
	7	4						
6			4		8	5		1
	5			2			9	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 6083

2	5	4	8	9	7	6	3	1
3	6	7	2	4	1	9	8	5
8	1	9	3	6	5	7	4	2
7	4	8	1	3	6	2	5	9
6	2	1	5	8	9	4	7	3
5	9	3	7	2	4	1	6	8
4	8	2	6	1	3	5	9	7
9	3	5	4	7	2	8	1	6
1	7	6	9	5	8	3	2	4

आज का राशिफल

मेष

आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है. आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे. शरीर में थकान, आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी. आप थोड़े क्रोधित रहेंगे, जिससे काम बिगड़ सकता है. निर्धारित काम के लिए प्रयासरत रहें. धार्मिक यात्रा का आयोजन होगा. आप आज जो भी प्रयत्न करेंगे, वे गलत दिशा में हो सकते हैं. धैर्य रखें।

वृष

आज का दिन आपके लिए थोड़ा मुश्किलभरा हो सकता है. परिजनों के साथ बहस होगी. किसी से उग्र व्यवहार के कारण मन दुःखी हो सकता है. वाणी पर संयम रखना पड़ेगा. मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा. दुर्घटना होने का भय रहेगा, इसलिए वाहन आदि का प्रयोग ध्यान से करें. शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

मिथुन

आज का दिन शुभ होगा. शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी. परिवार के सदस्यों के साथ खुशी में समय गुजरेगा. दोस्तों या परिजनों से आपको उपहार मिलेगा. प्रियजन के साथ की गई मुलाकात में सफलता मिलेगी. मांगलिक प्रसंग पर जाने की संभावना है।

तुला

आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें. आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें. आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है. शारीरिक रूप से थकान और मानसिक रूप से व्याकुलता का अनुभव करेंगे. ऑफिस में कार्य भार के कारण अधिक थकान का अनुभव होगा।

वृश्चिक

आज के दिन शांतिपूर्ण तरीके से रहें. आज आपका शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा. पेट में पीड़ा रहेगी, इससे आपका मन काम में नहीं लगेगा. मानसिक रूप से भी किसी चिंता में रहेंगे. यात्रा और नए काम की शुरुआत ना करें. समय कार्य नहीं कर पाने के कारण आपको मिलने वाला कोई प्रोजेक्ट किसी ओर को मिल सकता है।

धनु

आज आपके अधूरे काम पूरे होंगे. घर में शांति और आनंद का वातावरण आपके मन को प्रसन्न रखेगा. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा. व्यापार में वाद-विवाद या मनमुटाव के मौके आ सकते हैं. इससे सावधान रहना आवश्यक है. छोटे भाई-बहनों के साथ कहीं जाने का कार्यक्रम भी बन सकता है. परिवार में मेहमानों के आने से मन खुश रहेगा।

कर्क

आज मित्रों, सम्बंधियों से की गई मुलाकात से आपका दिन आनंद में गुजरेगा. सामाजिक क्षेत्र, व्यापार तथा आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी रहेगा. जीवनसाथी की तलाश करने वालों का रिश्ता पक्का होने के योग हैं. मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का अवसर बन सकता है. घर में किसी शुभ प्रसंग की संभावना हैं।

सिंह

आज का दिन शुभ फलदायी है. आज प्रत्येक काम में सफलता प्राप्त होगी. आप मानसिक रूप से खुश रहेंगे. नौकरी में अधिकारियों की प्रसन्नता के कारण पदोन्नति के योग हैं. बड़ों का आशीर्वाद भी आपके साथ हैं. धन प्राप्ति का अवसर मिलेगा. गृहस्थ-जीवन में आनंद प्राप्त होगा. आज किसी बड़े निवेश की योजना बना सकते हैं।

कन्या

आज मन की अस्वस्थता के कारण आप आज चिंतित रहेंगे. शरीर में थकान और आलस्य का अनुभव होगा. अधिकारियों के साथ बातचीत में सावधानी बरतें. कार्यस्थल पर आज आपका मन नहीं लगेगा. संतान के विषय में आपको चिंता रहेगी।

मकर

आज आप शारीरिक रूप से अस्वस्थ तथा मानसिक रूप से चिंतित रहेंगे. घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी हो सकती है. माता के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है. घर की महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. सरकारी तथा संपत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण पत्रों पर हस्ताक्षर करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है. कार्यस्थल पर आपकी योजना के अनुसार काम नहीं होने से निराशा हो सकती है।

कुंभ

आज आपको किसी भी काम में बिना सोचे-समझे भाग नहीं लेना है. साथियों के साथ समय अच्छी तरह गुजरेगा. भावनात्मक संबंधों में आप नरम रहेंगे. मित्रों एवं स्वजनों से भेंट होगी. भाई-बहनों से लाभ होगा. विरोधियों का सामना कर पाएंगे. आध्यात्मिक बातों में सिद्धि मिलेगी. ध्यान से मन शांत बना रहेगा. कार्यस्थल पर आपको कोई नया टारगेट मिल सकता है. हालांकि सहकर्मियों का साथ कम मिलने से आप निराश हो सकते हैं।

मीन

आज का दिन आनंद में गुजरेगा. विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे. प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी. स्वजनों के साथ आज भेंट होगी. मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी. धार्मिक प्रवास से मानसिक खुशी मिलेगी. संबंधों में उतार-चढ़ाव आपको परेशान कर देगा. कार्यस्थल पर आज आपका मन नहीं लगेगा. व्यापारियों के लिए भी दिन सामान्य बना हुआ है।

वर्ग पहेली 6084



संकेत: बाएं से दाएं

1. 1923 को इस प्रख्यात धाराशास्त्री व भूतपूर्व केंद्रीय कानून मंत्री ने जन्म लिया था (7)
7. चालीस सेन की एक तौल, ह्दय, (2)
8. आक्रम करने वाला (5)
10. अतिदान देन के कारण सूतपुत्र कर्ण इस नाम से भी जाने जाते थे (4)
11. असफल, विफल (5)
15. संगमरमर, एक तहर का सफद पत्थर (4)
16. होलिकात्सव पर गाया जाने वाला गीत (2)
17. यह सऊदी अरब का एक पवित्र नगर, ग्रांथिक रूप से इस शब्द का अर्थ है शहर या नगर है (3)
18. भटका हुआ, पथ भ्रष्ट (4)
19. कुछ समय के लिए रूकना, ठहरना (3)
22. महिला ईसाई पादरी यह कहलाती है (2)
23. निशाना, अनुमेय (2)
24. फौज का दस्ता (2)

संकेत: ऊपर से नीचे

1. रामभक्त होने के कारण हनुमान का एक नाम, दक्षिण भारत के प्रसिद्ध महात्मा जो छत्रपति शिवाजी के गुरू थे (4)
2. गहन चिंतन करने का भाव (3)
3. अस्थाई रूप से रहना, रूकना, टिकना (4)
4. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
5. भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाले क्रिकेटर (7)
6. नींव का अपभ्रंश (2)
9. रहनुमा, पथ प्रदर्शक (4)
12. सुखांत रचना को यह भी कहा गया है (2)
13. तीन घंटे का समय, पहर (2)
14. आने का भाव (2)
16. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
17. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, राजा का निवास, अंतपुर (3)
20. मुझे को मराठी में यह कहते है (2)
21. वस्तु, प्राणी आदि का बोधक सूचक शब्द, प्रसिद्ध, शोहरत (2)

वर्ग पहेली 6083 का हल

अ	न	जा	न		श्री	यु	त
ना	म	ज	द		ग	ग	न
था		म			णे		ब
ल	य		सा		त	ह	द
य	म	ज		सु		वा	न
	दू	री	भू	त		म	
घा	त		त		आ	ह	त
ना		सु	ल	ह		ल	ब

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

आईसीसी ने जारी की सलाना टी20 रैंकिंग

भारत की बादशाहत बरकरार, इंग्लैंड के करीब पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

नई दिल्ली। तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार (5 मई) को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत मार्च में इतिहास रचते हुए टी20 विश्व कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बना था। साथ ही टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह खिताब जीता था। भारत ने श्रीलंका के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को शत प्रतिशत और उससे पिछले दो वर्षों के 50 प्रतिशत मुकाबले जोड़े गए हैं।' आईसीसी ने कहा, '275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत की इंग्लैंड (262 अंक) पर बढ़त एक अंक कम हुई है जबकि ऑस्ट्रेलिया 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के और करीब आ गया है।'

शीर्ष सात स्थान में कोई बदलाव नहीं- दो बार के विजेता इंग्लैंड के 262 जबकि एक बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के 258 अंक हैं। आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष सात टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

न्यूजीलैंड (247), दक्षिण अफ्रीका (244), पाकिस्तान (240) और वेस्टइंडीज (233) अपने-अपने स्थानों पर बरकरार हैं। हालांकि श्रीलंका (221) को छह रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है।

अमेरिका ने दो स्थान की छलांग लगाई

बांग्लादेश (225) एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान (220) 10वें स्थान पर है और श्रीलंका तथा उसके बीच का अंतर बहुत कम है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर हैं। आईसीसी ने कहा, 'उत्तरी अमेरिका में क्रिकेट की उभरती हुई शक्ति अमेरिका ने छह अंक हासिल करते हुए दो स्थान की छलांग लगाई है। वह 13वें स्थान पर पहुंच गया है और उसने नीदरलैंड (14वें) तथा स्कॉटलैंड (15वें) को पीछे छोड़ दिया है।'

नेपाल-ओमान को फायदा

आईसीसी ने कहा, 'नामीबिया 16वें स्थान पर बरकरार है जबकि नेपाल (17वें) और ओमान (19वें) को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। उन्होंने क्रमशः यूएई (18वें) और कनाडा (20वें) को पीछे छोड़ा।' आईसीसी ने साथ ही बताया कि रैंकिंग में शामिल टीम की संख्या 102 से घटकर 98 हो गई है क्योंकि पिछले तीन साल में जरूरी आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने में नाकाम रहने के कारण फिजी, गाम्बिया, यूनान और इजराइल इस सूची में जगह नहीं बना पाए।

चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

संजू-कार्तिक की शतकीय साझेदारी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 48वें मैच में मंगलवार (5 मई) को चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन बनाए। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले समीर रिजवी ने स्कोर को 150 के पार पहुंचाया।

कार्तिक शर्मा और संजू सैमसन के बीच 66 गेंद पर 114 रन की साझेदारी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने 17.3 ओवर में 2 विकेट पर 159 रन बनाए। इस जीत के साथ चेन्नई सुपर किंग्स के 10 मैच में 10 अंक हो गए हैं। वह छठे नंबर पर रहे। दिल्ली कैपिटल्स के 10 मैच में 8 अंक हैं। वह सातवें नंबर पर है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए समीर रिजवी ने 24 गेंद पर 40 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 31 गेंद र 38 रन बनाए। पथुम निसांका ने 19, नितीश राणा ने 15, आशुतोष शर्मा ने 14, करुण नायर ने 13, केएल राहुल ने 12 और अक्षर पटेल ने 2 रन बनाए। मिचेल स्टार्क बगैर खाता खोले नाबाद रहे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने 2 विकेट लिए। अकील होसैन, मुकेश चौधरी, गुरजपनीत सिंह और जेमी ओवरटन ने 1-1 विकेट लिए। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संजू सैमसन 52 गेंद पर 87 और कार्तिक शर्मा 31 गेंद पर 41 रन बनाकर नाबाद रहे। ऋतुराज गायकवाड़ 6 और उर्विल पटेल 17 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अक्षर पटेल और लुंगी एनगिडी ने 1-1 विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स की प्लेइंग 11 में एक बदलाव हुआ। काइल जैमीसन की जगह लुंगी एनगिडी को मौका मिला। चेन्नई सुपर किंग्स की प्लेइंग 11 में अकील होसैन और गुरजपनीत सिंह की वापसी हुई।

202 रन और 187 का स्ट्राइक रेट

सैमसन ने चेपक के बाद कोटला में भी उधेड़ी दिल्ली कैपिटल्स की बखिया

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में 48वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हरा दिया। चेन्नई सुपर किंग्स की जीत के नायक संजू सैमसन रहे। चेपक में दोनों टीमों के बीच सीजन के पहले भिड़ंत में नाबाद 101 रनों की पारी खेलने वाले संजू ने कोटला में भी दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दो मैचों को मिलाकर संजू ने 187 के स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए। अपनी नई फ्रेंचाइजी चेन्नई

सुपर किंग्स के लिए संजू सैमसन की शुरुआत काफी खराब रही थी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 6, पंजाब किंग्स के खिलाफ 7 और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ वह 9 रन बनाकर आउट हो गए थे। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मैच दिल्ली कैपिटल्स से था। उन्होंने इस मैच में 56 गेंद पर नाबाद 115 रन ठोक दिए।

संजू सैमसन का दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन- संजू सैमसन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 48 रन बनाए। फिर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 7 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने नाबाद 101 रनों की पारी खेली।

'टिकट के लिए मांगे 5 करोड़'

मनोज तिवारी ने छोड़ी TMC, ममता बनर्जी और उनके मंत्रियों पर लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और और तृणमूल कांग्रेस के निवर्तमान विधायक मनोज तिवारी ने मंगलवार को कहा कि उनके लिए 'तृणमूल कांग्रेस का अध्याय अब खत्म हो गया है।' उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने उन्हें हावड़ा की शिबपुर सीट से टिकट देने से इसलिए मना कर दिया क्योंकि उन्होंने पांच करोड़ रुपये देने से इनकार कर दिया था। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज और बंगाल क्रिकेट के इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार में खेल राज्य मंत्री थे। ममता का 15 साल का कार्यकाल हालिया विधानसभा चुनावों में सोमवार को बीजेपी की प्रचंड जीत के साथ ही समाप्त हो गया है। इसके बाद पूर्व क्रिकेट मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार में किए गए भ्रष्टाचार समेत सरकार के काम करने के तरीके को लेकर बड़े खुलासे किए हैं, जो कि टीएमसी की मुसीबतों में इजाफा कर सकता है।

टिकट के लिए मांगे 5-5 करोड़ रुपये - मनोज तिवारी ने पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'इस करारी हार से मुझे बिल्कुल भी हैरानी नहीं हुई है। जब पूरी पार्टी ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो और किसी भी क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ हो तो ऐसा होना ही था।' उन्होंने कहा, 'सिर्फ वही लोग टिकट खरीद पाए जो भारी-भरकम रकम दे सकते थे। इस बार कम से कम 70 से 72 उम्मीदवारों ने टिकट पाने के लिए करीब पांच करोड़ रुपये दिए। मेरे से भी पैसे मांगे गए थे लेकिन मैंने देने से मना कर दिया। यह तो देखिए कि जिन लोगों ने पैसे दिए उनमें से कितने लोग चुनाव जीत पाए हैं।' मनोज तिवारी ने कहा, 'जहां तक तृणमूल की बात है तो मेरे लिए अब वह अध्याय पूरी तरह से खत्म हो चुका है।' तिवारी ने कहा कि उनका राजनीति में आने का कोई इरादा नहीं था, भले ही 2019 में तृणमूल ने उन्हें लोकसभा का टिकट देने की पेशकश की थी। आखिरकार 2021 के विधानसभा चुनावों में उन्होंने शिबपुर से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।

टीएमसी में लोकतंत्र की कमी का लगाया आरोप - मनोज तिवारी ने कहा, 'उस समय मैं आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए खेल रहा था और रणजी ट्रॉफी में खेलने को लेकर गंभीर था जब दीदी (ममता) चाहती थीं कि मैं लोकसभा चुनाव लड़ूं।' तिवारी ने कहा, 'मैंने विनम्रता से मना कर दिया था लेकिन 2021 के चुनावों से पहले दीदी ने एक बार फिर मुझे बुलाया और कहा, 'मनोज मेरे पास तुम्हारे लिए एक संदेश है और अरूप तुम्हें वह संदेश देगा।' मुझे शिबपुर से चुनाव लड़ने के लिए कहा गया और मैंने सोचा कि मैं कुछ सार्थक बदलाव ला सकता हूं।' तिवारी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र की कमी है।

काम में अड़ागा डालने का रवैया- मनोज तिवारी - मनोज तिवारी ने कहा कि हावड़ा जिले में सीवेज और ड्रेनेज प्रणाली के खराब होने की पुरानी समस्या को उनके बार-बार प्रयास करने के बावजूद कभी हल नहीं किया गया। उन्होंने कहा, 'मौजूदा विधायक होने के नाते मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में ड्रेनेज के काम के लिए हर जगह दौड़-भाग करता रहा लेकिन जिन लोगों ने वर्षों तक हावड़ा नगर पालिका पर कब्जा जमाए रखा और चुनाव नहीं होने दिए उन्होंने कभी इसकी परवाह नहीं की।' इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'वे बस विकास कार्यों में अड़ंगा डालते रहते थे जबकि वे बहुत ही बुनियादी काम थे। मैं आपको बता सकता हूं कि मैंने जो कुछ काम

करवाए वे सिर्फ विधायक कोष से ही नहीं बल्कि परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मैंने अपनी जेब से भी पैसे दिए।' मनोज तिवारी ने कहा, 'हर साल दीदी भूमिगत ड्रेनेज प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए एक 'मास्टर प्लान' की घोषणा करती थीं लेकिन बात बस घोषणा तक ही सीमित रहती थी- यानी सिर्फ कोरे वादे।' तिवारी को अपनी छवि को लेकर भी कई लड़ाइयां लड़नी पड़ी जिसमें उन पर यह आरोप भी शामिल है कि उन्होंने अपने चुनाव क्षेत्र में बिल्डरों से जबरन वसूली की थी। उन्होंने हालांकि इस आरोप को हंसी में उड़ा दिया। उन्होंने कहा, 'मैं आपको बता दूं कि जब मैंने 2021 के चुनावों से पहले अपना आय का हलफनामा जमा किया था तो मैंने यह बताया था कि मेरे पास 20 करोड़ रुपये नकद हैं। मैंने 10 साल तक आईपीएल खेला है, 20 साल तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला है और काफी वर्षों तक भारतीय टीम का हिस्सा रहा हूं।

फर्जी आरोपों और अपमान का दाव

पूर्व क्रिकेट ने टीएमसी और ममता बनर्जी पर कई बड़े हमले बोले। उन्होंने कहा, 'मुझे जबरन वसूली के पैसों की कोई जरूरत नहीं है। सात-आठ ऐसे स्थानीय पार्षद थे जो नियमित रूप से दीदी को चिट्ठियां लिखते रहते थे। मुझ पर झूठे आरोप लगाए गए थे।' जाने-माने क्रिकेटर तिवारी को राज्य के खेल मंत्री अरूप बिस्वास से अपमानित महसूस हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि बिस्वास ने अपनी असुरक्षा के कारण उन्हें अपने मंत्री पद के कर्तव्य निभाने की अनुमति नहीं दी। मनोज तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा, 'अरूप दा किसी भी खेल के बारे में क, ख, ग भी नहीं जानते। ऐसे कई कार्यक्रम होते थे जहां अरूप दा और मुझे दोनों को बुलाया जाता था लेकिन मुझे मंच पर नहीं बुलाया जाता था। एक बार डूरंड कप के अनावरण के मौके पर खेल के पन्नों में मेरी तस्वीरें छपी थीं और उसके बाद अगले डूरंड कप से मुझे कोई न्योता ही नहीं मिला।'

मेस्सी की मौजूदगी में हुए हादसे का किया जिक्र

मनोज तिवारी इस बात से खुश हैं कि उन्होंने कोलकाता में महान फुटबॉल लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया जो अंत में एक 'बड़ी गड़बड़' साबित हुआ। इस खराब तरीके प्रबंधित कार्यक्रम की वजह से मशहूर सॉल्ट लेक स्टेडियम में तोड़फोड़ हुई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ को मेस्सी की एक झलक भी ठीक से देखने को नहीं मिली क्योंकि राजनेता और स्थानीय प्रशासक इस स्टार फुटबॉलर के चारों ओर जमा हो गए थे जिसे सुरक्षा कारणों से जल्दी ही वहां से ले जाया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की लेवल दो की कोच परीक्षा पास करने के बाद तिवारी बंगाल की रणजी टीम के मुख्य कोच बनना चाहते हैं। तिवारी ने कहा, 'बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन मंगाए थे। मैंने अपनी बीसीसीआई लेवल दो परीक्षा पास की है और आने वाले समय में मैं कोचिंग को गंभीरता से लेना चाहता हूं।

जब जसप्रीत बुमराह ने फेंकी बार-बार नो-बॉल

लाइव कमेंट्री में भड़क उठे सुनील गावस्कर

नई दिल्ली। जब जसप्रीत बुमराह जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज से एक नहीं, बल्कि बार-बार नो-बॉल होने लगे, तो हैरानी होना लाजमी है। हालांकि, मुंबई के मैदान पर यह नजारा और भी चौंकाने वाला बन गया, जब लाइव कमेंट्री के दौरान महान बल्लेबाज और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर खुद को रोक नहीं पाए और ऑन-एयर ही अपनी नाराजगी जाहिर कर दी।

नो-बॉल की हैट्रिक जैसे हालात और फ्री-हिट ड्रामा के बीच जसप्रीत बुमराह के इस ओवर और सुनील गावस्कर के तीखे रिएक्शन ने इस चर्चा का बड़ा मुद्दा बना दिया। सुनील गावस्कर अक्सर सार्वजनिक तौर पर उन गेंदबाजों के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते रहे हं, जो 'फ्रंट-फुट नो-बॉल' फेंकते हैं।

जसप्रीत बुमराह इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शायद अपने करियर के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सोमवार 04 मई 2026 की रात आईपीएल के मैच में भी उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया। जसप्रीत बुमराह लखनऊ सुपर जांयट्स के खिलाफ विकेट लेने में नाकाम रहे और अपने चार ओवरों में 45 रन लुटा दिये।

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जसप्रीत बुमराह 14वां ओवर लेकर आये। जसप्रीत बुमराह के 14वें ओवर की तीसरी गेंद 'बैक ऑफ लेंथ' थी। यह गेंद नीचे रही और बल्लेबाज हिम्मत सिंह ने अपना बल्ला लगाया, जिससे गेंद का किनारा लगा और वह विकेटकीपर के हाथों में चली गई। हालांकि, इस सबका का कोई मतलब नहीं रहा, क्योंकि 'फ्रंट-फुट नो-बॉल' का सायरन बज गया। यह उस दिन उनकी दूसरी नो-बॉल थी। जसप्रीत बुमराह ने इसके बाद ऑफ स्टम्प के बाहर एक यॉर्कर गेंद डाली जो बहुत ज्यादा वाइड थी और यह एक और एक्स्ट्रा रन बन गया। उन्होंने फ्री-हिट वाली गेंद दोबारा डाली। हिम्मत ने ऑफ साइड की तरफ शॉट खेला और सूर्यकुमार यादव ने कैच लपक लिया। इस बीच बल्लेबाजों ने एक रन ले लिया, लेकिन मुंबई इंडियंस के लिए मामला तब और बिगड़ गया जब 'नो-बॉल' का सायरन फिर बज उठा।

उस समय कमेंट्री कर रहे सुनील गावस्कर ने कहा, ''मुझसे दोबारा मत कहना। मुझसे मत कहना। मुझसे यह मत कहना कि बुमराह ने फिर से नो-बॉल डाल दी है।'' सुनील गावस्कर ने ऑन-एयर कहा, ''यह मंजूर नहीं है। यह मंजूर नहीं है। आप एक प्रोफेशनल क्रिकेटर हैं, यह मंजूर नहीं है। वाइड्स, हां, मैं समझता हूं, लेकिन नो-बॉल, नहीं।''

मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच लसित मलिंगा डगआउट में हल्की मुस्कान के साथ नजर आये। जब कैमरे श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसित मलिंगा की ओर घूमे तब सुनील गावस्कर ने कहा, ''हां, गेंदबाजी कोच। यह एक बड़ी बात है।''

अंबाती रायुडू नई पारी खेलने को तैयार

हैदराबाद क्रिकेट संघ में मिली अहम जिम्मेदारी

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू को मंगलवार (5 मई) को हैदराबाद क्रिकेट संघ के क्रिकेट संचालन का प्रमुख नियुक्त किया गया। हैदराबाद के पूर्व कप्तान 40 वर्षीय रायुडू शुरुआती तीन साल के कार्यकाल के लिए तुरंत प्रभाव से कार्यभार संभालेंगे। रायुडू ने एक्स पर कहा, 'मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि न्यायाधीश पी नवीन राव , एम जीवन रेड्डी (सचिव, एसीए) और एपेक्स काउंसिल ने मुझे एचसीए के क्रिकेट संचालन का प्रमुख नियुक्त किया है।'रायुडू ने कहा कि वह व्यवस्था के कुछ पहलुओं को आसान बनाना चाहते हैं। उन्होंने यहां के टैलेंट पूल और भारतीय टीम के लिए और खिलाड़ी तैयार करने की क्षमता को लेकर भी उत्साह जताया।

चीजों को सुधारने का बढ़िया मौका- भारत के लिए 58 वनडे और छह टी20 खेलने वाले रायुडू ने कहा, 'यह कुछ चीजों को सुधारने का एक बढ़िया मौका है। मैं हैदराबाद और तेलंगाना में क्रिकेट की जबरदस्त प्रतिभा को आगे बढ़ते हुए और देश का प्रतिनिधित्व करने वाले और खिलाड़ी तैयार होते देखने के लिए और भी ज्यादा उत्साहित हूं।'

अंबाती रायुडू का इंटरनेशनल करियर

अंबाती रायुडू ने भारत के लिए 55 वनडे की 50 पारियों में 47.05 के औसत से 1694 रन बनाए। उन्होंने 3 शतक और 10 अर्धशतक लगाए। वह 2019 वर्ल्ड कप में नहीं चुने गए थे।

विराट कोहली के एक वाक्य ने दिनेश कार्तिक को बनाया RCB का मेंटर और बल्लेबाजी कोच, पूर्व विकेटकीपर का खुलासा

संन्यास के बाद दिनेश कार्तिक ने RCB के साथ नई भूमिका शुरू की विराट कोहली और टीम मैनेजमेंट के भरोसे ने उन्हें बैटिंग कोच और मेंटर बनने के लिए प्रेरित किया

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार 30 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच से पहले वार्म-अप सेशन के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मेंटर और बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक (बाएं) के साथ विराट कोहली (बीच में)। दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी खेल से अपना नाता मजबूती से बनाए रखा है। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच और मेंटर की भूमिका में हैं। इस नई पारी के पीछे एक दिलचस्प कहानी छिपी है। आईपीएल 2024 के दौरान मो बोबाट ने उनके मन में कोचिंग का बीज बोया, जिसे आगे बढ़ाने में विराट कोहली के भरोसे और समर्थन ने अहम भूमिका निभाई। यही विश्वास और टीम के साथ उनका गहरा जुड़ाव उन्हें मैदान से ड्रेसिंग रूम तक एक नई जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित कर गया।

दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी खेल से अपना नाता मजबूती से बनाए रखा है। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच और मेंटर की भूमिका में हैं। इस नई पारी के पीछे एक दिलचस्प कहानी छिपी है।

आईपीएल 2024 के दौरान मो बोबाट ने उनके मन में कोचिंग का बीज बोया, जिसे आगे बढ़ाने में विराट कोहली के भरोसे और समर्थन ने अहम भूमिका निभाई। यही विश्वास और टीम के साथ उनका गहरा जुड़ाव उन्हें मैदान से ड्रेसिंग रूम तक एक नई जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित कर गया।

दिनेश कार्तिक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कोचिंग ग्रुप का हिस्सा थे, जिसने पिछले सीजन टीम को अपना पहला IPL खिताब जीतने में मदद की थी। उस सीजन फाइनल में आरसीबी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स को हराया था।

पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने RCB पॉडकास्ट पर बताया है कि खेल के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने के एक साल बाद वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (में बल्लेबाजी कोच और मेंटर कैसे बने।

40 साल के कार्तिक ने बताया, ''यह बात तब सामने आई, जब 2024 में मैं अपना खेल खत्म कर रहा था तो मो ने मुझसे पूछा कि क्या मैं इसमें दिलचस्पी रखूंगा या शामिल होना चाहूंगा। मैं टूर्नामेंट के बीच में था और वह IPL का एक बहुत ही अलग सीजन था। हम सात में से छह या आठ में से सात मैच हार चुके थे, मुझे ठीक से याद नहीं है और हमारे सामने एक बहुत बड़ी चुनौती थी। सच कहूं तो किसी को भी हमसे कोई उम्मीद नहीं थी।''

दिनेश कार्तिक ने बताया, ''...लेकिन मैं उसमें पूरी तरह से जुड़ा हुआ था। खेलते हुए ही हमारी इस बारे में बातचीत चल रही थी और मैं अपनी पत्नी और मो से भी बात कर रहा था। मो मलोलन रंगराजन भी मुझे यह समझा रहे थे कि अगर मैं यह भूमिका निभाऊं तो चीजें कैसी दिखेंगी। उन्होंने कभी मुझसे यह नहीं कहा कि 'ऐसा करो या वैसा करो', बल्कि बस मुझे पूरी तस्वीर दिखा दी कि यह सब कैसा होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

पुलिस ने चोरी का मोबाइल किया बरामद

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)। जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत रफीगंज पुलिस को बुधवार को एक सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी हुए एक मोबाइल फोन को बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया है। यह मोबाइल फोन कुछ समय पहले चोरी हो गया था, जिसकी शिकायत रफीगंज थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप मोबाइल बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी शंभू कुमार ने बताया कि पुलिस ऐसे मामलों में लगातार सक्रिय है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को उनके असली मालिकों तक पहुंचाने का अभियान जारी है। मोबाइल वापस मिलने पर सुबोध कुमार सिंह ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें इतनी जल्दी अपना मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

छह महीने से लापता नाबालिग बरामद

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)। जिले के रफीगंज पुलिस ने बुधवार को छह महीने से लापता 15 वर्षीय नाबालिग बच्चे प्रहलाद कुमार को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। प्रहलाद चरकावा निचली डीह गांव निवासी मुकेश कुमार का पुत्र है। थाना प्रभारी शम्भू कुमार ने बताया कि बच्चे के लापता होने के बाद परिजनों ने रफीगंज थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी के नेतृत्व में बच्चे की तलाश के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम का नेतृत्व एसआई मो. रुस्तम कर रहे थे। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास किए, तकनीकी जांच की और विभिन्न स्थानों पर छापेमारी भी की। अंततः, पुलिस को बच्चे को बनारस से बरामद करने में सफलता मिली। एसआई रुस्तम ने जानकारी दी कि बच्चा पिछले छह महीनों से बनारस में ही रह रहा था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने रफीगंज पुलिस के इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

किसानों को समय पर भुगतान का भरोसा

जिलाधिकारी ने किया अत्याधुनिक गेहूं अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

- 2585 प्रति क्विंटल मिलेगा गेहूं का समर्थन मूल्य
- किसानों को भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।
- केवल गुणवत्तापूर्ण गेहूं की ही खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।
- खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए जीपीएस आधारित व्यवस्था लागू की गई है।
- किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए केंद्र पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीद अभियान की शुरुआत के साथ ही औरंगाबाद जिले में भी अधिप्राप्ति प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई। जिले के कुटुंबा प्रखंड परिसर में नवनिर्मित गेहूं अधिग्रहण केंद्र का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने फीता काटकर किया। इस केंद्र की भंडारण क्षमता 500 मीट्रिक टन है, जिससे बड़ी मात्रा में गेहूं सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जा सकेगा। उद्घाटन समारोह के दौरान डीएम ने जीपीएस युक्त आधुनिक व्यवस्था के माध्यम से गेहूं अधिप्राप्ति की पहली खेप को रवाना किया। प्रशासन का कहना है कि इस तकनीक के उपयोग से खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा और किसानों को बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी। साथ ही फसल खरीद से लेकर भंडारण और परिवहन तक की निगरानी अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगी।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष सरकार ने गेहूं के लिए 2585 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों से केवल गुणवत्तापूर्ण गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाए और किसी भी किसान को केंद्र पर अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "गरीबों में आशा एवं किसानों में विश्वास" की थीम के साथ कार्य किया जाए। खरीदे गए गेहूं का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर सीधे किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजा जाए, ताकि किसानों को आर्थिक रूप से राहत मिल सके और उन्हें भुगतान के लिए भटकना न पड़े।

अभिलाषा शर्मा ने अधिकारियों को केंद्रों की नियमित निगरानी करने और किसानों के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था, तौल मशीन और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम राजेश कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज चौधरी, जिला कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष संतोष सिंह, कुटुंबा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न पैक्स अध्यक्ष और बड़ी संख्या में किसान एवं कर्मी उपस्थित रहे। स्थानीय किसानों ने भी सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि समय पर खरीद और भुगतान की व्यवस्था से उन्हें राहत मिलेगी तथा खुले बाजार में कम कीमत पर फसल बेचने की मजबूरी समाप्त होगी।

औरंगाबाद में आज से सुरक्षा जवान भर्ती कैंप शुरू

- मैट्रिक फेल युवाओं को भी मौका, 15 से 32 हजार तक मिलेगी सैलरी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिला नियोजनालय के माध्यम से निजी सुरक्षा एजेंसी एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में सुरक्षा जवान भर्ती कैंप आयोजित किए जाएंगे। भर्ती प्रक्रिया 7 मई से शुरू होगी और 19 मई तक अलग-अलग प्रखंडों में कैंप लगाए जाएंगे। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि एजेंसी की ओर से प्राप्त रिक्तियों के आधार पर प्रखंडवार भर्ती शिविर लगाने का प्रस्ताव आया था, जिसे स्वीकृति दे दी गई है। इस भर्ती अभियान के तहत सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर और अधिकारी पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

सुरक्षा जवान पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास या फेल दोनों रखी गई है, जिससे कम पढ़े-लिखे युवाओं को भी रोजगार का अवसर मिल सके। वहीं सुपरवाइजर पद के लिए इंटरमीडिएट तथा अधिकारी पद के लिए स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। सुरक्षा जवान पद के लिए आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है और अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 167.05 सेंटीमीटर होना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार से 32 हजार रुपए तक मासिक वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही पीएफ, ग्रेच्युटी, बोनस, मेडिकल सुविधा, बीमा, वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्नति तथा बच्चों की शिक्षा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। एजेंसी ने रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष निर्धारित की है।

भर्ती अधिकारी अंकित कुमार ने जिले के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने नजदीकी प्रखंड में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से कराई जाएगी। भर्ती कैंप 7 मई को बारुण, 8 मई को नवीनगर, 9 मई को कुटुंबा, 11 मई को देव, 12 मई को मदनपुर, 13 मई को रफीगंज, 14 मई को दाऊदनगर, 15 मई को गोह, 16 मई को हसपुरा, 18 मई को ओबरा और 19 मई को औरंगाबाद सदर प्रखंड में आयोजित किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिविर के आयोजन से पहले संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही चयनित और पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची जिला नियोजनालय को उपलब्ध करानी होगी ताकि इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद अभ्यर्थियों के साथ किसी प्रकार की ठगी या अनियमितता नहीं होनी चाहिए। यदि किसी तरह की गड़बड़ी सामने आती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी एजेंसी की होगी।

नाबालिग अपहरण मामले में दोषी को पांच साल की सजा

औरंगाबाद(एसववी.सं.)। औरंगाबाद पुलिस की प्रभावी पैरवी और साक्ष्यों के आधार पर पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे-06 सह स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा की अदालत ने आरोपी विश्वकर्मा पासवान को विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए कुल 5 वर्ष की सश्रम कारावास और 40 हजार रुपये आर्थिक दंड की सजा सुनाई। मामला फेसर थाना कांड संख्या-67/25 से जुड़ा है। 13 जून 2025 को पीड़िता के परिजनों ने फेसर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि आरोपी ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। आरोपी विश्वकर्मा पासवान खैरा सलेम गांव का निवासी है। मामले की जांच के दौरान औरंगाबाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान, ह्यूमन इंटेलिजेंस और एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने वादी और अन्य गवाहों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट तथा एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर मजबूत चार्जशीट अदालत में दाखिल की।

दो बाइकों की जोरदार टक्कर पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए सड़क हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना तेंदुआ पोखर गांव के पास रजोई-बिजोई होते हुए रफीगंज जाने वाली सड़क पर हुई, जहां दो बाइकों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव निवासी 60 वर्षीय चेतन यादव और उनके 40 वर्षीय बेटे मनोज यादव के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। साथ ही परिजनों को भी हादसे की सूचना दी गई। अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में दोनों का इलाज चल रहा है। दुर्घटना में शामिल दूसरी बाइक के चालक को भी चोटें आई हैं, जिसने किसी निजी क्लीनिक में अपना उपचार कराया।

इलाज के दौरान चेतन यादव ने बताया कि उनके बेटे मनोज यादव को दांत में तेज दर्द की शिकायत थी।

मध्यस्थता अभियान को लेकर समिति की बैठक

पारिवारिक और सिविल विवादों के त्वरित निस्तारण पर दिया गया जोर

- वैवाहिक विवाद, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, दुर्घटना दावा, ऋण वसूली और भूमि विवाद जैसे मामलों के निस्तारण पर जोर दिया जा रहा है।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय-सह अध्यक्ष मध्यस्थता निगरानी एवं पर्यवेक्षी समिति अरूण कुमार की अध्यक्षता में मध्यस्थता निगरानी एवं पर्यवेक्षी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक अभियोजक, सरकारी अधिवक्ता, विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधियों के साथ प्रशिक्षित मध्यस्थ और मध्यस्थता समन्वयक-सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल भी उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार ने कहा कि लंबित वादों के त्वरित निस्तारण में मध्यस्थता की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में मध्यस्थता समय की आवश्यकता बन चुकी है और इसके माध्यम से कई मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ समाज और बेहतर पारिवारिक वातावरण के निर्माण में मध्यस्थता का अहम योगदान है। प्रधान न्यायाधीश ने जानकारी दी कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 90 दिनों का विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली और भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों के निस्तारण को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के सहयोग से "मध्यस्थता राष्ट्र के लिये 2.0" विशेष अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसके तहत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर और व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में लंबित मामलों के समाधान की कार्रवाई की जा रही है।

अरूण कुमार ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के साथ-साथ मुकदमा दर्ज होने से पहले भी कई स्तरों पर मध्यस्थता की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है और विभिन्न स्तरों पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर मध्यस्थता समन्वयक-सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने बताया कि विशेष मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने के लिए पारा विधिक स्वयं सेवकों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोगों को इसका सकारात्मक लाभ मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग मध्यस्थता के जरिए विवादों का समाधान कर रहे हैं। बैठक में सरकारी अधिवक्ता बृजा सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, विधि संघ के सचिव जगनारायण सिंह तथा मध्यस्थ अनन्तदेव नारायण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पुनपुन नदी पुल पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही

ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)। ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित पुनपुन नदी पुल पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही धड़ल्ले से जारी है। पुल के प्रवेश द्वार पर 'ओवरलोड वाहन प्रवेश वर्जित' का बोर्ड लगा है, इसके बावजूद प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहन बिना रोक-टोक के गुजर रहे हैं। इससे पुल पर बड़े हादसे का खतरा मंडरा रहा है। सड़क दुर्घटना रोकथाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पुष्कर अग्रवाल, सदस्य सहजानंद कुमार, डीकू आनंद विश्वकर्मा, चंदन सिंह और मुकेश कुमार ने इस स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। स्थानीय लोगों, जिनमें कमलेश कुमार विकल, अशोक शर्मा, बसंत शर्मा, मुकेश सिंह और सुनील यादव शामिल हैं, का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। लगातार भारी वाहनों के दबाव से पुल की संरचना कमजोर होने और उसकी मजबूती पर नकारात्मक असर पड़ने का खतरा बढ़ रहा है।

उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की हुई उच्चस्तरीय समीक्षा

केंद्र सरकार ने लंबित कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश, 25 मई तक भूमि अधिग्रहण पूरा करने का लक्ष्य

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय के सचिव की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति तथा भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला प्रशासन की ओर से एनआईसी सभा कक्ष से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक में जानकारी दी गई कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित एक महत्वपूर्ण बहु-राज्यीय परियोजना है। इस परियोजना को 1 अगस्त 2017 को स्वीकृति मिली थी, जबकि इसका कार्यान्वयन 1 जनवरी 2021 से शुरू हुआ। परियोजना की प्रारंभिक लागत 1622.27 करोड़ रुपये निर्धारित की गई थी, जिसे बाद में संशोधित कर 2430.76 करोड़ रुपये कर दिया गया। वहीं परियोजना की मूल पूर्णता तिथि 31 मार्च 2021 थी, जिसे बढ़ाकर अब 31 मार्च 2026 कर दिया गया है।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि परियोजना की वर्तमान भौतिक प्रगति लगभग 38 प्रतिशत है और निर्माण कार्य में देरी के कारण समय और लागत दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है। बैठक में इस पर चिंता जताते हुए परियोजना से जुड़े लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रगति। बैठक में 24 सितंबर 2025 को दिए गए निर्देशों के अनुरूप परियोजना के लिए ठोस और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही निर्माण कार्यों में अपेक्षित तेजी लाकर परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया गया। भूमि अधिग्रहण की समीक्षा के दौरान गया और औरंगाबाद जिलों की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। गया जिले में वितरण प्रणाली के लिए आवश्यक 96.749 हेक्टेयर भूमि में से 88.045 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है, जबकि 8.704 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण अभी लंबित है।

वहीं औरंगाबाद जिले में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि के विरुद्ध 37.8312 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है, जबकि 3.4198 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। लंबित भूमि में से 2.400 हेक्टेयर भूमि पर सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) का कार्य जारी है। इसके अलावा 0.7853 हेक्टेयर भूमि बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के अंतर्गत निबंधन प्रक्रिया में है तथा 0.2015 हेक्टेयर सरकारी भूमि का अंतरण प्रक्रियाधीन है। राज्य सरकार ने सभी लंबित प्रक्रियाओं को 25 मई 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बैठक में निर्देश दिया गया कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े सभी मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि परियोजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा सके।

अधिकारियों ने कहा कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में व्यापक वृद्धि होगी और जल प्रबंधन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, जिससे किसानों को सीधा लाभ पहुंचेगा।

धान-गेहूं अधिप्राप्ति की समीक्षा : जिलाधिकारी ने सीएमआर आपूर्ति और किसानों के भुगतान में तेजी लाने का दिया निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को खरीफ विपणन मौसम 2025-26 एवं रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत धान अधिप्राप्ति, कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) आपूर्ति, किसानों के भुगतान और गेहूं खरीद की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही अधिप्राप्ति प्रक्रिया और लंबित भुगतानों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध कुल सीएमआर आपूर्ति की प्रगति 52.95 प्रतिशत तक पहुंची है। इसमें रॉ सीएमआर की आपूर्ति 49.54 प्रतिशत और पैराबॉयल्ड सीएमआर की आपूर्ति 66.11 प्रतिशत दर्ज की गई है। जिले के लिए लगभग 1,23,810 मीट्रिक टन सीएमआर आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक लगभग 65,556 मीट्रिक टन सीएमआर की प्राप्ति हो चुकी है।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि राज्य स्तरीय समीक्षा के अनुसार जिले में कुल 242.95 करोड़ रुपये का भुगतान देय है। इसके विरुद्ध अब तक लगभग 139.16 करोड़ रुपये किसानों को भुगतान किया जा चुका है, जबकि करीब 103.79 करोड़ रुपये अब भी लंबित हैं। इस प्रकार भुगतान की प्रगति लगभग 57.28 प्रतिशत रही है। अधिकारियों ने बताया कि भुगतान की प्रक्रिया पीएफएमएस के माध्यम से लगातार जारी है। धान अधिप्राप्ति की समीक्षा में बताया गया कि जिले में अब तक लगभग 1,80,901 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है, जिससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिला है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों के भुगतान में किसी भी स्तर पर देरी नहीं होनी चाहिए तथा बैंक और पीएफएमएस स्तर पर लंबित मामलों का जल्द निष्पादन किया जाए।

मिलरवार समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले के विभिन्न राइस मिलों द्वारा सीएमआर आपूर्ति की जा रही है। इनमें कुंज बहार राइस मिल प्रा. लि., देवांती फूड्स इंडस्ट्रीज प्रा. लि., प्रसांत राइस मिल, नारायण एग्री प्रोडक्ट प्रा. लि., श्री राधे कृष्णा एग्रो प्रोसेसिंग प्रा. लि., जय माँ सत्यचंडी राइस मिल और आदिति देवा मिल्स प्रा. लि. शामिल हैं। हालांकि कुछ मिलरों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप सीएमआर आपूर्ति नहीं किए जाने पर जिला पदाधिकारी ने नाराजगी जताई और लंबित आपूर्ति जल्द पूरी कराने का निर्देश दिया। रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत गेहूं अधिप्राप्ति की समीक्षा में बताया गया कि जिले में अब तक लगभग 818.61 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 18.17 प्रतिशत है। विभिन्न प्रखंडों से कुल मिलाकर करीब 839.61 मीट्रिक टन गेहूं की अधिप्राप्ति दर्ज की गई है। कुटुंबा, देव, गोह, रफीगंज, दाउदनगर, बारुण, ओबरा, नवीनगर, मदनपुर और औरंगाबाद प्रखंडों में गेहूं खरीद की प्रक्रिया जारी है। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सीएमआर आपूर्ति में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए।

आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र शुरू, युवाओं को मिलेगा निःशुल्क संगीत, नृत्य और वाद्ययंत्र का प्रशिक्षण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार द्वारा जिले में कला और संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास के उद्देश्य से आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है। वर्तमान में यह प्रशिक्षण केंद्र महाराणा प्रताप मोड़ स्थित जिला समादेष्टा कार्यालय भवन के बगल में किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है। इस केंद्र के माध्यम से जिले के नवोदित और युवा कलाकारों को अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य तथा वाद्ययंत्रों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नृत्य विधा में कत्थक और भरतनाट्यम की शिक्षा दी जाएगी, जबकि वाद्ययंत्र प्रशिक्षण में हारमोनियम, तबला और नाल शामिल हैं। प्रशिक्षण केंद्र में नामांकन "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक के अंतर्गत प्रत्येक विधा में अधिकतम 40 छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया जाएगा। खास बात यह है कि प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा और छात्रों से किसी प्रकार का मासिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। नामांकन के लिए छात्र-छात्राओं को जन्मतिथि प्रमाण पत्र या आधार कार्ड आयु प्रमाण के रूप में जमा करना होगा। इसके साथ ही तीन पासपोर्ट साइज फोटो देना भी अनिवार्य किया गया है। प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम आयु सीमा 6 वर्ष निर्धारित की गई है। नृत्य प्रशिक्षण लेने वाले छात्र-छात्राओं को घुंघरू, ड्रेस और अन्य आवश्यक सामग्री स्वयं उपलब्ध करानी होगी। प्रशिक्षण केंद्र मंगलवार से रविवार तक दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेगा, जबकि सोमवार को केंद्र बंद रहेगा। छात्र-छात्राओं की संख्या को देखते हुए प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा।

19 मई को लगेगा सहयोग शिविर, पंचायतों में शुरू हुआ प्रचार अभियान

आवेदन जमा करने के लिए घर-घर जाकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर आगामी 19 मई 2026 को आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" को सफल बनाने के लिए जिले की सभी पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से टेंपो और ई-रिक्शा के माध्यम से माइकिंग कर लोगों को शिविर के बारे में जानकारी दी जा रही है और उन्हें अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पहले ही पंचायत सरकार भवन में जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि शिविर के दिन ही प्राप्त आवेदनों का त्वरित और प्रभावी निष्पादन किया जा सके। इसके लिए पंचायत स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है तथा डोर-टू-डोर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि वे समय रहते अपने पंचायत सरकार भवन में आवेदन जमा करें ताकि शिविर के दौरान उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। "सहयोग शिविर" का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों को सरल तरीके से प्राप्त कर उनका त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान करना है। इस योजना के तहत प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहेंगे।

स्पेशल कोर्ट ने किया मामले का निष्पादन शराबबंदी कानून में पति दोषी करार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद स्थित स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण मामले का महज चार माह के भीतर निष्पादन करते हुए आरोपी को शराबबंदी कानून के तहत दोषी ठहराया है। स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मी कांत मिश्रा ने नगर थाना कांड संख्या-16/26 एवं जीआर संख्या-10/26 में निर्णय सुनाया। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि मामले में एकमात्र अभियुक्त कविन्द्र कुमार सिंह, निवासी अरवल, पर उसकी पत्नी ने गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायत में कहा गया था कि अभियुक्त शराब पीकर अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। 8 जनवरी 2026 को भी उसने मारपीट की और नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी कर रिश्ते को शर्मसार किया।

मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने अभियुक्त को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 37 के तहत दोषी ठहराते हुए तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया। हालांकि बीएनएस और पोक्सो एक्ट की धाराओं में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने के कारण अदालत ने आरोपी को उन आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। मामले में अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पीड़िता औरंगाबाद शहर में किराए के मकान में रहती थी।